खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 11°C

हल्द्वानी, सोमवार 23 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा! पेज 2




भारत 'ए' टीम ने जीता महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स का खिताब खेल टाइम्स




मुफ्त रेवड़ी आवंटन: फिक्रमंद अदालत, बेफिक्र सरकार सम्पादकीय



पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, एक ही परिवार के 16 लोगों की मौत पेज 12

## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।

# पुलिस अधिकारी की बेटी के प्राइवेट पार्ट सैनिटाइजर से जलाए

■ गुरुग्राम में लिव-इन पार्टनर ने मारपीट कर न्यूड वीडियो बनाया, यूरिन पिलाया, पीड़िता BSC की छात्रा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टार्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है।

आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था। उसके साथ लगातार मारपीट की गई। इसके बाद युवती ने किसी तरह अपनी मां को कॉल की। फिर मां ने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी को धर दबोचा। साथ ही छात्रा की सीरियस हालत में दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया। रविवार को गुरुग्राम पहुंचीं छात्रा की मां ने भी युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहना है कि उसकी बेटी को तीन दिन तक बंधक बनाए रखा। यूरिन तक पिलाया। पीड़ित छात्रा मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली है और वह गुरुग्राम के एक पीजी में रह रही थी। गुरुग्राम की ही एक यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई कर रही है। एक ऑनलाइन मोबाइल एप के जरिए युवक शिवम के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी दिल्ली के नरेला का रहने वाला है। सितम्बर 2025 में बातचीत शुरू होने के बाद दोनों एक दूसरे से कई बार मिले।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर लगा ब्रेक!



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के नए टैरिफ विवाद के बीच दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अहम बैठक टली

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली अंतरिम व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर बातचीत फिलहाल टल गई है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों की जो अहम बैठक 23 फरवरी से वाशिंगटन में शुरू होने वाली थी, उसे अब आगे की तारीख के लिए टाल दिया गया है। इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार थे और भारतीय टीम तीन दिन तक अमेरिका में चर्चा करने वाली थी।

इस बैठक का मकसद अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप देना था। दरअसल, यह पूरा मामला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ फैसलों से जुड़ा हुआ है। ट्रम्प ने हाल ही में सभी देशों पर पहले 10 प्रतिशत और फिर बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे पहले अमेरिका ने 2025 में भारत पर कुल 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया था, जिसमें से 25 प्रतिशत पहले ही हटाया जा चुका है। ज्ञात रहे कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में ट्रम्प के पुराने टैरिफ फैसलों को अवैध बताया था और कहा था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से ज्यादा कदम उठाए। इसी वजह से अब व्यापार नीति को लेकर स्थिति थोड़ी अनिश्चित बनी हुई है। अगर नई 15 प्रतिशत ड्यूटी लागू होती है, तो यह पहले से लगने वाले आयात शुल्क के ऊपर लगेगी। यानी किसी उत्पाद पर अगर पहले 5 प्रतिशत ड्यूटी है, तो कुल मिलाकर वह 20 प्रतिशत हो जाएगी। दोनों देशों ने पहले ही इस साल मार्च तक अंतरिम ट्रेड डील पर हस्ताक्षर करने और अप्रैल से उसे लागू करने का लक्ष्य रखा था। यह समझौता भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत के करीब 18 फीसदी निर्यात अमेरिका को जाते हैं। 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार करीब 186 अरब डॉलर का रहा था।

# मोदी ने विरोधियों को ललकारा

## मेरठ में कहा: कांग्रेस, सपा और बसपा कर रहीं जहरीली राजनीति

### प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से कहा: हिम्मत है, तो विकास के मुद्दे पर लड़ें

### पीएम मोदी व सीएम योगी ने मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी। दोनों नेताओं ने दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे रैपिड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मेरठ के मोहीउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं, लेकिन इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में चार-पांच शहरों में मेट्रो थी, आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है। मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये एआई ग्लोबल समिट -शेष पृष्ठ दो पर



### महिला सांसदों को भेज, सीट पर कब्जा करके आप पीएम नहीं बन सकते: मोदी

**मेरठ।** पीएम मोदी ने बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास आकर प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस महिला सासंदों को भी निशाने पर लिया। पीएम मोदी ने मेरठ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सांसदों को भेजकर सीट पर कब्जा करने से आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। वहीं उन्होंने एआई समिट के दौरान हुए प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। पीएम मोदी ने कहा, अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है, तो पहले आपको जनता के दिल जीतने पड़ेंगे, महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो।

## एआई समिट में दुनिया को भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिलीं: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं और इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में आज कहा कि 'मन की बात' देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है।

देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और स्टार्ट अप क्षेत्र से जुड़े लोग, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण बिन्दु साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुझे विश्व के नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने विश्व नेताओं को ढेर सारी चीजें दिखाई। मैं दो बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूं। समिट में इन दो उत्पादों ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24गुना 7 एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरा उत्पाद हमारी संस्कृति से संबंधित था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम हमारे प्राचीन ग्रंथों को, हमारे प्राचीन ज्ञान को, हमारी पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, आज की पीढ़ी के अनुरूप घल रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शन के लिए सुश्रुत संहिता का चयन किया गया।

# बांग्लादेश में भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू होगी

■ भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सुविधाएं सोमवार से मिलने लगेंगी

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश ने** भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे। दरअसल, बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए चुनाव से पहले सुरक्षा कारणों के चलते 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पर्यटक वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी। इसी दौरान नेपाल और भूटान जैसे देशों के लिए भी कुछ सेवाएं प्रभावित हुई थीं। अब चुनाव के बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी तरह की वीजा सेवाओं को पूरी तरह बहाल किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, बांग्लादेश के नागरिकों के लिए भारतीय टूरिस्ट वीजा अभी भी पूरी तरह शुरू नहीं हुए हैं, हालांकि कुछ खास श्रेणियों के वीजा जारी किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इसी कड़ी में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ था, जिससे दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का संदेश गया है।

### आईएसआई, बांग्लादेश से संदिग्ध संबंधों के आरोप में आठ लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष सेल ने तमिलनाडु से आठ संदिग्ध आतंकवादियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। आरोप है कि ये सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठनों के निर्देश पर भारत में एक बड़े हमले की साजिश रच रहे थे।




## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार प्लेन क्रैश: 28 फरवरी तक आएगी रिपोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन क्रैश में हुई मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 28 फरवरी तक जारी की जाएगी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट घटना के एक महीने के भीतर 28 फरवरी तक आ जाएगी। इस बीच, अजित पवार की मौत पर राज्य सरकार के रुख को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं।

### चुनाव आयोग राज्यों के चुनाव कार्यालयों के साथ गोलमेज सम्मेलन करेगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, जैश के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

■ सेना ने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में रविवार को सुरक्षाबलों और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें संगठन का शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी मारे गए।।

अधिकारियों के अनुसार यह एनकाउंटर तब शुरू हुआ जब सेना ने छात्रू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। उन्हें दो संदिग्ध आतंकवादियों के इलाके में होने की सूचना मिली थी। सूत्रों के अनुसार कमांडर ने पहले भी कई बार सुरक्षा बलों को चकमा दिया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आतंकियों को ठिकाने लगाया। इस संयुक्त ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और 2 पैरासाफोर्स शामिल थे। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रणनीतिक सटीकता और पूर्ण समन्वय के साथ मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण किया। इस कार्रवाई में दो आतंकी सफलतापूर्वक निष्क्रिय किए गए और उनके पास से 2 एके-47 राइफलें और 5 एके मैगजीन बरामद हुई।

### पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी, ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

**पोरबंदर (गुजरात)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एटीएस) के साथ मिलकर खुफिया सचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था।

## सैन्य ढांचे में सबसे बड़े बदलाव का खाका हुआ तैयार

# संयुक्त थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएं

■ ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार दिखा था कम्पलीट इंटीग्रेशन

■ दावा: नया ढांचा 3 महीने में सामने आएगा

**नई दिल्ली।** देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था।

नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जाइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70 प्रतिशत तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20 प्रतिशत तक संसाधनों की भी बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### युवा वकीलों के साथ कांग्रेस का कानूनी अभियान तेज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कोषाध्यक्ष और सांसद अजय माकन और पार्टी के विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के अध्यक्ष अभिषेक मनु सिघवी ने युवा वकीलों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने और सूचना के अधिकार कानून को मजबूत करने के लिए चार नई पहलों की घोषणा की है। कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता दोनों नेताओं ने इस आशय की घोषणा की है। पहली पहल 'कांग्रेस लीगल शोधार्थी प्रोग्राम' है, जिसके तहत 10 युवा वकीलों को तीन महीने तक सांसदों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। दूसरी पहल 'न्याय, नेता और नागरिक' पॉडकास्ट श्रृंखला है, जिसमें वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता संवैधानिक एवं सामाजिक मुद्दों पर संवाद करेंगे। तीसरी पहल 'रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स' के तहत हर जिले में कम से कम पांच वकीलों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो पार्टी नेताओं को कानूनी सहायता प्रदान करेगा।

### दुल्हन साक्षात्कार देने विकास भवन पहुंची

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में रविवार को एक नवविवाहिता दुल्हन अपने दूल्हे के साथ साक्षात्कार देने विकास भवन पहुंची तो वहां मौजूद लोग हैरान रह गए और यह दृश्य चर्चा का विषय बन गया। संजय पैलेस स्थित विकास भवन में आंगनवाड़ी कार्यकत्री पद के लिए साक्षात्कार चल रहे थे। इसी दौरान फूलों से सजी कार से दूल्हा-दुल्हन का जोड़ा उतरा। पारंपरिक विवाह परिधान में दुल्हन अनीसा सीधे साक्षात्कार कक्ष में चली गईं, जबकि दूल्हा मनोज कुमार बाहर प्रतीक्षा करता रहा। संयोग. वश जिस दिन साक्षात्कार निर्धारित था, उसी दिन दुल्हन की विदाई भी थी।

# रैपिड रेल ने घटाई दिल्ली और मेरठ की दूरी, अब लगेंगे 50 मिनट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले तक मेरठ से दिल्ली की 80-90 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे तक लग जाते थे और जाम की आशंका से लोग दिल्ली जाने से कतराते थे, लेकिन आज एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल और मेट्रो जैसी परियोजनाओं ने इस दूरी को महज 45-50 मिनट में समेट दिया है। श्री योगी ने कहा कि लगभग 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहे आधुनिक भारत की नई पहचान बताया। मुख्यमंत्री यहां नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो विस्तार कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनों और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के माध्यम से एक शहर को दूसरे शहर से तेज, सुरक्षित और अत्याधुनिक ढंग से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा गौतमबुद्ध नगर में नए औद्योगिक संयंत्र की आधारशिला रखी गई है, जो भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत की प्रगति का प्रतीक है। वैश्विक शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने भारत की विकास यात्रा की सराहना की है। डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 140 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल पहचान मिली है।

# देश के किसान धरती के सच्चे साधक: पीएम मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ आज का किसान परंपरा और तकनीक, दोनों को साथ लेकर चल रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के किसानों की मेहनत और नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश के किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि धरती के सच्चे साधक हैं। उन्होंने कहा कि आज का किसान परंपरा और तकनीक, दोनों को साथ लेकर चल रहा है।

अब किसान सिर्फ ज्यादा उत्पादन पर ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन (गुणात्मक जुड़ाव) और नए बाजारों पर भी ध्यान दे रहा है। मोदी ने ओडिशा के युवा किसान हिरोद पटेल का उदाहरण देते हुए कहा कि आठ साल पहले तक हिरोद पिता शिव शंकर पटेल के साथ पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते थे। बाद में उन्होंने खेती को नए नजरिए से करते हुए तालाब के ऊपर जालीदार ढांचा बनाकर उस पर बेल वाली सब्जियां उगाईं। तालाब के आसपास केले, अमरूद और नारियल लगाए और तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। इस तरह एक ही जगह पर धान, सब्जी, फल और मछली का उत्पादन हो रहा है। इससे जमीन और पानी का बेहतर उपयोग हुआ और आय भी बढ़ी। आज कई किसान उनका मॉडल देखने आते हैं। मोदी ने इसी क्रम में केरल के त्रिसूर जिले के एक गांव का भी जिक्र किया, जहां एक ही खेत में 570 तरह की धान की किस्में उगाई जाती हैं। इनमें स्थानीय, हर्बल और दूसरे राज्यों से लाई गई किस्में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल खेती नहीं, बल्कि बीजों की विरासत को बचाने का अभियान है। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है।

### डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात कार्यक्रम' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों से सतर्क रहने कहा आह्वान करते हुए कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन अभी भी कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं।

### अंकपत्र से तय नहीं होता विद्यार्थियों का मूल्य: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में बोर्ड और वार्षिक परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का मूल्य उनके अंकपत्र से तय नहीं होता। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो पढ़ा है, उसे आत्मविश्वास के साथ लिखें और अगर कोई सवाल न आए तो उसे मन पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि इस समय देश के बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं।

## बहुजन मिशन को आगे बढ़ाना ही लक्ष्य: मायावती

# पूंजीपतियों के प्रभाव में काम कर रहे अन्य दल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मिशन 2027 से पहले रणनीतियों को धार देने में जुटी बसपा लखनऊ में मायावती की अध्यक्षता में हुई बैठक

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा कि देश भर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं। बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामा. जिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी।

सुश्री मायावती की अध्यक्षता में रविवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय में आयोजित ऑल इंडिया बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और देश के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही संसद में हाल के टकराव और गतिरोध सहित जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए बेहतर राजनीतिक और सामाजिक माहौल की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बैठक में राज्यवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा। सुश्री मायावती ने अन्य राजनीतिक दलों पर बड़े पूंजीपतियों के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा अपने समर्थकों के सहयोग से चलने वाली पार्टी है और संविधान के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों की नीतियों और कार्यशैली के कारण उनकी विश्वसनीयता कम हो रही है, जबकि बीएसपी अपने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर चलते हुए लोगों के बीच नई उम्मीद के रूप में उभर रही है। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बहुजन समाज के हितों के लिए संघर्ष जारी रखें और पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। साथ ही उन्होंने ऐसे लोगों से सावधान रहने की भी सलाह दी, जो व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण बहुजन आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा मायावती ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों, विशेषकर अमेरिका के साथ होने वाली व्यापारिक डील को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश के किसानों और बहुजन समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले करने चाहिए, ताकि उनके अधिकार और भविष्य सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के मिशन को आगे बढ़ाना है और पार्टी इस लक्ष्य को हर हाल में हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अच्छे दिन कहां आए, अभी तक हकदारों को नहीं मिला हक

ज्वलन्त जनसमस्याओं के निदान के साथ-साथ देश में बेहतर राजनीतिक व साम्प्रदायिक माहौल की जरूरत पर बल दिया गया, ताकि अपने थोड़े अच्छे दिन के हकदार करोड़ों गरीब एवं मेहनतकश लोगों को आत्म सम्मान के साथ जीने का वाजिब हक उन्हें उनके जीते जी मिल सके। इस बैठक में मायावती ने सबसे पहले 9 दिसम्बर 2025 को ऑल इंडिया की नई दिल्ली में हुई पिछली बैठक में पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर दिए गए जरूरी दिशा-निर्देशों को लेकर राज्यवार प्रगति रिपोर्ट ली।

# मेरठ से मिशन 2027, जाट बेल्ट को साधने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जयंत चौधरी की मौजदूगी ने किया इस ओर इशारा

**लखनऊ/मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल इलाके में अपनी राजनीतिक पकड़ को फिर से धार देने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी रविवार को मेरठ में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को निर्णायक मोड़ के रूप में देख रही है।

माना जा रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विकास परियोजनाओं के उद्घाटन को राजनीतिक संदेश में बदलकर प्रभावशाली सामाजिक समी करणों को साधने की रणनीति तैयार की गई है। किसान आंदोलन के बाद पार्टी से दूरी बना चुके जाट मतदाताओं को पुन: साथ लाना इस रैली का अहम लक्ष्य माना जा रहा है। लोकसभा चुनावों में हुए संभावित नुकसान की भरपाई की दृष्टि से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण समझा जा रहा है। मंच पर प्रधानमंत्री के साथ जाट नेता एवं कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी की मौजूदगी को इसी व्यापक सामाजिक संतुलन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो के उद्घाटन के बाद मोहिउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा को केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे व्यापक मतदाता वर्ग तक सशक्त राजनीतिक संदेश पहुंचाने की रणनीति का हिस्सा समझा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह आयोजन शक्ति-प्रदर्शन का रूप ले सकता है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010







## अर्थ व्यापार






# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में कमी का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयात शुल्क में कमी के कारण अगले सप्ताह भी तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर दिया। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर एक समान 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके लिए जारी आदेश में कहा गया है कि यह दर 24 फरवरी से लागू होगी। ट्रम्प ने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर बताया कि 10 प्रतिशत को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, हालांकि इसके लिए अबतक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। यह देखते हुए कि भारत के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका ने 18 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया है, दरों में और कमी से निवेशक बाजार में लिवाल रह सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई क ा सेंसेक्स 187.95 अंक (0.23 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 100.15 अंक यानी 0.39 फीसदी चढ़कर 25,571.25 अंक पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.18 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो, आईटी और मीडिया समूहों में साप्ताहिक गिरावट रही जबकि बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, धातु और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। खासकर सार्वजनिक बैंकों में जबरदस्त तेजी रही।


# मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित रेल इंजन

**वाराणसी।** बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बरेका) ने लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की तकनीकी क्षमता और औद्योगिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है।

बरेका द्वारा निर्मित 3300 हॉर्सपावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी 2026 को मोजाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह उपलब्धि बरेका की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता तथा भारतीय रेल की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख का महत्वपूर्ण प्रमाण है। बरेका को मोजाम्बिक के लिए 3300 हॉर्सपावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों के निर्माण एवं निर्यात का आदेश प्राप्त हुआ था। इस अनुबंध के तहत सभी लोकोमोटिवों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में चरणबद्ध रूप से पूरा किया गया। ये लोकोमोटिव एम/एस राइट्स के माध्यम से निर्यात अनुबंध के अंतर्गत आपूर्ति किए गए। यह समयबद्ध निर्यात भारतीय रेलवे की उत्पादन दक्षता, तकनीकी विश्वसनीयता एवं निर्धारित समय पर निष्पादन क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करता है। बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्सपावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक की गति से संचालित हो सकते हैं।

# चावल, दालों में रही साप्ताहिक तेजी चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 13 रुपये गिरकर 3,328 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। सोया तेल की औसत कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 145 रुपये और सूरजमुखी तेल में 100 रुपये की गिरावट रही। मूंगफली तेल 99 रुपये सस्ता हुआ। सरसों तेल 56 रुपये और वनस्पति 53 रुपये फिसल गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 79 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। उड़द दाल 64 रुपये और चना दाल 46 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 38 रुपये और मूंग दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। वहीं चीनी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल-दलहन: दाल चना 7762.95 रुपये, मसूर काली 8058.82 रुपये, मूंग दाल 10154.05 रुपये, उड़द दाल 10711.44 रुपये, तुअर दाल 11131.36 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857-50 रुपये और चावल 3835.64 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3328.07 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4302.76 रुपये और गुड़ 4982.54 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा: अजय

■ शाहजहांपुर में बोले यूपी कांग्रेस अध्यक्ष- शंकराचार्य हम सबके पूजनीय

**शाहजहांपुर/अमेठी।** शाहजहांपुर में यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य हम सबके पूजनीय हैं, उन्होंने प्रदेश सरकार पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को षड्यंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि ये सनातन धर्म का अपमान है, शंकराचार्य हम सबके लिए भगवान स्वरूप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनके शिष्यों को गलत मुकदमे में फंसा रही है। दूसरी ओर अमेठी में पूर्व एमएलसी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर अजय राय ने कहा कि हमारे यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो किया बिल्कुल ठीक किया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के ऊपर क्या कार्रवाई की भाजपा ने? इससे देश का अपमान हुआ, देश के वैज्ञानिकों का अपमान हुआ और यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो सच्चाई दिखाई है, वह निश्चित तौर से सही कार्य किया है और हम लोग उनका पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारे झांसी के यूथ कांग्रेस के बच्चे को उठाया गया, ललितपुर में बच्चे को उठाया गया। उन्होंने आरा. प लगाया कि तमाम निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, हम सब कांग्रेस के लोग सब उनके साथ हैं और अत्याचार व अन्याय को सरकार तुरंत बंद करे। उन्होंने कहा कि इस कृत्य से पूरी दुनिया में भारत का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी यूथ कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन का समर्थन किया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मेरठ में...** भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था। मोदी ने कहा कि पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे, तो अपने साथी को भी बोलने का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं नम्रतापूर्वक देश के मीडिया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि कृपा करके हम जब इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें, तो इस तरह की हेडिंग न बनाएं कि मोदी ने विपक्ष को धो डाला। ये विपक्ष-विपक्ष करके आप कांग्रेस को बचा रहे हैं। विपक्ष में जो और साथी बैठे हैं, वो भी समझ गए हैं कि पाप कांग्रेस करती है और भुगतना उन्हें पड़ता है।

# मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा!

लखनऊ, वार्ता



■ शंकराचार्य को लेकर अखिलेश का सीएम योगी पर बड़ा हमला

सपा मुखिया एवं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमे को लेकर सीएम योगी पर तीखा हमला बोला और कहा कि रामभद्राचार्य को तो पहले ही जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन के मजबूत होने का दावा किया और धार्मिक नेताओं के अपमान व सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने विकास कार्यों और सीएम की जापान यात्रा पर भी सवाल उठाए।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान पर अखिलेश यादव ने कहा कि गुरु नानक जी ने कहा था कि कान छेदाने से कोई योगी नहीं बन सकता। इसी कड़ी में उन्होंने रामभद्राचार्य को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि उनके बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए, लेकिन अगर यह उनका चेला है, तो मुझसे बड़ी गलती हुई है। उनके खिलाफ 420 का मुकदमा था, हमने वापस ले लिया था। उन्हें उसी समय जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बचने वाली नहीं है। जनता ने पहले ही इसे अस्वीकार कर दिया है, अब तो सिर्फ वोटिंग का इंतजार है। उन्होंने पार्टी में नए सदस्यों का स्वागत किया, इस दौरान एआई समिट को लेकर टिप्पणी करते हुए सीएम की जापान यात्रा पर सवाल उठाया, साथ ही उन्होंने धार्मिक नेताओं के अपमान और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए करारा प्रहार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता की पीड़ा बढ़ रही है, इसी के साथ पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन मजबूत हो रहा है। उन्होंने मुनिदेव शर्मा, राहुल सिंह, गोपाल सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, करण सिंह, रामलाल वाल्मीकि, शेखर सैनी, दीपक चौधरी को अन्य साथियों को पार्टी में शामिल कराया। एआई समिट को लेकर अखिलेश ने विपक्ष और अपने नेता माता प्रसाद पांडेय की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि इधर सीएम योगी जापान जा रहे हैं, वहां जापान का एक डॉग बहुत फेमस हुआ था दुनिया में, टेक्नोलॉजी को लेकर स्टार्टअप हो रहे हैं, ये हमारी समस्या का समाधान के लिए हैं, लेकिन सीएम हमसे बहुत आगे हैं। अखिलेश यादव ने गीता के एक श्लोक का हवाला देते हुए कहा कि इसमें लिखा है कि माया में रहकर माया से दूर रहें, वो योगी हैं। उन्होंने शंकराचार्य के अपमान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उनके साथ क्या व्यवहार हो रहा है? जिस समय शिखा को पकड़कर अपमानित किया जा रहा था, उस समय यह लोग कहां थे? हमारी सनातनी व्यवस्था में किसी शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोका नहीं गया, लेकिन ये पहली बार हुआ है। अखिलेश ने 20 साल पुरानी घटना का जिक्र किया और कहा कि शंकराचार्य को अपमा. नित करने के लिए किसको ढूंढकर लाए?

### 100 विधायक लाइए और सीएम बन जाइए

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को सीएम पद ऑफर किया है। उन्होंने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम में से कोई भी 100 विधायक लाइए और सीएम जाइए। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पहले भी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, चलों एक बार फिर दे देते हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक में से कोई भी 100 विधायक अपने साथ ले आए और मुख्यमंत्री बन जाए। इससे अच्छा ऑफर उन्हें कहीं नहीं मिलेगा। अखिलेश यादव इससे पहले भी कई बार केशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दूसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को भी सीएम पद ऑफर किया है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि केशव और ब्रजेश पाठक इस पर कैसे और क्या प्रतिक्रिया देंगे।

# उत्तराखंड सदियों से रहा संस्कृत अध्ययन व शोध का केंद्र : सीएम



**मुख्य सेवक सदन में संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, विद्यार्थियों को प्रदान की गार्गी बालिका संस्कृत छात्रवृत्ति, डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संस्कृत छात्रवृत्ति**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने गार्गी बालिका संस्कृत छात्रवृत्ति, डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संस्कृत छात्रवृत्ति भी विद्यार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केन्द्र एवं ई-संस्कृत संभाषण शिविर का वर्चुअल शुभारंभ और उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के त्रैमासिक पत्र संस्कृत वार्ता का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से संस्कृत अध्ययन और शोध का केंद्र रही है। राज्य में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। सभी जनपदों में आदर्श संस्कृत ग्रामों की स्थापना की गई है। उत्तराखंड में संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है। राज्य में पहली बार 'गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना' की शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की पहचान ऊँचे पर्वतों और ऐतिहासिक मंदिरों से ही नहीं, बल्कि ज्ञान और आस्था की भाषा देववाणी संस्कृत से भी है। वेदों से लेकर उपनिषदों तक, रामायण से लेकर महाभारत तक, आयुर्वेद से लेकर खगोलशास्त्र तक, गणित से लेकर दर्शनशास्त्र तक हमारे ज्ञान की जड़ें संस्कृत में ही निहित हैं। संस्कृत हमारे अतीत की स्मृति मात्र नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की संभावना भी है। संस्कृत की सबसे बड़ी विशेषता इसका वैज्ञानिक व्याकरण है। पाणिनि द्वारा रचित अष्टाध्यायी आज भी विश्व के भाषाविदों के लिए आश्चर्य का विषय है। आज विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में संस्कृत की वैज्ञानिकता पर विभिन्न प्रकार के शोध किए जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में संस्कृत को आधुनिक और व्यवहारिक भाषा के रूप में स्थापित करने के विशेष प्रयास किए गए हैं। संस्कृत साहित्य को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कराया जा रहा है। एआई के माध्यम से संस्कृत ग्रंथों को नए स्वरूप में सबके सामने रखा जा रहा है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, खजान दास, सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाकान्त पाण्डेय, निदेशक संस्कृत शिक्षा कंचन देवराड़ी मौजूद थे।

### उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार आयोजित कर रही कई कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार के माध्यम से अखिल भारतीय शोध सम्मेलन, अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन, अखिल भारतीय वेद सम्मेलन, अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन, संस्कृत शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला और संस्कृत छात्र प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्कृत विद्यार्थियों के लिए सरकारी सहायता, शोध कार्यों में सहयोग एवं रोजगार के अवसर सुनिश्चित कर इसे नई पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### राज्य में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवाचार किए : डॉ. रावत

संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवाचार किये हैं। संस्कृत विश्वविद्यालय में सुविधाओं को बढ़ाया गया है। प्रत्येक जनपद में एक-एक संस्कृत ग्राम बनाये गये हैं। संस्कृत को बढ़ावा देने के अलग स्टिम बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं।

# कांग्रेस का हाथ, उत्तराखंड विरोधी सपा के साथ : दीप्ती रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के संभावित गठबंधन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखंड की प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि समाजवादी पार्टी का उत्तराखंड की राजनीति में न तो कोई जनाधार है, न संगठनात्मक अस्तित्व और न ही कोई वोट बैंक। ऐसे दल के साथ कांग्रेस का गठबंधन उसकी राजनीतिक दिवा. लियापन और सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने की मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वह दल है, जिसने हमेशा उत्तराखंड राज्य के गठन का विरोध किया। जब पूरा प्रदेश अलग राज्य की मांग को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहा था, तब यही ताकतें आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास कर रही थीं। उत्तराखंड आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज करवाया गया, माताओं-बहनों के साथ अभद्र व्यवहार हुआ और जनभावनाओं का दमन किया गया ख्र यह इतिहास प्रदेश की जनता कभी नहीं भूल सकती।

दीप्ति रावत ने कहा कि आज कांग्रेस का ऐसे दल के साथ हाथ मिलाना यह सिद्ध करता है कि कांग्रेस भी उत्तराखंड की भावनाओं के साथ कभी ईमानदार नहीं रही। जो दल राज्य निर्माण की भावना के विरोध में खड़े रहे, आज वही राजनीतिक स्वार्थ के लिए साथ आने का नाटक कर रहे हैं। यह गठबंधन उत्तराखंड की अस्मिता और बलिदानी आंदोलनकारियों का अपमान है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता सजग है और वह जानती है कि कौन प्रदेश के स्वाभिमान के साथ खड़ा रहा और कौन केवल राजनीतिक अवसरवाद में लिप्त रहा। भारतीय जनता पार्टी सदैव राज्य आंदोलन की भावना, शहीद आंदोलनकारियों के सम्मान और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है।

अंत में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता इस अवसरवादी और विचारहीन गठबंधन को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी।

# मन की बात कार्यक्रम जन-जन को प्रेरित करने वाला माध्यम : धामी



**मुख्यमंत्री ने जन प्रतिनिधियों और संस्कृति स्कूल के बच्चों के साथ सुना प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 131वां एपिसोड**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में जन प्रतिनिधियों और संस्कृति स्कूल के बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन-जन को प्रेरित करने वाला माध्यम है, जो नवाचारों, सामाजिक एकता तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रोत्साहित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस एपिसोड में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक शिखर सम्मेलन, अंगदान की प्रेरणादायक कहानियां तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी से सावधानी बरतने पर जोर दिया।

उन्होंने प्रदेशवासियों से पइन संदेशों को अपनाने तथा ।स्वास्थ्य जागरूकता एवं डिजिटल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजानदास, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौंरियाल मौजूद थे।

## जोशी ने पूर्व सैनिकों का भाजपा परिवार में किया स्वागत

**देहरादून।** भाजपा मुख्यालय में पूर्व सैनिकों द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर सभी पूर्व सैनिकों को प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बधाई दी और उनका पार्टी परिवार में स्वागत किया।सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि पूर्व सैनिक देश की असली ताकत और अनुशासन के प्रतीक होते हैं। "देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे वीर सैनिक जब राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आते हैं, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित, मजबूत और आत्मनिर्भर बन रहा है। बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों का भाजपा परिवार में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्रहित की राजनीति को जनता और सैनिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है।"

# विराट हिंदू सम्मेलन समाज को जोड़ने का प्रभावी मंच : जोशी



**कैबिनेट मंत्री ने किया देहरादून के दून विहार, कैनाल रोड एवं राजपुर वार्ड में आयोजित हिंदू सम्मेलन में प्रतिभाग**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के वार्ड 06 दून विहार, वार्ड 07 राजपुर तथा वार्ड 04 राजपुर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय नागरिकों से बढ़-चढ़कर उपस्थिति दर्ज की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित करते हुए उनके समर्पण एवं सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने मीडिया को जारी बयान में कहा कि स्वच्छता प्रहरी समाज के वास्तविक नायक हैं, जो अपने कर्तव्य के माध्यम से शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सम्मेलन में बच्चों द्वारा देशभक्ति, भगवान राम तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी में संस्कार, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संचार करते हैं। कैबिनेट मंत्री ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और सामूहिक शक्ति को संगठित करने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन 2026 केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज को जोड़ने, चेतना जागृत करने और राष्ट्रभाव को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हैं।

वार्ड 06 दून विहार में वक्ता के तौर पर शिशु मंदिर मसूरी के प्रधानाचार्य मनोज रयाल, होम्योपैथिक वैध स्वामी कपिलेन्द्र चौतन्य, कन्या गुरुकुल की आचार्य डा0 अन्नपूर्णा, वार्ड 07 जाखन में वक्ता के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्मगिरी महाराज, पर्यावरणविद् ममता पांगती नागर तथा भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रवीन मंमगाई रहे। वही, वार्ड 04 राजपुर में आरएसएस से सुरेन्द्र एवं गंगा सभा के सचिव उज्जवल पंड़ित ने विराट हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित किया।

# खिलाड़ियों, किसानों और युवाओं के प्रति प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता प्रेरणादायक : रेखा आर्या



**कैबिनेट मंत्री ने डालनवाला मंडल में सुना प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम कहा - कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उल्लेख करना कभी नहीं भूलते प्रधानमंत्री**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने राजपुर विधानसभा क्षेत्र के डालनवाला मंडल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रत्येक संबोधन ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा से परिपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में उन्हें विशेष रूप से यह बात अत्यंत उत्साहजनक लगी कि प्रधानमंत्री खिलाड़ियों का उल्लेख करना कभी नहीं भूलते। टी-20 वर्ल्ड कप का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि विश्व की विभिन्न टीमों में भारत के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, जो देश की खेल क्षमता और वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

कैबिनेट मंत्री ने केरल में एक बालि. का द्वारा अंगदान के माध्यम से आठ लोगों को जीवनदान देने की प्रेरक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी कहानियाँ समाज को नई दिशा देती हैं और सेवा, संवे. दनशीलता व मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाती हैं।

डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी जैसे बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को केवाईसी या री-केवाईसी के नाम पर आने वाले फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। डिजिटल युग में यह जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

किसानों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव देश के अन्नदाता को अपनी प्राथमिकताओं में रखते हैं। उनके प्रत्येक संबोधन में किसानों के उत्थान और कल्याण की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री का संदेश उनके दूरदर्शी नेतृत्व और देश के भविष्य के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व एक ऐसे विजनरी नेता के हाथों में है, जो वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की भी चिंता करते हैं और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पूनम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशीष, हरीश, राजेंद्र, ओम कक्कड़, अशोक वर्मा, दीपचंद, रोहन चंदेल, रायपुर गंगोला, मो. हनलाल वर्मा, मदन मोहन नेगी, इंदू बाला, मोती राम, नवीन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माफी के बाद मुद्दे को तूल देना गैर जरूरी: भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने शिक्षा निदेशक के साथ हुए विवाद मे रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ से जवाब तलब और उनके द्वारा घटना के लिए माफी मांगे जाने के बाद, सभी से इस प्रकरण को अनावश्यक तूल नहीं देने का आग्रह किया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संयम रखने की जरूरत है। फिलहाल मुकदमा दर्ज है और कानूनी कार्रवाई को समय दिए जाने की आवश्यकता है। वहीं विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायकों ने ऑफिस में मारपीट के साथ घर में पत्थरबाजी की गई, लेकिन आज तक माफी नहीं मांगी। हम तो स्पष्टत: ऐसी घटनाओं की भर्त्सना करते हैं।मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को पार्टी ने पूरी गंभीरता से लिया है, जिसके बाद देर रात विधायक श्री उमेश काऊ ने उनके सामने अपना पक्ष रखा है। जिसमें उनके द्वारा घटना को लेकर खेद भी जताया गया। फिलहाल विधायक द्वारा समर्थकों के साथ शिक्षा अधिकारी की घटना के लिए सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली गई है। मुझे लगता है कि अब इस मुद्दे पर अनावश्यक चर्चा या तूल देने से सभी को बचना चाहिए। वहीं स्पष्ट किया कि पार्टी किसी भी तरह के उपद्रव, अराजकता या अशोभनायीय व्यवहार के पक्ष में नहीं है, चाहे वह जनप्रतिनिधि हो, पार्टी पदाधिकारी हो, कार्यकर्ता हो अथवा अन्य कोई व्यक्ति। वहीं अधिकारी कर्मचारियों को भी ध्यान रखना चाहिए कि वे जनप्रतिनिधियों से किस तरह का व्यवहार करें। यह हमारी देवभूमि है और इस तरह का कोई भी व्यवहार न राजनैतिक दलों को स्वीकार है और न ही समाज इसे स्वीकार करता है। लिहाजा सभी को संयम रखना चाहिए। अब चूंकि पूरे मामले को लेकर एफआईआर भी दर्ज हो गई है, लिहाजा कानूनी प्रक्रिया को समय दिए जाने की जरूरत है।वहीं कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा उन्हें अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। क्योंकि प्रदेश ने देखा है किस तरह उनके विधायकों द्वारा आईएएस अधिकारियों के साथ मारपीट की गई और कैसे उनके एक विधायक ने तो अधिकारी के घर जाकर पत्थरबाजी की। सत्यता यह है कि हम आज भी ऐसी घटनाओं की कड़ी भर्त्सना करते हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी के किसी भी प्रदेश अध्यक्ष, नेता या विधायक ने अपनी पार्टी विधायकों द्वारा की गई ऐसी घटनाओं के लिए आज तक माफी नहीं मांगी।

# देहरादून में 30वें 'दिव्य कला मेला' का भव्य उद्घाटन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में रविवार को रेंजर्स मैदान में 30वें 'दिव्य कला मेला' का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से नि) गुरमीत सिंह ने कहा- "दिव्य कला मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेरणा और उत्साह का एक सशक्त मंच है, जो भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में दिव्यांगजनों की निर्णायक भूमिका को रेखांकित करता है।" उन्होंने कहा कि यहां प्रदर्शित रचनात्मकता केवल कला नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की जीवंत अभिव्यक्ति है।

कार्यक्रम में विधायक खजान दास,दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निदेशक प्रदीप ए. ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### चालू वर्ष के बजट में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों की खरीद और फिटिंग के लिए 375 करोड़ का प्रावधान : वर्मा

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने दिव्यांग. जनों को मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त आधार तैयार किया है। उन्होंने जानकारी दी कि चालू वर्ष के बजट में आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से सहायक उपकरणों की खरीद और फिटिंग के लिए 375 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती:राज्य लक्ष्मी शाह

कार्यक्रम में सांसद, टिहरी, माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कहा कि दिव्य कला मेला जैसे आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के प्रेरक माध्यम हैं। उन्होंने केंद्र सरकार और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे राष्ट्रीय आयोजन उत्तराखंड जैसे राज्यों को नई पहचान और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# सीमावर्ती राज्य में आईटीबीपी की भूमिका महत्वपूर्ण : सीएम



**मुख्यमंत्री धामी से मिले डीजी आईटीबीपी, सीमांत क्षेत्रों के विकास और सुरक्षा समन्वय पर सरकार का फोकस तेज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य की सीमाओं की सुरक्षा, सीमांत क्षेत्रों में विकास कार्यों तथा आपदा प्रबंधन में समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अंत. रराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में आईटीबीपी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्य में आईटीबीपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में तैनात जवान न केवल देश की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में भी सहभागी बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सीमांत जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, स्वास्थ्य, संचार और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और आईटीबीपी के बीच बेहतर समन्वय से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी।

डीजी आईटीबीपी शत्रुजीत कपूर ने मुख्यमंत्री को सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, आधुनिक संसाधनों तथा बल की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आईटीबीपी को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया।बैठक में आपदा प्रबंधन, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में आईटीबीपी की सक्रिय भूमिका पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय आईटीबीपी ने सदैव तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर प्रदेशवासियों का विश्वास जीता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि "सुरक्षित सीमा, सशक्त उत्तराखंड" के संकल्प के साथ राज्य सरकार सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है, ताकि सीमांत क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास की त्रिस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री धामी ने भविष्य में राज्य सरकार और आईटीबीपी के मध्य नियमित संवाद एवं प्रभावी समन्वय की अपेक्षा की।

# सभी वर्गों को एकजुटता का दिया संदेश

## संघ का शताब्दी वर्ष: अल्मोड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को अल्मोड़ा के सिमकनी मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदुत्व, सामाजिक समरसता पर मंथन के साथ ही हिंदू समाज के सभी वर्गों से एकजुट होने की अपील की। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांत बौद्धिक प्रमुख रेखा जोशी और आरएसएस के शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील ने अपने-अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि संघ के लोगों ने हमेशा हिंद‌ुओं को जगाने का काम किया है। हिंदू समाज के लोग अपनी संस्कृति को छोड़कर विदेशी संस्कृति को ओर भाग रहे हैं, जिसके भविष्य में गंभीर परिणाम होंगे। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य केवल




संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि चरित्रवान, राष्ट्रनिष्ठ और समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करना है। कहा कि हिंदुत्व किसी एक पंथ या वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सेवा, संस्कार और सत्य समाहित हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकजुट रखते हुए सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है। वहीं, हिंदू सम्मेलन के मौके पर युवाओं ने नगर के लक्ष्मेश्वर तिराहे मालरोड होते हुए कार्यक्रम स्थल सिमकनी खेल मैदान तक बाइक रैली निकाली। इस दौरान बाइक रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। वहीं, महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज धज चौघानपाटा से सिमकनी तक पैदल मार्च निकाला। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारे से गुंजामय हो उठा। हिन्दू सम्मेलन के शुभारंभ मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें हास्य कलाकार मोहन ने कॉमेडी और अमित भट्ट के मार्गदर्शन में देवभूमि सांस्कृतिक समिति से जुड़े कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, नारायण थापा एवं पीरूल संस्था की ओर से शानदार छोलिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज और त्रिपुरा सुंदरी महिला समिति का उल्लेखनीय सहयोग रहा। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, गोविंद पिलख्वाल, भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, रवि रौतेला, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, चंद्र प्रकाश फुलोरिया, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह कनवाल, शैलेंद्र साह, कुंदन लटवाल, अमित साह मोनू, संजय बिष्ट, सुनील बिष्ट, सुंदर मटियानी, प्रकाश भट्ट, दर्शन रावत, नीरज सांगा, डा. वसुधा पंत, प्रियांशु डसीला, भूपेंद्र कनवाल, राहुल कनवाल, मनीष, भूमित, वीरेंद्र, एके सिंकदर पवार, कैलाश गुरुरानी, नमन गुरुरानी, मंगल बिष्ट, नवीन बिष्ट, अर्जुन सिंह, विनोद कनवाल, भूपेंद्र आर्या, रेखा आर्या, जगमोहन बिष्ट, सौरव वर्मा, मनोज तिवारी, सुनील कर्नाटक मौजूद रहे।

### ठंड में धधकी आग

**अल्मोड़ा।** जिले में फायर सीजन शुरू होते ही वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी है। मुख्यालय के ढुंगाधारा क्षेत्र के आयकर भवन से सटे जंगल में अचानक आग धधक गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाइवे के पास आयकर भवन से सटे जंगल में शनिवार देर शाम अचानक आग धधकी उठी। जंगल में धधकी आग धीरे धीरे आसपास के आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी। जिससे लोगों के बीच हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों में फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम आग बूझाने में जुट गई। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आग बूझाने वालों में एएफएम अजब सिंह, एफएस हरि सिंह, धीरेंद्र सिंह, रवि आर्या, डब्लूएफएम भावना सिंह, आरएफएम प्रियांशु कुमार रहे।

### नगर क्षेत्र में बैठकी होली की धूम

**काशीपुर।** होली के त्यौहार में अभी सप्ताह भर शेष है, लेकिन काशीपुर क्षेत्र में बैठकी होली की धूम मची है। जगह-जगह बैठकी होली का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनेश चन्द्र पाण्डे के आवास पर कुमाऊंनी संस्कृति की विशिष्ट पहचान के रूप में जानी जाने वाली सुप्रसिद्ध पारम्परिक बैठकी होली का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध होली गायक मोहित उपाध्याय, बसंत बल्लम बिष्ट, हेमंत त्रिवेदी, कौशल पांडे, मुकेश भट्ट, नरेश चन्याल, नीरज सती, गौरांग रघु, कैलाश जोशी, धरिधर पांडे, मनीष पांडे, चेतन जोशी, गिरीश भट्ट, गौरव पंत, चंदन भट्ट व अतुल पांडे आदि ने प्रतिभाग करते हुए कुमाऊंनी होली गीत गाकर वातावरण को रंगीन कर दिया। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया।

# काशीपुर: विभिन्न स्थानों पर हुए हिंदू सम्मेलनों में उमड़ी भीड़

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न जगह हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज काशीपुर में तीन स्थानों पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। महापौर दीपक बाली ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

मंच पर संत-महात्माओं और वक्ताओं ने समाज में एकता, संस्कृति संरक्षण और धार्मिक जागरूकता पर अपने विचार रखे। भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। गोलू गार्डन में हुए कार्यक्रम के संयोजक सांसद प्रतिनिधि एवं पार्षद विजय बॉबी। चामुंडा हिंदू जागरण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी



नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज रहे। यहां ब्लॉक प्रमुख चन्द्रप्रभा पार्षद मयंक मेहता, शशांक गहतोड़ी, उत्कर्ष अग्रवाल, विपिन मित्तल, डॉ. भारत भूषण गुप्ता, डॉ. रंजन शर्मा, डॉ. शतांशु माथुर, अभिताभ सक्सेना एडवोकेट, संतोष श्रीवास्तव, डॉ. आलोक टंडन, शिवदत्त शर्मा, संजीव आकाश, अरुण वर्मा, गोपाल अग्रवाल, विमल माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। श्री गंगे बाबा मंदिर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का श्री सत्य सनातन हिंदू सम्मेलन समिति प्रताप एवं खत्रियान समिति काशीपुर के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महंत विकास नाथ महाराज ने कहा कि हिन्दू जागे तो विश्व जगेगा, मानव का विश्वास जगेगा।

विराट हिंदू सम्मेलन में बच्चों के मानसिक विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अब नई पीढ़ी को डर के साये से बाहर निकलने का समय आ गया है। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम काशीपुर के मंहत श्रीश्री108 मंहत लखनदास दास महाराज जी, मुख्य वक्ता पीयूष जी, विश्व हिंदू परिषद नैनीताल विभाग मंत्री विशिष्ट नीरजा चौधरी, सह विभाग कार्यवाहिका नैनीताल विभाग आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक अभिषेक गोयल एवं सर्वेश शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर संघ कार्यकर्ता रामरतन सक्सैना, उदय कुमार वशिष्ठ, सौरभ गुप्ता, अमित चतुर्वेदी, योगेश जोशी, अजय टंडन, अबंरीश गर्ग, सर्वेश शर्मा, आशीष शर्मा खुट्टू, अंकुर गुप्ता, मानवेंद्र मानस, पूर्व पार्षद संतोष देवी, सर्वेश शर्मा शशि, राजेश सैनी एडवोकेट समेत संकड़ों सनातनी महिला पुरुष उपस्थित रहे। आवास विकास में भी हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें केके अग्रवाल, डॉ. आरसी शर्मा, आदित्य शास्त्री, सुशील शर्मा, गुरविंदर सिंह चंडोक, सुशील शर्मा, तेजवीर सिंह चौहान, पार्षद पुष्कर बिष्ट, संदीप सिंह मोनू, योगेश बिश्नोई, पार्षद मनोज जग्गा सहित सैकड़ों स्त्री पुरुष शामिल हुए।

# कौसानी में हिमालयन लैंडस्केप फोटोग्राफी वर्कशॉप का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कौसानी स्थित द बुरांश रिसॉर्ट कौसानी में 21 फरवरी से तीन दिवसीय 12वीं हिमालयन लैंडस्केप फोटोग्राफी वर्कशॉप का शुभारंभ हो गया है। इस वर्कशॉप का आयोजन लेंस मेस्ट्रो ग्रुप और द बुरांश द्वारा किया गया है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए 22 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह वर्कशॉप उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कौसानी में आयोजित की जा रही है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हिमालयी दृश्यों के लिए जाना जाता है। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को पांच अनुभवी मेंटर्स द्वारा फोटोग्राफी की बारीकियां सिखाई जाएंगी। मेंटर्स के रूप में गुरदास दुआ (इंदौर), थ्रीश कपूर (कौसानी), अनील रिसाल सिंह (लखनऊ), जयपुर के सोनी ब्रांड एंबेसडर व एस्ट्रोफोटोग्राफर उमेश गोगना, तथा अल्मोड़ा के लैंडस्केप फोटोग्राफर चेतन कपूर शिरकत कर रहे हैं। मेंटर्स प्रतिभागियों को लैंडस्केप, नेचर और एस्ट्रोफोटोग्राफी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, कैमरा सेटिंग्स और रचनात्मक दृष्टिकोण की जानकारी देंगे। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार की वर्कशॉप से युवाओं और फोटोग्राफी प्रेमियों को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। यह वर्कशॉप 21 से 24 फरवरी तक चलेगी और क्षेत्र में पर्यटन व फोटोग्राफी गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रविवार को सभी सदस्य गरुड़ वैली के भ्रमण हेतु गए, जहां उन्होंने कोट ब्रह्मी ओर बैजनाथ के खूबसूरती को अपने अपने कैमरों में कैद किया।

# पुरानी पेंशन के लिए सड़कों पर उतरे कार्मिक

## रैली निकालकर सरकार को दी चेतावनी, बुढ़ापे को दिया हवाला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने बृहद रैली निकाली। कर्मियों ने रैली के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। रविवार को जिले के सैकड़ों कर्मचारी नुमाइश खेत मैदान में एकत्र हुए। यहां कर्मचारियों ने सभा आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांग को लगातार टाल रही है। बुढ़ापे का सहारा ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ कर्मचारियों को मिलना चाहिए। जिसके बाद कर्मचारियों ने रैली निकाली, रैली जो




नुमाइश खेत मैदान से शुरू होकर दुग बाजार, सरयू पुल और एसबीआई तिराहा होते हुए तहसील परिसर पहुंची। तहसील में रैली का समापन हुआ। यहां कर्मचारियों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र पालनी ने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों की अनदेखी की जा रही है। जबकि कर्मचारी पूरे तन मन से रात दिन सरकार एवं जनता के कार्यों को करने के लिए तैयार रहते है। उसके बाद भी उनसे उनके बुढ़ापे की लाठी छीनी गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा और आवश्यकता पड़ी तो इसे और व्यापक किया जाएगा। कर्मचारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। रैली में डा. पिंकी पांडे, दलीप सिंह, किशोर पांडे, कृष्ण अवतार पांडे, संजय टम्टा, प्रदीप गढ़िया, भुवन जोशी, रवि जोशी, प्रेमा शाह, जगत आर्या, कैलाश कांडपाल, डा. गोपाल जोशी, सूरज गिरि सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरयू तट पर महिला होली गायन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** रविवार को युवा होली समिति द्वारा सरयू तट पर महिला होली गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक बागेश्वर पार्वती दास एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य बबलू नेगी व अन्य ने किया। प्रतियोगिता में छह महिला टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सैम मंदिर महिला ग्रुप, राधा कृष्ण ग्रुप मंडलसेरा, बाबा बागनाथ ग्रुप, ग्रामोत्थान ग्रुप, भागीरथी महिला ग्रुप, मां भगवती महिला ग्रुप कठायतबाड़ा की टीमों ने प्रतिभाग किया। दोपहर से देर शाम तक चली होली प्रतियोगिता में महिलाओं ने बैठकी व खड़ी होली व नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी। महिलाओं द्वारा प्रतियोगिता में पारंपरिक राग रंग बिखेरते हुए सभी का मन अपनी ओर आकर्षित किया। महिला होली में हास्य व व्यंग्य सामाजिक संदेश का का समावेश देखने को मिला। प्रतियोगिता में सैम मंदिर नदी गांव की टीम ने प्रथम स्थान, भागीरथी टीम ने द्वितीय स्थान जबकि बागनाथ टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर




रही टीमों को क्रमश: 11 हजार, 55 सौ, व 35 सौ की नकद धनराशि के साथ आकर्षक ट्राफी प्रदान की गई। जबकि अन्य टीमों को भी उनके उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर भास्कर दास, नवीन शाह, उमेश शाह, नवीन रावल, अंकित नगरकोटी, मनोज ओली, राजेंद्र परिहार, नीरज उपाध्याय सहित दर्जनों युवाओं द्वारा सहयोग दिया गया। निर्णायक की भूमिका में डा. राजीव जोशी प्रवक्ता डाइट, डा. गोपाल दत्त, सविता जोशी रही। होली गायन प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने रंग गुलाल बिखेरते हुए सभी को होली पर्व की बधाई दी।

# अंग्रेजी ठेके पर शराब की ओवररेटिंग

## एमआरपी से अधिक दाम वसूली की शिकायत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**रानीखेत।** नगर स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर उपभोक्ताओं से निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक धनराशि वसूले जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कुछ समय से ठेके पर न तो शराब की मूल्य सूची प्रदर्शित की गई है और न ही अधिक मूल्य वसूली की शिकायतों पर कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार बोतलों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से 20 से 50 रुपये तक अधिक वसूले जा रहे हैं। इस संबंध में राजेंद्र अधिकारी, बहादुर सिंह, मोहित कुमार और राजेंद्र राम सहित कई लोगों ने बताया कि शिकायत करने पर ठेके के कर्मचारी




अभद्र व्यवहार करने लगते हैं, जिससे कई बार मौके पर तनाव की स्थिति बन जाती है और शांति भंग होने की आशंका बनी रहती है। उपभोक्ताओं ने बताया कि आबकारी नियमों के तहत ठेके के बाहर मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य है तथा एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक्री करना दंडनीय है। इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। वहीं आबकारी निरीक्षक विष्णु थापा ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। शीघ्र ही औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला आबकारी अधिकारी को प्रेषित की जाएगी, जिसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### डंपर की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**काशीपुर।** डंपर की चपेट में आने से फिर एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक बताए जाते हैं। चिलकिया रामनगर निवासी 42 वर्षीय किशनलाल पुत्र राम किशोर शनिवार शाम अपनी ससुराल उत्तर प्रदेश के ग्राम मिल्क जा रहे थे कि परमानंदपुर के पास सड़क किनारे उनकी बाइक को एक डंपर ने चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस ने उनके परिवार को दी, जिस पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक किशन लाल के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया तथा डंपर को कब्जे में ले लिया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बच्ची गंभीर

**काशीपुर।** घर के बाहर खेल नहीं एक बच्ची को ई रिक्शा चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उसका सर फट गया तथा हाथ टूट गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने उक्त ई रिक्शा चालक को पकड़ लिया है। घटना आज प्रात: की है जब नगर के मोहल्ला काजीबाग निवासी कमर आलम की छोटी बच्ची माही घर के बाहर खेल रही थी तभी रिक्शा चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई तथा सर में गंभीर चोट लगी व हाथ में फैक्चर हो गया। घायल बच्ची का इलाज जारी है।

### लड़ाई झगड़ा कर रहे पांच लोग गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने नाला पार कवि नगर निवासी उपेंद्र चौहान बाल्मीकि बस्ती निखिल कुमार, कवि नगर दुर्गा मंदिर निवासी वैभव चौहान, आदर्श नगर निवासी सोनू कुमार, भव्य विहार कॉलोनी निवासी आजम को पुलिस ने लड़ाई झगड़ा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

### कोतवाली में नष्ट की एक हजार लीटर शराब

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा जनपद के थानों में मालगृह में रखे मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली आईटीआई में आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित 52 अभियोगों के माल मुकदमाती लगभग एक हजार लीटर अवैध शराब को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर से माल के निस्तारण हेतु आदेश प्राप्त कर शनिवार को गठित कमेटी के समक्ष नष्ट किया गया।

### बाईपास पर भारी वाहनों से दुर्घटना की आशंका

**काशीपुर।** अति व्यस्त गुरुद्वारा बाइपास पर डंपरों व अन्य भारी वाहनों की रेलमपेल भारी परेशानी का सबब बन रही है। सुबह से देर रात तक इस रोड पर चलने वाले डंपरों व अन्य भारी वाहनों से किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। गुरुद्वारा के समीप काली मंदिर मोड़ और गैबिया मोड़ पर जगह तंग होने से दुर्घटना का खतरा लगभग हर समय मंडराता रहता है। इसके अलावा जाम की स्थिति भी बनी रहती है। आमजन ने प्रशासन से दिन में इस रोड पर डंपरों व अन्य भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई है।

### चेक बाउंस में जुर्माना व कारावास

**काशीपुर।** चैक बाउंस मामले में अदालत ने 2,65,000 रुपये का जुर्माना व छह माह कारावास की सजा सुनाई है। मौहल्ला सिंघान, काशीपुर निवासी निर्दोष अग्रवाल ने न्यायालय में वाद दायर कर कहा कि विमलेश सारस्वत पत्नि विनय सारस्वत, निवासी मौहल्ला सिंघान, काशीपुर ने पारिवारिक संबंधों के चलते कई वर्ष पहले उससे 5 लाख रुपये उधार लिये थे। काफी तकादा किया करने पर 15 अक्टूबर 2019 को उन्होंने ढाई लाख रुपये का चैक दिया, जो कि बाउंस हो गया। चैक बाउंस होने के बाद निर्दोष अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण के माध्यम से न्यायालय में मुकदमा दायर किया। मुकदमे के दौरान विमलेश सारस्वत ने कहा कि न तो उसने कोई पैसा लिया और न ही उसने कोई चैक दिया, परन्तु वह यह बताने में असमर्थ रही कि उसका चैक निर्दोष अग्रवाल तक कैसे पहुंचा, जबकि चैकों पर हस्ताक्षर माने हैं। इसके पश्चात् निर्दोष अग्रवाल के अधिवक्ता ने कई नजीरें भी पेश कीं। जिस पर अदालत में बहस व सुनवाई की गयी। बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.)/न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर ने विमलेश सारस्वत को मुबलिग 2 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना तथा छ: माह के कारावास की सजा सुनाई है।

### 'होली मिलन समारोह' में आएंगे सीएम धामी

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने बीते रोज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर काशीपुर नगर निगम ग्राउंड में आगामी 1 मार्च को आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु आमंत्रित किया गया। यह जानकारी देते हुए दीपक बाली ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बड़े स्नेह और अपनत्व के साथ निमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। दीपक बाली ने बताया कि होली मिलन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रहने की संभावना है। उन्होंने काशीपुर की सम्मानित जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से नगरवासियों का उत्साह और भी बढ़ेगा तथा कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल होगा।

### मांग पूरी न होने पर संघर्ष समिति में रोष

**बागेश्वर।** विकास खंड संघर्ष समिति ने आज तक मांग पूर्ण न होने पर रोष व्यक्त किया है। नाराज लोगों ने पृथक विकासखंड की मांग को लेकर आंदोलन की राह पकड़ने की बात कही है। रविवार को समिति की आर्य भवन भंडारीसेरा में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि 23 मार्च से तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू होगा। पहले दिन राज्य आंदोलनकारी गंगा सिंह पांगती और 99 साल के शेर सिंह धपोला बैठेंगे। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लोग ब्लॉक की मांग को लेकर लंबे समय से सघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार किया जा रहा है। ब्लॉक नहीं होने से लोगों को छोटे-छोटे काम के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है। अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता गोविंद सिंह भंडारी ने कहा कि कांडा की ब्लॉक की घोषणा 1952 में हो गई, लेकिन सड़क नहीं होने से उसे बागेश्वर में संचालित किया गया, आज तक इसका लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सरोज आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवान भंडारी, जगदीश प्रसाद, ग्राम प्रधान योगेश धपोला, सरिता आर्या, गणेश कुमार, गिरीश चंद्र जोशी, आलम मेहरा, शेर सिंह धपोला, गंगा सिंह पांगती, अशोक भंडारी अर्जुन बनकोटी, पंकज डसीला आदि मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में बैठकी होली की धूम

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में बैठकी होली की धूम मची हुई है। बैठकी होली में रंगकर्मी विभिन्न रागों पर आधारित होली गीतों का गायन कर रंग जमा रहे है। ऐतिहासिक नंदादेवी में देर शाम बैठकी होली का आयोजन हुआ। इस दौरान रंगकर्मियों ने गणेश स्तुति से होली गायन की शुरूआत की गई। होली गायक व वरिष्ठ पत्रकार अनिल सनवाल ने राग श्याम कल्याण में बहुत दिनन के रूठे श्याम को में होली में मना लाऊंगी.. का गायन किया। वहीं, धीरज साह ने राग काफी में देखे अनोखे खिलाड़ी.. व धरणीधर पांडे ने राग काफी में साबिर के दरबार.., राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने राग जंगला काफी में सारी डार गयो मोपे रंग की गागर..., विमलेश कुमार ने राग देश में हूं बैरागन अपने पिया की... का गायन किया। इसके अलावा राग बिहाग में सब रंगन से न्यारो कन्हैया ने मोपे एसो चटक रंग डालो..., धरम बिगारो रंग डाल... आदि गायन किया। यहां अनिल कुमार, दीपक रावत, राजेश पांडे, भारत सागुड़ी, संजय जोशी, ललित प्रकाश, धीरेंद्र कुमार, निर्मल पंत, दिनेश चंद्र पांडे, अमित पंत, जगत मोहन जोशी, हरी विनोद साह आदि रहे।

### सरकार की लापरवाही से हो रही दुर्घटनाएं

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि क्वारब की पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पूर्व भी इस मार्ग पर लगातार भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाएं होती रही हैं। लेकिन अब तक स्थाई समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। कहा कि जनता की जान जोखिम में डालकर भाजपा सरकार केवल दिखावटी घोषणाएं करने में व्यस्त है।

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट

Zubair Khan Najeeb Khan
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

# 13 लोगों को 'आनंद श्री सम्मान'

## राष्ट्रीय संगोष्ठी हिमालय के लोक व्यवहार में कला और विज्ञान विषय पर वक्ताओं व शोधार्थियों ने रखे विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिघलता हिमालय के संस्थापक वरिष्ठ कथाकार स्व. आनंद बल्लभ उप्रेती का 13वां स्मृति समारोह रविवार को सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया। इस अवसर पर हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी हिमालय के लोक व्यवहार में कला और विज्ञान विषय पर वक्ताओं व शोधार्थियों ने अपने विचार रखे, वहीं डा. गोविंद सिंह तितियाल, डीएस पंचपाल सहित 13 लोगों को आनंद श्री सम्मान दिया गया। इससे पहले समारोह में मुख्य अतिथि कुल. पति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत और आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। भुवनेश विराट के संचालन में हिमालय संगीत शोध समिति के कलाकारों ने आचार्य धीरज उप्रेती के निर्देशन में सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आयोजन सचिव डा. पंकज उप्रेती, संरक्षक फली सिंह दताल, संयोजक डा. भुवन तिवारी, सिंथिया कालेज के प्रबंधक प्रवीण रौतेला ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि हिमालय की परम्परा हमारी जड़ है। इसे संवारने वाले महान है। विशिष्ट अतिथि करन नगन्याल ने स्व. उप्रेती को पहाड़ परम्परा का अग्रदूत बताया। अध्यक्षता करते हुए प्रो. पीसी डालाकोटी ने कहा कि पहाड़ की जड़ जंगल जमीन पर जागरूकता दिखाओ। समारोह में कुलपति प्रो. डीएस रावत, डा. गोविन्द सिंह तितियाल, करन सिंह नगन्याल, डा. महिमन सिंह दुग्ताल, घनश्याम ग्वाल, जीवन सिंह सीपाल, देव सिंह पंचपाल, नरेंद्र सिंह पतियाल, पंकज जोशी, ललित मोहन बेलवाल, हर्ष रावत, दीक्षा बिष्ट, पवन कुंवर को आनन्द श्री सम्मान दिया गया। साथ ही आयोजन में रामनगर की बाल कलाकार किरण कोटनाला को भी सम्मानित किया गया, जिसने 50 म्यूजिकल वाद्य यंत्रों को बजा कर इंफ्लेंसर बन अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज कराया है। इसके अलावा समारोह के दौरान हिमालय, आनन्द उप्रेती, जसुली शौक्याणी पर केंद्रित 97 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। विभिन्न महाविद्यालयों के विद्वान प्राध्यापकों, शोधार्थियों ने हिमालय के लोक व्यवहार को लेकर अपनी बात रखी। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह न्यौला पंचाचूली, गिरीश चंद्र उप्रेती, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. गिरीश पंत, प्रो. दीपा गोबाड़ी, गीता उप्रेती, आरती उप्रेती, डा. आशा हर्बोला, डा. जयश्री भंडारी, ओपी पांडेय, गिरीश पाण्डेय, राम सिंह सोनाल, पुष्पा दुग्ताल, चम्पा दुग्ताल, पुष्पा रौतेला, जीवन सिंह दुग्ताल, शीला दुग्ताल, गणेश सिंह ल्वाल, मदन सिंह ग्वाल, दीवान सिंह सोनाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# शास्त्रीय संगीत संध्या ने लूटी महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंडित चंद्रशेखर पंत देवभूमि शास्त्रीय संगीत मंच के तत्वावधान में रविवार को मासिक शास्त्रीय संगीत संध्या का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री राधा कृष्ण मंदिर, पांडेय निवास में सायं 4 बजे आयोजित हुआ, जिसमें शास्त्रीय संगीत प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। सनातन संगीत संस्कृति संस्थान के विद्यार्थियों कल्पना तिवारी, तनीशा पंत, हिमांशी भट्ट, हेमेंद्र रावत, दिवाकर जोशी तथा मनीष पांडे द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी गई। इस वंदना का निर्देशन एवं रचना तारा दत्त जोशी 'पहाड़ी' द्वारा किया गया। इसके पश्चात हल्द्वानी के युवा गायक आकाश बेलवाल ने राग केदार की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके स्वरों में गहराई, आलाप की सुंदरता तथा भावपूर्ण गायन ने संगीत रसिकों की खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में ऋजुल पाण्डे ने तीनताल में तबला वादन प्रस्तुत किया। उनकी लयकारी, विभिन्न बोलों की स्पष्टता तथा प्रस्तुति की परिपक्वता ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। कार्यक्रम में लहरा पर पंकज आर्या, तबले पर महेश चंद्र एवं सार्थक चंद्र तथा हारमोनियम पर वरदान लखेड़ा ने संगत कर कलाकारों की प्रस्तुति को और भी मधुर बनाया। कार्यक्रम का आयोजन डा. जगमोहन परगाई, गोपाल जोशी, डा. गुंजन जोशी ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्यापक जोशी ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि अध्यक्षता डा. गोविन्द बोरा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उत्तराखंड की समृद्ध शास्त्रीय संगीत परम्परा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। अंत में आयोजकों ने सभी कलाकारों, अतिथियों तथा संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। यह संगीतमय संध्या श्रोताओं के लिए अविस्मरणीय रही और क्षेत्र में




# रजिस्ट्री कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** ग्राम नया पांडेगांव, पतलिया, मायारामपुर, तहसील कालाढूंगी में उपजिलाधिकारी बिपिन चन्द्र पंत द्वारा अंश निर्धारण और फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समाधान पारदर्शिता, समयबद्धता और संवेदनशीलता से किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपजिलाधिकारी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को अंश निर्धारण की प्रक्रिया, उसके कानूनी महत्व और फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि अंश निर्धारण से भूमि अभिलेखों में स्पष्टता आती है, विवादों की संभावना कम होती है और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कृषि योजनाओं, अनुदानों और तकनीकी सहायता का सीधा लाभ मिलता है। इसके अलावा उपजिला. धिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने भूमि अभिलेखों का समय पर सत्यापन कराएं और फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर योग्य किसान को शासन की योजनाओं का पारदर्शी और सरल तरीके से लाभ मिल सके। कार्यक्रम में तहसीलदार कालाढूंगी ईश्वर सिंह भीमा, राजस्व उप निरीक्षक मनोज कुमार उप्रेती, अभय कुमार, हिमांशी तथा कृषि विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएँ रखीं, जिनका समाधान त्वरित रूप से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# प्रतिबंधित मांस के साथ एक दो गिरफ्तार, दो फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर केबनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस व गौवंश संरक्षण स्क्वाड ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 300 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार रविवार को इंदिरा नगर बड़ी रोड क्षेत्र में छापेमारी के दौरान एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य आरोपित फरार हो गए हैं। बरामदगी के साथ मांस काटने के उपकरण भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अयान अंसारी के रूप में हुई है। जबकि दो फरार आरोपित आफताब कुरैशी व अनीस की तलाश में दबिश दी जा रही है। इस संबंध बनभूलपुरा थाना में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई प्रभारी गौवंश संरक्षण स्क्वाड के नेतृत्व में की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रमजान के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है और अवैध पशु वध व मांस तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना।

# 'माताजी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाना मेरा कर्तव्य'

## विधायक सुमित हृदयेश ने हीरानगर वार्ड-17 में जनहितकारी विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या-17, हीरानगर क्षेत्र स्थित संजय कालोनी और सतीश कालोनी में आज क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश ने अपनी विधायक निधि से स्वीकृत 33.95 लाख रुपये की लागत से होने वाले जनहितकारी विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर वार्ड संख्या-17 के पार्षद शैलेन्द्र दानू स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं और प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक सुमित हृदयेश ने अपने संबोधन में अपनी पूज्यनीय माताजी के आदर्शों, सेवा भावना और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं अपनी माताजी की सीख और उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना अपना कर्तव्य समझता हूँ। हल्द्वानी के सर्वांगीण, संतुलित और सतत विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध था, हूँ और भविष्य में भी पूरे समर्पण के साथ कार्य करता रहूँगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आगे भी जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए विधायक का आभार प्रकट किया तथा उम्मीद जताई कि इसी प्रकार विकास की गति निरंतर बनी रहेगी। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, विमला सांगुरी, पार्षद शैलेंद्र सिंह दानू, ललित परगाई, चंदन सिंह राणा, दीपक आर्य, कृष्णा नंद जोशी, अंकित जोशी, मंजू दानू, हिमांशु जोशी, आस्था लटवाल एवम मुकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, महेश अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल मौजूद रहे।



# यूओयू में पंजीकरण का अंतिम मौका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र जनवरी 2026 के लिए पुनः पंजीकरण का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यह निर्णय दिनांक 21 फरवरी को आयोजित विद्या परिषद की बैठक में पुनः पंजीकरण के प्रावधान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विचारोपरांत लिया गया। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि विभिन्न कारणों से पुनः पंजीकरण नहीं करा पाने वाले शिक्षार्थियों के हित में यह निर्णय लिया गया है। लिए गए निर्णय के अनुसार यह अवसर 21 फरवरी 2026 से शैक्षणिक सत्र की प्रवेश की अंतिम तिथि तक मान्य रहेगा। कुल. पति प्रो. लोहनी ने कहा कि विश्व. विद्यालय सदैव शिक्षार्थी हितों को सर्वोपरि रखता है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी शिक्षार्थी तकनीकी या अन्य कारणों से अपनी शैक्षणिक प्रगति से वंचित न रहे। सभी इच्छुक शिक्षार्थियों से अपेक्षा है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें। प्रवेश प्रभारी डा. सुमित प्रसाद ने बताया कि इच्छुक शिक्षार्थी प्रवेश की अंतिम तिथि से पूर्व अपना आवेदन अनिवार्य रूप से मेल पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित शिक्षार्थियों से समय रहते आवेदन करने का आग्रह किया ताकि वे अपने शैक्षणिक सत्र को नियमित रूप से आगे बढ़ा सकें।

# कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स का स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वेटेरन सिग्नल्स वेलफेयर एसोसिएशन (वीएसडब्ल्यूए) के बैनर तले कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स का 116वां स्थापना दिवस पहली बार कुमाऊं के प्रवेश द्वार महानगर हल्द्वानी में रविवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक (वेटरन), उनके परिजन, वीर नारियां एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे कर्नल (सेनि.) जगत सिंह जंतवाल एवं उनकी धर्मपत्नी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सिग्नल्स कॉर्प्स का प्रेरणादायी गीत सामूहिक रूप से गाया गया। इस अवसर पर कर्नल जंतवाल ने संगठन की गतिविधियों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजन न केवल सैन्य परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि वेटरन समुदाय के बीच समन्वय, सहयोग और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। समारोह के दौरान बच्चों एवं परिवारजनों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभिन्न सहभागिता गतिविधियां आयोजित की गई, जिनसे पूरा वातावरण उत्साह और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त व संगठित बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर सेनि सूबेदार मेजर अर्जुन भंडारी, हॉनरी कैप्टन रणजीत सिंह मेहता, सूबेदार मेजर दीपक पंत, हॉनरी कैप्टन अर्जुन परिहार, पुष्कर मेहरा, जितेंद्र मेहरा, एके पांडे, दीगर सिंह सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# सड़कों में जानलेवा गड्ढे हादसे में बजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को एक भयावह हादसे में 69 वर्षीय बुजुर्ग सुरेश चंद्र पांडे की जान चली गई। यह घटना दमुवाढूंगा पनचक्की चौराहे के पास हुई, जहां सड़क खुदाई और अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, शान्तिनगर भोटिया पड़ाव निवासी सुरेश चंद्र पांडे अपनी स्कूटी से पनचक्की चौराहे से दो नहरिया की ओर जा रहे थे। वह एक कैंटर वाहन के आगे-आगे चल रहे थे, और अचानक सड़क पर हो रही खुदाई के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया। सड़क पर खुदाई के कारण संकीर्ण रास्ते और अव्यवस्थित यातायात के चलते उनकी स्कूटी कैंटर से टकरा गई। टक्कर के बाद पांडे सड़क पर गिर गए और उनका सिर कैंटर के पिछले टायरों की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयंकर था कि वह मौके पर ही दम तोड़ गए। सुरेश चंद्र पांडे सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। उनके परिवार में पत्नी लता पांडे और दो विवाहित बेटियाँ हैं। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि क्षेत्र में कई जगहों पर सड़कों की खुदाई की जा रही है, जिसके कारण मार्ग संकरे हो गए हैं और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क खुदाई के दौरान यातायात प्रबंधन और सुरक्षा के उचित उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में दुर्घटनाएं ना हों।

# शिक्षा निदेशक पर हमले की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय नौडियाल एवं उनके कार्यालय के कार्मिकों पर हुए हमले की घटना को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। शिक्षकों ने इस घटना को न केवल एक अधिकारी पर, बल्कि पूरे शासकीय तंत्र पर हमला करार दिया है। इसके विरोध में रविवार को राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गिरीश चंद जोशी के नेतृत्व में बुद्ध पार्क में शिक्षक एवं कर्मचारी एकजुट हुए और उपजिला. धिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि सरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों में इस प्रकार की अराजक और गैरकानूनी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भय, आतंक और दबाव के माहौल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निष्ठापूर्वक कार्य की अपेक्षा करना अन्यायपूर्ण है। शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर में समस्त कार्यालयों एवं बोर्ड परीक्षा के बहिष्कार तक का निर्णय लिया जा सकता है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व मंडलीय अध्यक्ष डा. गोकुल मत्तो. लिया, जिला संरक्षक डा. धर्मेंद्र पनेरु, जिला उपाध्यक्ष मदन गिरी गोस्वामी, संयुक्त मंत्री गिरीश कांडपाल, डा. विवेक पांडे, भुवन पांडे सहित शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे।



# जल प्रकृति का उपहार, जीवन काआधार

## निरंकारी मिशन का सेवा और समर्पण से सशक्त जल संरक्षण का प्रेरक संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्री तटों की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का व्यापक अभियान आज जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संद. ेश है।

स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य एवं प्रेरणास्पद आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 12 लाख स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। यह केवल एक पर्यावरणीय प्रयास नहीं, बल्कि अध्यात्म, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत समन्वय था, जो जन-जन के अंतर्मन को स्पर्श करते हुए जागरूकता एवं कर्तव्यबोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाता है। परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से हल्द्वानी के मेयर गजराज बिष्ट एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्या के करकमलों से चित्रशिला घाट गार्गी नदी और विद्युत शवदाह गृह पर सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया साथ में हल्द्वानी क्षेत्र के संयोजक आनंद सिंह नेगी व क्षेत्रीय संचालक दीपक वाही दोनों अतिथियों का स्वागत किया। हल्द्वानी मेयर गजराज बिष्ट ने निरंकारी मिशन के द्वारा की जा रही सफाई अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा की। जिस तरह हमारे घरों की सफाई होती है ठीक उसी तरह पूरे घाट की सफाई में लगभग 500 वालंटियर पूर्ण समर्पित होकर सेवा की। बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन की उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम पूरे समाज को समर्पित किया गया।



# देहरादून मीडिया ने हल्द्वानी के पत्रकारों को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में रविवार को हल्द्वानी एवं देहरादून के पत्रकारों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मुकाबले में देहरादून मीडिया की वाइसीसी टीम ने हल्द्वानी पत्रकारों की टीम को 107 रनों से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच के मुख्य अतिथि डीएम ललित मोहन रयाल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि खेल सचिव अमित सिन्हा मौजूद रहे। वही उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डब्बू मेहरा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा एवं एसपी सिटी मनोज कत्याल भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। मैच के शुभारंभ के दौरान एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। देहरादून मीडिया वाइसीसी टीम के कप्तान सुरेंद्र डसीला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनर मनीष डंगवाल और सुनील कुमार ने पहले विकेट के लिए 11.3 ओवर में 107 रनों की साझेदारी की। मनीष डंगवाल ने 38 गेंदों में 46 रन, जबकि सुनील कुमार ने 34 गेंदों में 35 रनों का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाजों में दीपक पुरोहित ने 27, सोहन परमार ने 18 और शिवेष शर्मा ने 17 रन बनाए। देहरादून मीडिया टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 194 रन बनाए। हल्द्वानी पत्रकारों की ओर से गेंदबाजी में दिनेश पांडेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट झटके। 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हल्द्वानी पत्रकारों की टीम महज 87 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से संतोष जोशी ने 26 और रजनीश पांडेय ने 13 रन बनाए। देहरादून मीडिया की ओर से मनवर रावत ने दो विकेट लिए, जबकि सुनील कुमार, दीपक पुरोहित और संदीप बडोला को एक-एक विकेट मिला। मनीष डंगवाल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि दिनेश पांडेय को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मिला। मैच के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देहरादून मीडिया टीम के कप्तान सुरेंद्र डसीला ने हल्द्वानी टीम को शीघ्र ही देहरादून में मैत्री मैच के लिए आमंत्रित किया। खेल सचिव अमित सिन्हा ने प्रस्तावित मैच के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



# काव्य संग्रह गतिस्त्वं महा मां का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानाचार्य पार्वती नेगी की अध्यक्षता में कवि अखिलेश कुमार शर्मा के काव्य संग्रह गतिस्त्वं महा माँ का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाधिवक्ता विन्देश कुमार गुप्ता रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश चंद्र द्विवेदी एवं श्याम सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि, पारंपरिक सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके उपरांत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार शर्मा ने भी अपनी कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। काव्य पाठ में डा. प्रदीप उपाध्याय, मीनू गौड़ कौशिक, सारंग शर्मा, रागिनी शर्मा, मंजू शर्मा, भोपाल सिंह बिष्ट कलियुगी, योगेश बहुगुणा, गोविंद कश्यप एवं जीवन जोशी विनायक ने देशभक्ति, मातृशक्ति एवं प्रकृति विषयक रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विन्देश कुमार गुप्ता ने काव्य संग्रह की सराहना करते हुए कहा कि माँ भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और इस संग्रह में उसकी भावनात्मक अभिव्यक्ति प्रभावशाली ढंग से की गई है। समारोह के अंत में मंचासीन अतिथियों ने अखिलेश कुमार शर्मा के काव्य संग्रह का विधिवत विमोचन किया। इसके बाद लेखक को शाल, स्मृति चिन्ह एवं काव्य संग्रह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डीके पंत, विनय कटियार सहित साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शादी का झांसा देकर लड़की से बनाए शारीरिक संबंध

■ शादी करने से किया इन्कार, पीड़िता ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की एक लड़की के साथ एक लड़का आठ साल से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने एवं उसका शारीरिक मानसिक उत्पीड़न करता रहा। पीड़ित ने कोतवाली में एसआई प्रहलाद सिंह को तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

पीड़िता ने बताया पिछले आठ वर्ष से गुलवेज अली के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध लगातार बनाता रहा। जब शादी करने के लिए कहा तो टाल मटोल करने लगा। पंचायत करने पर 16 फरवरी को लिखित में शादी करने के लिए राजी नामा हुआ। पर तय समय पर शादी नहीं की। 21 फरवरी 2026 की रात्रि लगभग आठ बजे गुलवेज अली अपने परिवार के साथ आया और घर में घुसकर गाली गलौज करने लगा।

वहीं परिजनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। गुलवेज अली ने धमकी देते हुए कहा कि मैं तुझसे शादी नहीं करूंगा, तुझसे जो हो कर लें। गुलवेज अली के मोबाइल में मेरे तमाम फोटो भी है,जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

एसआई प्रहलाद सिंह ने कहा पुलिस निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करेगी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजेंगे।

# नशे में ड्राइविंग और ओवरलोडिंग पर होगी जेल: जिलाधिकारी

■ कैंप कार्यालय में बैठक लेते हुए डीएम ने दिए कड़े दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कमर कस ली है।

कैंप कार्यालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क सुरक्षा और जन-सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने ओवरलोडिंग को सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण बताते हुए परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त श्प्रवर्तन अभियानश् चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एआरटीओ और एसपी क्राइम को सख्त लहजे में कहा कि केवल चालान काटना काफी नहीं है, बल्कि नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। स्पीड मॉनिटरिंग बढ़ाने और ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में ब्रीथ एनालाइजर के साथ नियमित चेकिंग करने को कहा गया है ताकि सड़कों पर अकाल मौतों को रोका जा सके। जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए जिलाधिकारी ने पूर्व में संचालित सत्यापन अभियान को सोमवार 23 फरवरी से पुन: बड़े स्तर पर शुरू करने का आदेश दिया है। इस अभियान का उद्देश्य अवांछित तत्वों की पहचान करना, बाहरी व्यक्तियों का रिकॉर्ड खंगालना और अवैध अतिक्रमण जैसे संवेदनशील प्रकरणों पर विधिक शिकंजा कसना है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और प्रभावी होनी चाहिए।

आगामी होली और रमजान के त्योहारों को देखते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए ताकि आपसी भाईचारा और शांति बनी रहे। इसके साथ ही, शस्त्रों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए लाइसेंसी हथियारों के सत्यापन और संदिग्धों की निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। राजस्व संबंधी मामलों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को द्विपक्षीय भूमि विवादों को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि विवादों का निस्तारण निष्पक्ष और विधिसम्मत तरीके से त्वरित गति से किया जाए ताकि अनावश्यक विलंब के कारण होने वाले आपसी झगड़ों और तनाव को रोका जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय, एसपी क्राइम जितेन्द्र चौधरी, उपजिलाधिकारी श्रृचा सिंह, वर्चुअल, सीओ प्रशांत कुमार, एआरटीओ मोहित कोठारी और प्रभारी खनन अधिकारी मनीष कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खटीमा में स्टार पेरेंट अवॉर्ड सेरेमनी समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शिक्षा के क्षेत्र में न केवल छात्रों बल्कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को सराहने के उद्देश्य से जेके पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्टार पैरेंट अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता-पिता और गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।




स्कूल प्रबंधक अजय मौर्य ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के चलते स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्रों ने स्वागत संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के चलते अभिभावकों को स्टार पैरेंट के किताब से नवाजा गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों ने प्रतिभा किया, जिसमें प्रत्येक प्रत्येक कक्षा में से बच्चों का चयन किया गया। उनकी परफॉर्मेंस के आधार पर नर्सरी से लक्ष्य, कनक, प्राची, अदिति, तृषा, शिवांश, कृतिका, एलकेजी के इशिता, आरोही, सृष्टि, आराध्य, उन्नति, पार्थ सहित दर्जनों बच्चों ने कार्यक्रम में प्रतिभा किया। स्कूल प्रबंधक मौर्य ने कहा एक बच्चे की सफलता के पीछे शिक्षक और अभिभावक दोनों का सामान योगदान होता है। यह पुरस्कार उन माता-पिता के प्रति हमारा आभार व्यक्त करने का एक छोटा सा तरीका है जो शिक्षा की इस यात्रा में हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य प्रकाश चंद तिवारी, आकांक्षा, मंगेश, तुलसी, हेमा शाही, अलीशा, प्रभा जोशी, सोनम, मनप्रीत, निशा, सुमन, हनीफ, अजय कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### बाजपुर में पत्रकार की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पत्रकार तेजेंद्र सिंह बेदी की फर्जी फेसबुक आईडी बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उक्त फर्जी आईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के खिलाफ आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्ट लिखी गईं। जिससे पत्रकार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर नाराज पत्रकार तेजेंद्र सिंह बेदी ने बाजपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद जल्द ही फर्जी आईडी का खुलासा किया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस टीम पूरे मामले की गहनता से पड़ताल में जुटी हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** क्षेत्र के भौना इस्लाम नगर वार्ड नंबर 11 निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने मामले की सूचना बाजपुर कोतवाली में देकर उसकी तलाश की गुहार लगाई है।

अमन पुत्र पवन (निवासी भौना इस्लाम नगर, वार्ड नं. 11) दिनांक 21 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 2 बजे तक घर पर देखा गया था। इसके बाद वह अचानक कहीं चला गया और देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। थक-हारकर परिजनों ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर शीघ्र तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए विशेष सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की विज्ञान परीक्षा 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष विज्ञान का प्रश्नपत्र तीन अलग-अलग सेक्शन जैव विज्ञान, रसायन विज्ञान, और भौतिक विज्ञान में विभाजित रहेगा।

अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक दिनेश चन्द्र चिल्कोटी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि सभी छात्र-छात्राएं प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उत्तर सेक्शन-वाइज ही लिखें। यदि किसी छात्र ने सेक्शन 'ए' का उत्तर सेक्शन 'बी' या अन्य भाग में लिखा, तो ऐसे उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और अंक शून्य हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जैव विज्ञान में साफ एवं लेबलयुक्त आरेख, रसायन विज्ञान में संतुलित रासायनिक समीकरण तथा भौतिक विज्ञान में सूत्र लिखकर हल करना विशेष रूप से आवश्यक है। संख्यात्मक प्रश्नों में इकाई लिखना न भूलें।

समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा के तीन घंटे का समय संतुलित रूप से विभाजित करें तथा अंतिम 10-15 मिनट उत्तर पुस्तिका की जांच के लिए अवश्य रखें। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित पुनरावृत्ति, मॉडल पेपर अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ आत्मविश्वासपूर्वक परीक्षा देने की सलाह दी। विद्यालय प्रबंधन ने भी सभी छात्रों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़े और प्रत्येक सेक्शन के निर्देश अवश्य देखें। सेक्शन-वाइज उत्तर दें, मिश्रण न करें। कॉम्पिटेंसी आधारित केस स्टडी प्रश्नों को सावधानीपूर्वक पढ़कर की- वर्ड पहचानें, समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखें, पेंसिल और स्केल की मदद से लेबल युक्त साफ-सुथरे आरेख बनायें, मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित अवश्य करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# सम्मान में भी दोहरा मापदंड

## 2600 किलोमीटर का सफर, महिला सिपाही की उपेक्षा

■ नाबालिग लड़की की खोजबीन टीम में थी शामिल

■ विधायक शिव अरोरा ने क्यों की कर्मठ महिला जवान की अनदेखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लव जिहाद का मुद्दा उठाने वाले क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने जहां एक नाबालिग को सकुशल बरामद करने के लिए काफी उठापटक की थी। वहीं जब थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, तो माननीय विधायक जी ने पुलिस टीम का जोरदार स्वागत किया, लेकिन उस महिला सिपाही का सम्मान करना भूल गए, जिसने नाबालिग की बरामदगी के लिए 2600 किलोमीटर तक का सफर तय किया था।

मामला यह है कि ट्रांजिट कैंप से अशफाक नाम का युवक नाबालिग लड़की को ले जाता है और विधायक का दबाव पड़ा, तो पुलिस टीम का गठन हुआ। जिसमें थाने की महिला सिपाही आकांक्षी भी शामिल थी। कई दिनों की मेहनत के बाद नाबालिग को बिहार से बरामद कर लिया गया, लेकिन विधायक महिला सिपाही को भूल गए। जिसने नाबालिग की खोजबीन के लिए नोएडा, गुड़गांव, दिल्ली, यूपी, बिहार के अलावा पश्चिम बंगाल तक का सफर किया। अब चर्चा यह है कि माननीय विधायक साहब ने बेटी पढाओ बेटी बचाओ का नारा भुलाते हुए महिला सिपाही का सम्मान इसलिए नहीं किया, क्योकि महिला सिपाही द्वारा विधायक प्रतिनिधि से बहसबाजी हो गई थी।

विधायक द्वारा महिला की अनदेखी ने जहां महिला सिपाही की उपेक्षा की, वहीं उसके मनोबल को तोड़ने का काम किया।

अब हर जगह चर्चा है कि विधायक ने प्रतिनिधि से बहसबाजी करने के चलते ही महिला जवान की उपेक्षा की गई। विधायक का यह दोहरा मापदंड चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग बोल रहे है कि विधायक जी पुलिस को भी अपने चेलों की तरह चलाने चाहते हैं।

### ऑपरेशन क्रैक डाउन के तहत बड़ा अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** एसएसपी अजय गणपति के नेतृत्व में जसपुर पुलिस ने आपराधिक तत्वों और संदिग्धों के विरुद्ध मोर्चा खोला हुआ है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जनपद को पूरी तरह बाहरी अपराधियों से सुरक्षित बनाना है।

अभियान के अंतर्गत जसपुर पुलिस द्वारा जसपुर में खेड़ा रोड पर किरायेदार/नौकर तथा रेडी फेरी वालों के सत्यापन कर अभियान चलाया गया। सत्यापन ना होने पर बाहरी व्यक्तियों को पहचान सुनिश्चित करने हेतु पूछताछ हेतु थाने बुलाया गया। बाद पूछताछ उपरोक्त व्यक्तियों तथा मकान/दुकान मालिकों को सख्त हिदायत देकर थाने से रवाना किया गया। सत्यापन ना कराने पर तीन मकान मालिकों का 83 पुलिस एक्ट अंतर्गत 10-10 हजार रुपये का चालान तथा सत्यापन ना होने पर 15 बाहरी व्यक्तियों के 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत नगद 250-250 रुपये के चालान किए गए।

### कच्ची शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एसएसपी उधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार हल्का इंचार्ज हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान कलियावाला से रंजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम कलियावाला थाना जसपुर को एक पीले रंग के प्लास्टिक के डब्बे में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई हरीश आर्य, का. विपिन चंद्र, अब्दुल मलिक आदि शामिल रहे।

# कैदियों को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर: आईजी

■ आईजी ने किया केन्द्रीय कारागार का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** केन्द्रीय कारागार का पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नगन्याल ने व्यापक निरीक्षण, कर जेल में सुधारात्मक प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार परिसर का विस्तृत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। कारागार प्रशासन द्वारा संचालित सुधारात्मक एवं उत्पादक गतिविधियों की सराहना की।

जेल प्रशासन ने आईजी नागन्याल को बताया गया कि कारागार में मिंडा कॉर्पोरेशन द्वारा लगभग 60 बन्दियों को वायर हार्नेस निर्माण कार्य में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कारागार में पूर्ण विकसित दर्जी इकाई, लोहार इकाई, बढ़ईगीरी इकाई, नर्सरी एवं मिट्टी के गमले निर्माण कार्य तथा बंदियों के सेवन हेतु शुद्ध ऑर्गेनिक सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है स इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य बन्दियों के व्यक्तित्व विकास एवं पुनर्वास के अवसर सुलभ कराना है। इस अवसर पर आईजी नागन्याल ने नव निर्मित आधुनिक बन्दी कल्याणकारी कैंटीन भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इसके साफ-सुथरे एवं सुव्यवस्थित निर्माण की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने जेल रेडियो कक्ष का भी अवलोकन किया, जहाँ बन्दियों द्वारा प्रतिदिन भेजी जाने वाली ष्फरमाइशेंष् इन-हाउस रेडियो जॉकी द्वारा प्रसारित की जाती हैं। इस पहल को नवाचारपूर्ण और सुधारात्मक दिशा में एक अनुकरणीय कदम बताया। निरीक्षण के दौरान आई.जी. ने रसोईघर एवं कारागार बेकरी का भी निरीक्षण किया।

वहां की स्वच्छता, गुणवत्ता और पोषण स्तर की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि सितारगंज कारागार ने सुधारात्मक प्रयासों को एक नई ऊंचाई दी है, जहां अनुशासन और आत्मनिर्भरता दोनों का आदर्श संगम दिखाई देता है। कारागार के सभी बन्दियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने बन्दियों को सकारात्मक सोच एवं आत्म-संवर्धन की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

कारागार प्रशासन की उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आईजी नागन्याल ने कहा कि वरिष्ठ अधीक्षक अनुराग मलिक के नेतृत्व में सितारगंज कारागार सुधार एवं नवाचार का केन्द्र बन चुका है। उनके प्रभावी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में कारागार में अनुशासन, स्वच्छता और मानवीय संवेदना का समुचित समन्वय देखने को मिलता है।

समापन पर आई.जी. ने कारागार गार्ड द्वारा प्रदत्त गार्ड ऑफ ऑनर की प्रशंसा की और समस्त कर्मियों को उनके अनुशासन, तत्परता एवं सेवा-भावना के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे सुधारात्मक प्रयास समाज में पुनर्प्रवेशन एवं पुनर्संस्कार की भावना को सशक्त बनाते हैं।

# पुलिस ने सात अराजक तत्वों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में अराजक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में खटीमा प्रभारी निरीक्षक और वरिष्ठ उप निरीक्षक के निर्देशन में बाजार चौकी द्वारा शनिवार को अराजकता फैलाकर शांति भंग करने वाले सात व्यक्तियों डिग्री कॉलेज रोड खटीमा निवासी मोनिश अहमद पुत्र अनीस अहमद, रिहान पुत्र सफी अहमद, भविष्य रोहिला पुत्र अनूप रोहिला, चारू बेटा मुंडेली निवासी हर्षित थापा पुत्र राजू, चांदा निवासी अर्शदीप पुत्र बलविंदर सिंह, करनजीत पुत्र सुखविंदर सिंह तथा इस्लामनगर निवासी शहजान पुत्र मोहम्मद मुसरफ के खिलाफ धारा 170/ 126/ 135 बीएनएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए उप जिलाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल दीपक कुमार, राजेंद्र गिरी तथा मोहन बोरा शामिल थे।

### सुनील कुमार चुने गए वाल्मीकि समाज के सरपंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

जसपुर। वाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सुनील कुमार वाल्मीकि को वाल्मीकि समाज का सरपंच चुना गया सरपंच चुने जाने पर सुनील कुमार को युवा भाजपा जिला अध्यक्ष मनाजपाल, क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल,भाजपा नेता खड़क सिंह, हरप्रीत सिंह हैप्पी, विनीत चौहान, शमीम दूधिया, शरीफ खान, हरिओम सिंह आदि लोगों ने बधाइयां प्रेषित की।

### पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर क्षेत्राधिकारी बाजपुर के आदेशानुसार जसपुर पुलिस टीम द्वारा परिवार न्यायालय से जारी वारंट में वारण्टी असलम पुत्र भूरे हुसैन निवासी नई बस्ती थाना जसपुर तथान्यायालय जसपुर से अन्तर्गत धारा-380/411 में जारी वारंट में वारण्टी आकाश पुत्र श्यामलाल निवासी मोहल्ला दिल्ला सिंह थाना जसपुर को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# नकली सर्फ की जांच करने पहुंची टीम का किया विरोध



■ व्यापारियों ने किया हंगामा, बोले बिना स्थानीय पुलिस के नहीं होंने देंगे जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नकली सर्फ एक्सेल डिटर्जेंट बेचे जाने की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची टीम के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बाजार में नकली सर्फ एक्सेल बेचे जाने के मामले में कोर्ट द्वारा नियुक्त कमिश्नर अपनी टीम के साथ सुविधा होटल वाली गली में स्थित अमन ट्रेडर्स पर पहुंचे। इस दौरान टीम ने दुकान में रखे सर्फ एक्सेल की जांच की और नकली पाए जाने पर सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों के विरोध के चलते मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

आरोप है कि व्यापारी के कर्मचारियों ने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। टीम का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट हर्षवर्धन ने बताया कि वे कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए हैं और पुलिस टीम के साथ नोटिस तामील कराने के साथ-साथ माल की जांच करने पहुंचे थे। जांच के दौरान नकली सर्फ एक्सेल मिलने पर उन्होंने नियमानुसार कार्रवाई की, लेकिन व्यापारी के कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। उन्होंने बताया कि टीम कोर्ट के आदेश का पालन करने पहुंची थी और उनके पास सर्च एवं सीजर (जब्ती) कार्रवाई की विधिवत अनुमति भी मौजूद है। सूचना मिलते ही व्यापारी नेता संजय जुनेजा मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का विरोध जताया। उन्होंने व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। घटना के बाद कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा का कहना था कि जब जांच को पहुंचे लोगों से दस्तावेज और कंपनी का कार्ड दिखाने को बोला तो वह नहीं दिखा पाए और अभद्रता करने लगे। संजय जुनेजा ने कहा कि अगर उनके पास सामान की जांच को लेकर दस्तावेज हैं और वह कंपनी के ही लोग हैं तो वह दस्तावेज दिखाएं और स्थानीय पुलिस को साथ लाएं सभी व्यापारी जांच में उनका साथ देंगे। जब तक स्थानीय पुलिस प्रशासन उनके साथ नहीं होगा वह विरोध करते रहेंगे। किसी व्यापारी का उत्पीड़न किसी कीमत पर नहीं होंने देंगे।

# नशा तस्करों का पुलिस को चैलेंज

■ खुल्लम -खुल्ला नगर में अफीम का कारोबार

■ पुलिस का नशे पर प्रतिबंध लगाने का दावा पूरी तरह खोखला

■ नगर के कई स्थानों पर बिक रही कच्ची शराब और अन्य नशा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** कोतवाली पुलिस का नशे पर प्रतिबंध लगाने का दावा पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है, सही मायनों में पुलिस का नेटवर्क नशा तस्करो के आगे मानो फेल होता दिखाई दे रहा है।

बता दें कि अब तक नगर में कच्ची शराब तो खुले आम बिक ही रही थी, लेकिन अब पुलिस का खौफ खघ्त्म होते ही नशा तस्कर भी सक्रिय हो गये हैं, इन दिनों नगर में अफीम की तस्करी का कारोबार खूब फल फूल रहा हैं नशा तस्कर बिना भय के नशा कारोबार कर नशे के शौकीनो तक अफीम की खेप को बिना की डर के मुहैया करा रहे हैं, नशा तस्करो के आगे मानो पुलिस का नेटवर्क फेल होता दिख रहा हैं, जो अधिकारी नशे पर यहा लगाम कस गये उनके यहां से जाते ही नशा तस्कर फिर सक्रिय हो गये हैं, गौरतलब रहे की नगर में कच्ची शराब मिलना और उसकी बिक्री करना शराब तस्करो के लिए आम बात सी हो गयी हैं, कच्ची शराब की बिक्री करने वालों के यहां सुबह व शाम ऐसे भीड़ लगती है जैसे राशन की दुकान पर राशन लेने वालों की भीड हो लेकिन पुलिस को इससे मानो कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो, जिले में बैठे पुलिस के अधिकारी चाहे नशे को लेकिन अपने अधीनस्थो के कितने भी पेच कस रहे हो लेकिन उनका इन पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा , नगर में घूमने वाली काले शीशो की कुछ कारे इन दिनों अफीम के सौदागरों के लिए वरदान साबित हो रही हैं जिसकी आड में नगर में नशा कारोबार अपनी जडे पसारता नगर आ रगा है।

### नशे के कारोबार से नगर में चोरियों के होने का खतरा बढ़ा

**नानकमत्ता ।** नशे की बिक्री नगर क्षेत्र में बढ़ते ही नगर में नशे की लत को पूरा करने के लिए नशेडी अब चोरी की घटनाओं को करने से भी नहीं चूक रहे , बिते दिवस अज्ञात चोरों ने नगर के पूर्व सभासद के घर की रसोई में रखे गैस के दो सिलेंडरो को चोरी कर लिया हैं,जिसका पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा पायी है।

### नशे के कारोबार की खबरें झूठी बता रही हैं मित्र पुलिस

**नानकमत्ता ।** नगर क्षेत्र में नशे की बिक्री व नशे के होने वाले कारोबार की अखबार द्वारा छापी जा रही खबरों को तो पुलिस झूठी खबरें बताने में लगी हैं परन्तु नगर के कुछ गली मोहल्लो में खुले आम बिक रही कच्ची शराब , व अफीम के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने में विफल साबित हो रही है।



### विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन श्रद्धा,उत्साह और एकता का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-पाठ के साथ हुई,जिसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लिया,जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

इसके पश्चात गोपाल वाटिका में हजारों की संख्या में हिंदू धर्म प्रेमियों का एकत्रीकरण हुआ। सम्मेलन में उपस्थित हिंदूवादी धर्मगुरुओं ने हिन्दुत्व के मूल सिद्धांतों, सनातन संस्कृति की महत्ता एवं सामाजिक एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाज को संगठित रहकर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी सनातनियों ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ईश्वरी दत्त जोशी, मिरा विश्नोई, हरीश भट्ट, गोपाल कोछड़, प्रेम मुंगेली , केलाश तिवारी, राजेश कुमार, कन्नू जोशी, वीरेंद्र विष्ट, कोमल सैनी, मोहन पाल, डॉ मोहन पांडे, पूरन सिंह, सूरज, पप्पू रावत, हीरालाल सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# हिंदू सम्मेलन में एकता पर जोर

**रंगारंग कार्यक्रम से बच्चों ने तालियां बजाने पर किया मजबूर, दर्शक हुए गदगद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों से अपनी देशभक्ति की भावनाओं को व्यक्त किया। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

रविवार को आवास विकास के अंबेडकर पार्क (दशहरा पार्क),में "प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ और दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया।





इसके उपरांत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजित प्रबुद्ध जनों के उद्बोधन सत्र में वक्ताओं ने सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और हिंदू जागरण के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के मुख्य वक्ता आचार्य देशमुख वरिष्ठ (प्रसिद्ध कथावाचक, सहारनपुर) ने अपने संबोधन में समाज में एकता, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंप. राओं को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है। कार्यक्रम का समापन समरसता भोज के साथ हुआ, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक बंटी छाबड़ा,सह संयोजक प्रमोद नेगी,सह संयोजक पंकज कांडपाल,सह संयोजक पूनम कौशिक, कोषाध्यक्ष दर्शन नेगी की मुख्य भूमिका रही वही इस दौरान प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा,ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर, प्रीत ग्रोवर,पंकज सेतिया, राकेश भुड्डी, सुरेश कंबोज, रविंदर बजाज, मिन्नी गुंबर, सुरेश खुराना, अशोक छाबड़ा शिवम त्रिपाठी तनुज गिल्होत्रा ,सोनू विश्वास, चंदर खेड़ा आकाश कोचर के अलावा महिलाओं में पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी, पूनम ग्रा. ेवर, कुलवीरी चौधरी, गीता पपोला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौटियाल के साथ भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके समर्थकों द्वारा की गई कथित बदसलूकी और मारपीट के खिलाफ रामनगर में धरना प्रदर्शन किया।

आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने रामनगर के मुख्य चौराहे लखनपुर पर एकत्रित होकर विधायक उमेश शर्मा काऊ व बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य अधिकारियों और जनता की रक्षा करना होता है, लेकिन सत्ता के नशे में चूर भाजपा विधायक श्भक्षकश की भूमिका निभा रहे हैं।

शिक्षा जगत के एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल शर्मनाक है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे का अपमान है।युवा कांग्रेस ने विधायक उमेश शर्मा काऊ अपने इस कृत्य के लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौटियाल से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

प्रदेश सरकार सुनिश्चित करे कि सरकारी अधिकारी बिना किसी राजनीतिक दबाव या भय के अपना काम कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी गुंडागर्दी करने वाले जनप्रति. निधियों पर पार्टी और सरकार सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यहां सुमित लोहनी, अमित कुमार, नितिन शाह, सभासद सचिन कुमार, सभासद सोनू करीम,केवल सिंह, विकाश कुमार आर्य,प्रमोद कुमार हरदीप सिंह सोनू तिवारी दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सुरों की रोशनी से जगमगाया सरस मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** सरस मेले की सांस्कृतिक संध्या उस समय यादगार बन गई जब विद्युत विभाग चंपावत के अधिशासी अभियंता विजय सकारिया ने मंच संभालते ही अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया।

दैनिक प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच उनका यह संगीतमय रूप दर्शकों के लिए सुखद आश्चर्य साबित हुआ। जैसे ही उन्होंने गीत की शुरुआत की, पंडाल तालियों की गूंज से भर उठा। हर अंतरे पर श्रोताओं का उत्साह और बढ़ता गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि यह प्रस्तुति केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह दर्शाती है कि प्रशासनिक अधिकारी भी सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनकी आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और सहज मंच संचालन ने सभी का दिल जीत लिया। मेले में आए अतिथियों और स्थानीय नागरिकों ने विजय सकारिया की सराहना करते हुए इसे सरस मेले की सबसे खास प्रस्तुतियों में से एक बताया। कार्यक्रम के बाद लोगों ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके इस बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा की। सरस मेले की इस संगीतमय शाम ने यह संदेश दिया कि जब जिम्मेदारी और रचनात्मकता साथ चलती हैं, तो हर मंच पर रोशनी और सुर दोनों एक साथ चमक उठते हैं।

**अधिशासी अभियंता विजय सकारिया ने बांधा समा**

### सरेंडर वाहन पर 6 माह बाद राजस्थान में चालान!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रशासन से सख्त जांच की मांग**

**चम्पावत।** जनपद चंपावत में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें 1 जून 2025 को विधिवत सरेंडर किए गए वाहन का छह माह बाद दूसरे राज्य में चालान कर दिया गया। मामला वाहन संख्या UK03CA 1757 से जुड़ा है, जिसे वाहन स्वामी सोहेल रजा पुत्र गुलाम रसूल, निवासी ग्राम मनिहार गोठ, जनपद चम्पावत ने ए.आर.टी.ओ. कार्यालय टनकपुर में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर अधिकृत रूप से सरेंडर कर दिया था।

प्रार्थी के अनुसार, वाहन 01 जून 2025 से न तो जनपद में चला और न ही राज्य की सीमा से बाहर गया। इसके बावजूद 09 दिसम्बर 2025 को उनके मोबाइल पर एक ई-चालान संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें चालान का स्थान राजस्थान राज्य के ए.आर.टी.ओ. अरोली टोलगेट क्षेत्र दर्शाया गया। सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि जब वाहन आधिकारिक रूप से सरेंडर किया जा चुका था, तब राजस्थान में उसका चालान कैसे हुआ? क्या यह फर्जी नंबर प्लेट का मामला है? क्या किसी साइबर अपराधी ने वाहन संख्या का दुरुपयोग किया? या फिर राज्यों के परिवहन डाटाबेस में समन्वय की भारी चूक हुई है? यह घटना न केवल परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि वाहन स्वामी की कानूनी सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता उत्पन्न करती है।

वाहन स्वामी सोहेल रजा ने दिनांक 17 फरवरी 2026 को जिलाधिकारी चम्पावत को प्रार्थना-पत्र देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई है कि यह मामला साइबर अपराध या फर्जी नंबर प्लेट गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिसकी गहन पड़ताल आवश्यक है। यह मामला प्रशासनिक सतर्कता और विभागीय समन्वय की कसौटी बन गया है। यदि सरेंडर वाहन का भी चालान संभव है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा और रिकॉर्ड प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नि. चह्न लगना स्वाभाविक है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि इस प्रकरण में कितनी तत्परता और पारदर्शिता से कार्रवाई की जाती है।

# राशन कार्ड सत्यापन व्यवस्था हुई ठप

**गरीब लाइन में 'धन्ना सेठ' ले रहे पूरा लाभ!**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर / चंपावत।** जनपद चंपावत के अधिकांश ग्राम क्षेत्र में लंबे समय से राशन कार्डों का सत्यापन न होने के कारण व्यवस्था सवालों के घेरे में है। जहां एक ओर वास्तविक जरूरतमंद परिवार सरक. ारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर संपन्न और सक्षम लोग राशन व्यवस्था का खुलकर लाभ उठा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से राशन कार्डों की जांच और पुनः सत्यापन की प्रक्रिया नहीं हुई है। परिणामस्वरूप, ऐसे परिवार जो आर्थिक रूप से मजबूत हैं, वे भी सस्ते गल्ले की दुकान से अनाज प्राप्त कर रहे हैं। वहीं असल पात्र गरीब परिवार, जिनके पास आय का स्थायी साधन नहीं है, वे कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पात्र परिवारों के नाम सूची में नहीं जोड़े जा रहे हैं, जबकि अपात्र लोगों के नाम वर्षों से बने हुए हैं। इससे सरकारी योजनाओं की मंशा पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल विशेष अभियान चलाकर सभी राशन कार्डों का पुनः सत्यापन कराए, अपात्र लोगों के नाम हटाए जाएं और वास्तविक पात्रों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं।

अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे और गांव के गरीबों को उनका हक कब मिलेगा यह एक अहम सवाल है।

# बनबसा में पालतू कुत्तों का आतंक

**मीटर रीडर अंकुर अग्रवाल पर किया हमला, हालत नाजुक, बरेली रेफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** दो दिन पूर्व मीटर रीडिंग लेने गए मीटर रीडर अंकुर अग्रवाल पर एक पालतू कुत्ते द्वारा किए गए हमले का मामला अब गंभीर मोड़ ले चुका है। प्रारंभिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें आज उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना बनबसा क्षेत्र में उस समय हुई जब अंकुर अग्रवाल नियमित ड्यूटी के तहत उपभोक्ता के घर मीटर रीडिंग लेने पहुंचे थे।

इसी दौरान घर के पालतू कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल खटीमा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन लगातार बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। कंपनी के सुप. रवाइजर आकाश कुमार ने बताया कि अंकुर अग्रवाल का उपचार बरेली में जारी है और कंपनी की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा विभाग द्वारा जो भी संभव सहायता होगी, उसके लिए उचित कार्रवाई की जा रही है। हम पीड़ित कर्मचारी और उनके परिवार के संपर्क में हैं।

घटना के बाद क्षेत्र में कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में सख्ती



**सत्यापन में कमी पर 10,000 का चालान, पुलिस ने जारी किया सख्त नोटिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मनिहार गोठ।** ग्राम पंचायत मनिहार गोठ क्षेत्र में किरायेदार एवं बाहरी व्यक्तियों के पुलिस सत्यापन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई सामने आई है। धारा 83 के अंतर्गत की गई कार्यवाही में कमी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश करने हेतु 10,000 का चालान किया गया है।

यह कार्रवाई सत्यापन टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई, जिन्होंने क्षेत्र में चल रहे विशेष अभियान के दौरान दस्तावेजों की जांच की। जांच में पाया गया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा अनिवार्य पुलिस सत्यापन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। उत्तराखंड पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार क्षेत्र के सभी मकान मालिक, ठेकेदार, व्यवसायी, होटल/आश्रम/धर्मशाला संच. ालक, रेजिडेंशियल अपार्टमेंट प्रबंधक, गेस्ट हाउस, होमस्टे, हॉस्टल, जिम, स्पा सेंटर, ब्यूटी पार्लर संचालक, जोमैटो/ अमेजॉन/ स्विगी डिलीवरी कर्मी से जुड़े प्रबंधक, खनन मजदूर नियोजक, रेहड़ी-ठेली संचालक, शिक्षण संस्थान, जन सुविधा केंद्र संचालक एवं वाहन चालक को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने किरायेदारों/बाहरी व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# रुद्रपुर में हिन्दू सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण पर बल

**संत समाज एवं जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने की सहभागिता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र में दो भव्य हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के भाव के साथ सम्पन्न हुआ। फुलसूंगा, सुभाष उपनगर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन तथा देव होम्स एलाइट में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत समाज एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

फुलसूंगा, सुभाष उपनगर में आयोजित सम्मेलन में हरिद्वार से पधारे पूज्य संत दिगंबर मणिराज पुरी एवं शिव गिरी (जूना अखाड़ा) ने अपने आशीर्वचन प्रदान किए। मुख्य वक्ता मिथिलेश शांडिल्य ने अपने ओजस्वी संबोधन में हिन्दू समाज की एकता, संगठन और युवा शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेंद्र गिरी ने की। कार्यक्रम संयोजक मनोज ठाकुर एवं सहसंयोजक रोहित भट्ट रहे। मंच संचालन चन्दन भट्ट द्वारा किया गया तथा राहुल तिवारी का विशेष सहयोग रहा।



इस अवसर पर रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने कहा, "हिन्दू सम्मेलन सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण का अभियान है। जब समाज संगठित होता है तो विकास की गति स्वतः तेज हो जाती है। हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आधुनिक प्रगति की ओर भी बढ़ना है।" उन्होंने युवाओं से समाजसेवा एवं राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

वहीं किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "सनातन संस्कृति विश्व को मानवता, सेवा और समरसता का संदेश देती रही है। आज आवश्यकता है कि हम अपने धर्म और संस्कृति के मूल सिद्धांतों को समझें और उन्हें जीवन में उतारें। एकजुट समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है।" उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामाजिक जागरूकता का सशक्त माध्यम बताया। देव होम्स एलाइट में आयोजित सम्मेलन में संत समाज से दूधिया बाबा, स्वाति दीदी एवं जगबंधु जी महाराज ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, युवा जागरण एवं संस्कृति संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे।

दूधिया बाबा ने कहा, "सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की पवित्र शैली है। जब समाज अपने संस्कारों और परंपराओं से जुड़ा रहता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। हमें भेदभाव छोड़कर प्रेम, सेवा और सहयोग की भावना को अपनाना होगा।" उन्होंने युवाओं से अपनी जड़ों से जुड़ते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# उत्तरी भारत के तर्कशीलों का सम्मेलन रामनगर में संपन्न हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तर भारत के तर्कशीलों व ज्ञान विज्ञान को लेकर समाज में जागरूकता का काम कर रहे संगठनों एवं लोगों का सम्मेलन 21 और 22 फरवरी को अग्रवाल सभा भवन रामनगर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में शामिल सभी संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने सांझा मंच की आग बढ़ाते हुए नेशनलिस्ट फेडरेशन आफ इंडिया नोर्थ जोन का गठन किया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए तहसील सोसाइटी पंजाब कार्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष जसवंत मोहाली ने कहा कि भारत का संविधान की धारा 51 ए एच के तहत सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे समाज में वैज्ञानिक चिंतन और ज्ञानार्जन की भावना पैदा करें। इसके बावजूद भी समाज में अंधविश्वास और कूपमण्डूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है और सरकारें भी अंधविश्वास और पाखंड को इसे बढ़ा रही हैं। साइंस फॉर सोसाइटी के संयोजक मदन सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के लिए काम करने वाले सभी संगठनों और लोगों की सांझा गतिविधियों से समाज में तर्कशील आंदोलन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश और संविधान की बुनियाद धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर टिकी हुई है। हम उम्मीद करते हैं कि नेशनलिस्ट फेडरेशन आफ इंडिया इन संविधानिक मूल्यों को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। 22 फरवरी की शाम को विज्ञान और अंधविश्वास को लेकर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाब से आए रामकुमार ने हवा से सोने की चौन पैदा करने, त्रिशूल को जीभ से आर पार कर लोगों को अचंभित कर दिया।

# श्वेता माहरा ने पांच प्रेरक महिलाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चम्पावत)।** नगर पालिका सभागार में शनिवार को आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आत्मविश्वास, संघर्ष और सफलता की प्रेरक कहानियों का साक्षी बना। उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध लोक कलाकार श्वेता माहरा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। सभागार में महिलाओं, युवाओं और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दौरान समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली पांच महिलाओं को सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने वाली समिति अध्यक्ष दीपा देवी, ई-रिक्शा चलाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करने वाली गौरी देवी, पारंपरिक ऐपण कला को नई पहचान दिलाने वाली कनिका ठाकुर, समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने वाली उर्मिला चंद तथा अधिवक्ता के रूप में महिलाओं के अधिकारों के लिए मुखर आवाज बनीं एडवोकेट ऋतु सिंह को मंच पर श्वेता माहरा ने सम्मानित किया। तालियों की गूंज के बीच यह संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया कि महिलाएं जब ठान लेती हैं तो बदलाव तय होता है।

मीडिया से बातचीत में श्वेता माहरा ने कहा कि नारी केवल सम्मान की पात्र नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन की धुरी है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण कोई नारा नहीं, बल्कि सोच और संकल्प का विषय है। "जब महिलाएं अपनी क्षमता पहचान लेती हैं तो हर बाधा छोटी पड़ जाती है। आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी शक्ति है," उन्होंने कहा। उन्होंने युवतियों से शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने खुलकर अपने प्रश्न रखे, जिनका श्वेता माहरा ने सहज और प्रेरक अंदाज में उत्तर दिया। पूरा सभागार सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अलप महर और इशिका जोशी ने किया। इस अवसर पर नितिन मंगला, समीर सिंह, मनीष बिष्ट, मयंक पंत, सौरभ पांडे, भौमिक, नितिन, प्रियांशु, मीनाक्षी, प्रियंका, आरती, भावना, हिमांशी, कोमल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। यह आयोजन यह संदेश देकर गया कि जब नारी शक्ति को सम्मान मिलता है, तो समाज की दिशा स्वयं सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ जाती है।

# मोदी की मन की बात भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मोदी के मन की बात का 173 वां एपिसोड प्रसारित प्रसारित किया गया। जिसको भाजपा कार्यकर्ताओं ने ध्यान से सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में आयोजित एआई सबमिट में विश्व के सभी शक्तिशाली नेताओं की उपस्थिति, भारत में एआई की बढ़ती उपयोगिता व महत्व, टी ट्वेंटी टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों का योगदान आधुनिक खेती की गुणवत्ता आदि विषयों पर चर्चा किया।



कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के नानकमत्ता अध्यक्ष विक्की अंसारी का भी अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, बसंती सामंत, मनोज बाधवा, अनवार मलिक, किशन बिष्ट, विक्की अंसारी, मास्टर अनवर अहमद, संतोष अग्रवाल, रमेश ढींगरा, कमल शर्मा, राहुल सक्सेना, करन यादव, माधवानंद जोशी, मोहम्मद उस्मान, एजाज अहमद, अलमास, शरीफ अहमद, रिजवान खान तथा अयूब नफीस आदि उपस्थित थे।

# आठवीं के छात्र को बाघ ने बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर ।** क्षेत्र के तराई पश्चिमी वन विभाग पतरामपुर रेंज में गुलदार ने एक 16 वर्षीय युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पतरामपुर रेंज के दक्षिणी क्षेत्र में भोगपुर तीर्थ नगर नंबर एक के सुंदर नगर में बाघ ने आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 16 वर्षीय किशोर अमरीक सिंह को अपना शिकार बना लिया अमरीक सिंह अपने पशुओं को चारा डालने के लिए जा रहा था उसी समय बाघ ने उसे पर हमला कर दिया और उसे घर से लगभग 100 मीटर दूर तक जंगल में ले गया। आसपास के लोगों ने किशोर की चीख सुनकर उसका पीछा किया तो शोर मचाने पर बाघ किशोर को छोड़कर चला गया, लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही वन विभाग घटना के बाद पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया।

मृत युवक के पिता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि उनका बेटा स्कूल से आने के बाद पशुओं को चारा डालने गया था तभी आड़ में छुपे बाघ उस पर हमला कर दिया। बच्चों की चीख पुकार सुनकर वह बाघ के पीछे भागे तो वह उसे छोड़कर चला गया। स्थानीय लोगों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विगत कुछ समय से बाघ लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को अपना निशाना बन चुका है। उन्होंने शासन प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इस वन्य जीव को नहीं पकड़ा गया तो और भी घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने बच्चे के पिता को सरकार की तरफ से मुआवजा दिए जाने की मांग की। मौके पर पहुंचे डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि तीर्थ नगर में एक बच्चा स्कूल से जंगल की ओर गया था तभी उस पर टाइगर ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । विभागीय कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने पीड़ित परिवार का मामला उच्च स्तर पर प्रेषित करने की बात कही और परिवार की हर संभव मदद करने के प्रयास की बात भी कहीं।

# गोलीकांड में घायल व्यापारी ध्रुव चावला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विगत दिनों सिविल लाइन स्थित युवा व्यापारी ध्रुव चावला गोली कांड में युवक का दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल मे इलाज के दौरान निधन हो गया। व्यापारी का शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। विधायक शिव अरोरा स्वयं मौके पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जहां उन्होंने युवा व्यापारी के इस प्रकार से हुए निधन पर गहरा दु:ख जताया व परिजनों को इस संकट की घड़ी मे ढांडस बंधाया।

विधायक ने परिवार की मांग पर इस घटना की हर पहलू से जांच हेतु दूरभाष पर सीओ सिटी प्रशांत कुमार से बात की और कहा इस गोलीकांड की हर प्रकार से जांच हो। इतनी युवा अवस्था में युवक का जाना आखिर इसके पीछे सामान्य सुसाइड है या फिर इसके पीछे अन्य कोई कारण को लेकर निष्पक्ष जांच हो। विधायक बोले युवक परिवार गुजर बसर करने का माध्यम था, उसका आकस्मिक इस पर से जाना से क्षेत्र में काफी चिंता का विषय बना हुआ है। विधायक ने क्षेत्र के नौजवान युवाओं से अपील कि किसी भी परिस्थितियों में इस प्रकार के कदम ना उठाएं और कितनी भी कठिन से कठिन परिस्थिति हो कोई भी युवा नौजवान इस प्रकार के कदम ना उठाएं।


















# कर्मचारी विश्वविद्यालयों के महत्वपूर्ण अंग: प्रो. त्रिपाठी

## उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का तीसरा द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का तृतीय आदिवासी अधिवेशन रविवार को उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल परिसर हरिद्वार स्थित चरक प्रेक्षागृह में हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर कर्मचारी को विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण अंग मानते हुए विश्वविद्यालयों की कार्य प्रणाली को बेहतर करने हेतु कार्मिकों को नवीन तकनीकों से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला और विश्वविद्यालय की स्वायत्ता को नवोन्मेष हेतु अति आवश्यक बताया। उत्तराखंड राज्य में स्थित 11 राजकीय विश्वविद्यालय एवं गुरुकुल कांगड़ी सम विद्यालय तथा हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के




संयुक्त संगठन उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का तीसरा द्विवार्षिक सममेलन हरिद्वार स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल परिसर में संपन्न हुआ जिसमें वक्ताओं ने विश्वविद्यालय में संस्थागत स्वायत्ता पर महत्वपूर्ण चर्चा की एवं नवीन शिक्षा नीति पर केंद्रित व्यवस्था में संस्थागत स्वायत्ता को महत्वपूर्ण अंग माना।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि गुरुकुल परिसर के निदेशक प्रो. गिरिराज गर्ग ने कहा कि विश्व. विद्यालय के कार्य संचालन में संस्थागत स्वायत्ता एक महत्वपूर्ण अंग है एवं विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन हेतु इसको यथावत व मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत ने विश्वविद्यालय की स्वायत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस हेतु संगठनों को सकारात्मक प्रयास करने और जल्द ही इस हेतु संयुक्त रणनीति बनाए जाने पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महामंत्री प्रशांत मेहता ने किया।

कार्यक्रम की द्वितीय चरण में अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष देवेंद्र धामी, औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के धन सिंह नेगी, मुक्त विश्वविद्यालय के भारत नैनवाल, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलदीप सिंह, नांदबल्लभ पालीवाल, पंतनगर विश्वविद्यालय के ओमप्रकाश गुप्ता तथा संस्कृत विश्वविद्यालय के चंदन सिंह रावत, गुरुकुल विश्वविद्यालय के रजनीश भारद्वाज, आयुर्वेद विश्व. विद्यालय के खेमानंद भट्ट तथा श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के जोत सिंह भंडारी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंतिम चुनाव सत्र में संगठन के चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया गया और एवं सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला को अध्यक्ष जबकि मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के भारत सिंह नैनवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों पर वानिकी विश्व. विद्यालय भरसार से धन सिंह नेगी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से देवेंद्र धामी जबकि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से विपिन चंद्र व जगमोहन सिंह मेहरा, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से प्रकाश तिवारी जबकि संस्कृत विश्व. विद्यालय से चंदन सिंह रावत, महामंत्री पद पर दून विश्वविद्यालय से प्रशांत मेहता वहीं संयुक्त मंत्री पद पर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से नवल किशोर बिनवाल जबकि गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय से रजनीश भारद्वाज और पंतनगर विश्वविद्यालय से ओमप्रकाश गुप्ता तथा संगठन मंत्री पद पर श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से जोत सिंह भंडारी व अंशुमान पंत, प्रांतीय प्रवक्ता पद पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के समीर पांडे वहीं कोषाध्यक्ष पद पर सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के देवेंद्र सिंह पोखरिया, सह कोषाध्यक्ष पद पर संस्कृत विश्वविद्यालय के महेंद्र रावत एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय के अनिल नेगी निर्वाचित हुए, वहीं आमसभा द्वारा ध्वनिमत से वरिष्ठ कर्मचारी नेता कुमाऊं विश्वविद्यालय के भूपाल सिंह करायत एवं गढ़वाल विश्वविद्यालय के राजेंद्र सिंह भंडारी को मुख्य संरक्षक का दायित्व दिया और वहीं कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलदीप सिंह को संरक्षक पद का दायित्व दिया गया। अंत में चुनाव अधिकारी द्वारा समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# शांतिपुरी में हिंदू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** रविवार को रामलीला मैदान शांतिपुरी में में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संत शिवानंद महाराज, राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला प्रचारक रेखा भाटिया व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी भगत सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत शिवानंद महाराज ने कहा कि राष्ट्र रक्षा और धर्म की रक्षा नेताओं की नहीं हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इंसाफ करने वाला महान योद्धा बताया। राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला प्रचारक रेखा भाटिया ने हिन्दुओं से बच्चों को परिवार में संस्कारित वातावरण देने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधान कविता तिवारी, प्रधान तारा पांडे, प्रधान दीपा जगदीश कांडपाल, प्रधान बचुली देवी, सैनिक संगठन अध्यक्ष सू.मे. लालसिंह कोरंगा, दिनेश भाटिया, दिग्विजय सिंह खाती, खण्ड कार्यवाह लक्ष्मण सिंह कोरंगा, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित कांडपाल, मोहन पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में गुंडागर्दी हावी: इंदरपाल आर्य

## भवाली पहुंचे कांग्रेस कमेटी के नैनीताल जिला प्रभारी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में रविवार को कांग्रेस कमेटी के नैनीताल जिले के प्रभारी इंद्रपाल आर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इससे पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी ने भवाली पहुंचने पर प्रभारी इंद्रपाल आर्या का फूल मालाओं के साथ शाल पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए भाजपा के जन विरोधी नीतियों को आम जनजन तक पहुंचाने की अपील की।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार की कामयाबियां बनाते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना गरीब मजदूरों के



लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई योजना से देश में लाखों परिवारों को रोजगार की गारंटी मिल रही थी लेकिन भाजपा सरकार ने इसका नाम ही नहीं बदला अपितु इस योजना में छेड़छाड़ कर रोजगार की गारंटी को खत्म कर दिया। बैठक का संचालन करते हुए पार्टी की पीसीसी सदस्य एवं जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव भगत ने भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहां कि देवभूमि उत्तराखंड प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से खत्म हो चुकी है। कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी हावी है। सत्ता पक्ष तथा विपक्ष को विपक्ष ना समझ कर सीधे दुश्मन समझा जा रहा है जो कुछ गलत है। कहा कि महिला अपराध में आज उत्तराखंड प्रदेश प्रथम स्थान पर है यह बहुत ही शर्मसार करने वाली बात है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजान रजवार समेत पुष्पेश पांडे, हरेंद्र आर्य, लोकेश जोशी, उषा कन्नौजिया, सुमन आर्या, उमेश टमटा, तुलसी बिष्ट, रचना, निशा बिष्ट, अनीता, राहुल पांडे तथा उमेश टम्टा व विकास मौजूद थे।

# क्वारब डेंजर जोन में बोल्डर की चपेट में आया युवक

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास बदहाल सड़क से आवगमन करना खतरे का सबब बन गया है। रविवार शाम क्वारब मार्ग से गुजर रहा एक स्कूटी सवार युवक पहाड़ी से गिरे बोल्डर की चपेट में आ गया। गमीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हादसे में युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। दरअसल, क्वारब की दरकती पहाड़ी और बदहाल सड़क की समस्या से निजात को लेकर इन दिनों ट्रीटमेंट का कार्य चल रहा है। ऐसे में दरकती पहाड़ी को पार करने के लिए वाहन चालक जान हथेली में लेकर आवगमन कर रहे है। रविवार शाम को पहाड़ी के ट्रीटमेंट के बीच वहां से गुजर रहे स्कूटी सवार 40 वर्षीय लमगड़ा निवासी भगवत राम बोल्डर की चपेट में आ गया।

# धूमधाम से मनाया सीमांत मुख्यालय का 15वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** सशस्त्र सीमा बल के रानीखेत स्थित सीमांत मुख्यालय का 15वां स्थापना दिवस भव्यता और पारंपरिक गौरव के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बल के शौर्य, समर्पण और अनुशासित कार्यप्रणाली की झलक देखने को मिली। समारोह का शुभारंभ भावपूर्ण एवं गौरवशाली रहा। मुख्य अतिथि कार्यकारी महानि. रीक्षक दुर्गा बहादुर सोनार ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इसके पश्चात, बल की एक सुसज्जित विशेष टुकड़ी द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। संबोधन के दौरान कार्यकारी महानिरीक्षक ने मुख्यालय की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद बल ने सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व के अपने मूल मंत्र को चरितार्थ किया है। जिसके बाद उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान का विशेष आयोजन किया गया। महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल, नई दिल्ली की ओर से सराहनीय कार्य करने हेतु चयनित कार्मिकों को श्महानिदेशक सिल्वर डिस्कश् एवं प्रशंसा पत्र से अलंकृत किया गया। यहां कमांडेंट डा. जेके शर्मा, कमांडेंट देबासिस पाल, द्वितीय कमान अधिकारी कुमार सुंदरम, उप कमांडेंट प्रभाकर, जसवीर सिंह, सहायक कमांडेंट संजीव डिमरी, सहायक कमांडेंट राहुल कुमार राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# छात्रावास मार्ग पर सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कोर एशेंस लाइफ रूट फाउंडेशन ने कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के केपी छात्रावास मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया। बता दें रविवार को कोर एशेंस लाइफ रूट फाउंडेशन की टीम द्वारा के केपी छात्रावास के मार्ग के आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान टीम के सदस्यों ने केपी छात्रावास के बाहरी रास्तों और आसपास के ढलानों से भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक और विशेषकर शराब की बोतलें एकत्र कीं। फाउंडेशन ने इस बात पर चिंता जताई कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह कचरा फैलाना पर्यावरण और शहर की छवि के लिए हानिकारक है। सफाई अभियान को स्फ ल बनाने में ज्योति दुर्गापाल, राजेंद्र प्रसाद,



प्रियांशु प्रसाद, हिमांशी, गीतांजलि भंडारी, माही आर्या, आरती बिष्ट, तनुज नेगी, मयंक सनवाल, बीना बसेड़ा, सूरज, संजना रावत, अंजलि बिष्ट, किरन और मोनिका ने अपना सक्रिय योगदान दिया। रविवार को आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में 16 लोगों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर कूड़ा इकठ्ठा किया और कई कट्टे (पॉली बैग) कचरे से भरकर एकत्र किए। फाउंडेशन के सदस्यों ने वहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने अपील की कि लोग कूड़ा केवल डस्टबिन में ही डालें और कांच की बोतलों व प्लास्टिक को खुले में न फेंकें। संस्था ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य नैनीताल के हर कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाना है और इस तरह के अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## एक नजर....

### युवक ने राह चलती किशोरी को पीटा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल चीना बाबा चौराहा क्षेत्र में एक युवक ने राह चलती किशोरी को पीट दिया। बीच राह मारपीट देख लोगों ने युवक को पकड़ पुलिस के हवाले किया तो पुलिस ने युवक के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई कर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी 17 वर्षीय किशोरी शनिवार देर रात बाजार से घर को जा रही थी। इस बीच सामने से आ रहे युवक ने अचानक उसको पीट दिया। किशोरी को पीटता देख लोगों ने किशोरी को युवक से बचाया और युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली आने पर किशोरी व उसके साथ मौजूद अन्य लड़कियों द्वारा युवक पर कमेंट किये जाने का पता लगा। हालांकि लंबी पूछताछ में युवक मानसिक रुप से अस्वस्थ प्रतीत हुआ। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि किशोरी व उसके परिजनों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं चाहने पर गार्डन हाउस मल्लीताल निवासी प्रवीण सिंह बिष्ट के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### नैनीताल घूमने आए युवक की संदिग्ध मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के कोटद्वार से नैनीताल घूमने आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक सतपुली (कोटद्वार) निवासी 20 वर्षीय सुमित सिंह पुत्र दिनेश सिंह अपनी महिला मित्र के साथ कैंची धाम दर्शन के आए हुए थे। दोनों ने तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में कमरा लिया था। बताया जा रहा है कि रात्रि में सुमित की अचानक तबीयत खराब हुई जिसके बाद उसे तत्काल बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल के चिकित्सक डा. सुनील ने बताया कि युवक को अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। रविवार को अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई वही पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोल्ड ड्रिंक व कफ सिरप तथा दवाई पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सील कर दिया है। महिला मित्र के अनुसार दोनों घरवालों को घूमने की जानकारी देकर आए थे। सुमित की तबीयत बिगड़ने की सूचना रात में ही परिजनों को दे दी गई थी जिसके बाद दोनों पक्षों के परिजन नैनीताल पहुंच गए। दूसरी ओर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल में यातायात पुलिस की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 लोगों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है वहीं बिना डीएल वाहन चलाने पर एक वाहन सीज भी किया गया है। रविवार को यातायात पुलिस ने तल्लीताल व मल्लीताल में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान यातायात पुलिस ने बिला हेलमेट दो पहिंया दौड़ाने वालों समेत दो पहिंया वाहनों में ट्रिपलिंग करने वालोंए नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि रविवार को चलाए गए अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं बिना डीएल वाहन चलाने पर एक दो पहिंचा वाहन सीज किया गया है।

### वीकेंड पर सामान्य रही सैलानियों की आमद

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड पर सैलानियों की आमद सामान्य बनी रही। पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आवाजाही से चहल पहल बनी रही। वीकेंड पर आठ हजार से अधिक सैलानी पहुंचे हैं। नगर में शुक्रवार शाम से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार देर रात तक जारी रहा। रविवार को डे विजिट पर आने वालों की संखया सर्वाधिक रही। इस बीच नगर के आंतरिक पर्यटन स्थल स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल तथा केव गार्डन व चिड़ियाघर समेत हनुमानगढ़ी में पूरे दिन बड़ी संख्या में सैलानियों की आवाजाही रही। जबकि मालरोड सैलानियों से रौनक रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा तो घुड़सवारी के शौकीन टूरिस्ट बारा पत्थर पहुंचे हुए थे। शाम के समय सूर्यास्त का आनंद उठाने के लिए सैलानी हनुमानगढ़ी पहुंचे हुए थे। लेज ब्रिज टोल टैकस के अनुसार लगभग डेढ़ हजार पर्यटक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया। जिनमें आठ हजार सैलानी पहुंचे। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार आने वाले दिनों में सैलानियों की आमद कम रहेगी।

### नैनीताल में दोपहर बाद छाए कोहरे से बढ़ी ठंड

**नैनीताल।** सोमवार यानी आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। वैज्ञानिकों की मानें तो यह विक्षोभ भी कमजोर है जो हल्की बारिश और बर्फबारी में सिमट जाएगा। इधर रविवार को नैनीताल में धूप और छांव का खेल पूरे दिन चला और दोपहर बाद छाए कोहरे ने ठंड बढा दी। नगर में धूप और बादलों की आंख मिचौली सुबह से शुरू हो गई थीए जो पूरे दिन जारी रही। दोपहर के बाद में कोहरे ने नगर को आगोश में ले लिया। इस दौरान तेज हवाएं भी कुछ देर चली जिस कारण ठंड में बढ़ोतरी हो गई और लोगों को आग व हीटर का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार (आज) से सक्रिय होने जा रहे पश्चिमी विक्षोभ अधिक असरकारक नहीं है जो सरोवर में बादलों और हल्की बारिश के रूप में नजर आ सकता है। प्रदेश के कुछ ही जिलों में इसका अधिक असर रहेगा। हिमालय की ऊंची चोटियों में हिमपात होगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# काहे भिगोया मेरा चीर कन्हैया तूझे जाने ना दूंगी..

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संस्कृति विभाग के सौजन्य से नैनीताल की प्रतिष्ठित लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार को महिला होली का आयोजन माल रोड स्थित होटल सेंट्रल में किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार आपसी सौहार्द तथा प्रेम और मेलजोल को बढ़ाता है, रंगों के त्योहार होली का अपना विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा कई वर्षो से इस प्रकार का आयोजन शहर में किया जा रहा है जिसमें महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।



इस अवसर पर महिलाओं द्वारा शिव के मन माहि बसे काशी..., जल कैसे भरूं जमुना गहरी..., नदी यमुना के तीर..., होली खेले दशरथ के वीर... ,उड गैछ अबीर गुलाल... नैनीताल की नैना मैया..., बांके बिहारी तुझे देख के मेरे नैना उलझ गए... आदि होली गीतों के साथ रंग जमाया। इस अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न स्वांग बनकर होली में चार चांद लगे जिसमें उनके द्वारा बहुत सारे संदेश दिए गए।

होली मिलन के अवसर पर पांच महिला हालियारों को सम्मानित किया गया इसमें भीमताल से सुनीता पांडे, रामनगर से अमीता लोहनी, अल्मोड़ा से किरन पंत, हल्द्वानी से अलका टंडन तथा नैनीताल से सुमन शाह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष आभा शाह समेत जीवंती भट्ट, हेमा भट्ट, रमा भट्ट, विनिता पाण्डे, रानी साह, दीपा पांडे, अमिता शाह, ज्योति ढौंडियाल, डा. प्रगति जैन, दीपिका विनवाल, प्रेमा अधिक. री, कंचन जोशी, रमा लोहनी, कविता त्रिपाठी, नीरू साह, दया कुंवर, सविता कुलारा, अनुराधा भट्ट, सरस्वती सिराला, तुसी साह, अमिता साह शेरवानी, दिव्या साह, सोनू साह, मधुमिता, भावना साह, मानसी गर्ग तथा रेखा जोशी आदि उपस्थित थी।

## 'पोषण-पहाड़' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गांधी पार्क में आयोजित सरस मेला 2026 के तहत उधम सिंह नगर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पोषण-पहाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक पहाड़ी खाद्य पदार्थों को पोषण जागरूकता के साथ बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। न्यूट्रिशन सोसायटी ऑफ इंडिया (एनएसआई) पंतनगर चैप्टर और गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग के छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मिलेट आधारित उत्पादों जैसे झंगोरा कचरी और मिलेट मफिन्स का प्रदर्शन और विक्रय किया गया।

# विश्व चिंतन दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व चिंतन दिवस पर शनिवार को स्काउट गाइड ने सर्व धर्म प्रार्थना सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये। बता दें विश्व चिंतन दिवस के सौ वर्ष पूर्ण होने पर स्काउट आंदोलन के संस्थापक लार्ड बेडन पावल तथा लेडी बेडन पावेल के जन्मदिन पर इन्नोवेटिव स्काउट गाइड ओपन ग्रुप की पहल पर नैनीताल जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास हल्दूचौड़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर विशेष रूप से सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही स्काउट गाइड द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत पीएमश्री अउराईका हल्दूचौड़ परिसर में श्रमदान किया। इस अवसर पर इन्नोवेटिव स्काउट गाइड ओपन ग्रुप



की पहल पर दो दिवसीय प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन स्काउट गाइड को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना तथा झंडा गीत सहित जीवनपयोगी कौशल के रूप में प्रथम सोपान की गांठो के बारे में जानकारी देते हुए सहित नव प्रवेशी बच्चों का दीक्षा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप लीडर डा. हिमांशु पांडे के मार्गदर्शन में मोहित मेवाड़ी, देवेश गुणवंत, राज्य पुरस्कृत स्काउट दिव्यांशु एवं राज्य पुरस्कार से समानित गाइड चेष्टा जोशी द्वारा मूर्त रूप से योगदान दिया गया जबकि कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला सचिव आरएस जीना, ग्रुप लीडर दीपा पांडे समेत हल्द्वानी के ब्लॉक सचिव हरीश पाठक सहित विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते हुए सभी को शुभकामनायें प्रेषित कीं।

# हिन्दू सम्मेलन में गूंजी हिन्दू राष्ट्र की मांग

## हिन्दू समाज से सजग रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब. दी वर्ष के अवसर पर नगर में आयोजित विशाल सममेलन में हिन्दू राष्ट्र का शंखनाद करते हुए वक्ताओं ने हिंदू एकता संस्कृति संरक्षण व धार्मिक जागरण पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे दयालु महाराज ने देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि भारत की पहचान उसकी सनातन परंपरा से है और इसे सशक्त करना समय की आवश्यकता है।

द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य त्रिलोकी स्वरूप ने हिंदुओं से शास्त्र ज्ञान के साथ आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया और कहा कि देश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा




वहीं नीरज महादेव ने बच्चों को धार्मिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर बल देते हुए नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने की बात कही। विभाग कार्यवाह रमेश कोहली ने अपने संबा. `धन में कहा कि बाहरी आक्रांताओं ने हिन्दू संस्कृति को क्षति पहुंचाई है और लैंड जिहाद लव जिहाद जैसे मामलों पर समाज को सजग रहने की आवश्यकता बताया। डा. प्रगति जैन ने भवाली में एक विधर्मी युवक द्वारा नाबालिग हिन्दू लड़की के साथ हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे समाज के लिए गंभीर चेतावनी करार दिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान हिन्दू एकता के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय वर्मा ने सफल आयोजन पर सभी का स्वयंसेवकों कार्यकर्ताओं नगरवासियों का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक अमित, कैलाश चंद्र सुयाल, विधायक सरिता आर्या, भावना मेहरा, नीमा बिष्ट, आशुतोष चंदोला, प्रकाश आर्या, मनो. हर, दिनेश आर्या, बालम मेहरा, शिवांशु जोशी, हिमांशु बिष्ट, कंचन साह, तारा दत्त जोशी, पूरन जोशी, जुगल मठपाल, डा. हरीश सिंह बिष्ट, पवन भाकुनी, जगदीश नेगी, वैभव, महेश जोशी, आनंद, पुष्कर जोशी, दिनेश जोशी, नवीन भट्ट, प्रमोद कुमार, मुकेश गुरुरानी, दयाकिशन पोखरिया, शुभम कुमार, पंकज अद्वैती, हेम चंद्र आर्या, सुधा आर्या, वर्षा आर्या, आरपी चंदोला, हिमांशु रावत, प्रेम सिंह नेगी, महेश उप्रेती, ललित उप्रेती, सुमित पांडेय, त्रिवेंद्र साह, विक्रम क्वीरा, अभिषेक मेहता, पीयूष नेगी, सतीश एवं प्रदीप कुमार सहित बड़ी संया में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पवन भाकुनी ने किया। समेलन के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सुबोध चंदोला, महेश कुमार वर्मा, नवीन चंद्र जोशी, कर्नल विजय द्विवेदी, मेजर राजेश ठुलघरिया तथा जीवन चंद्र जोशी व संत उद्धव शरण कमल नाथ सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## विवि में खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में उत्तराखंड राज्य अंतर विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन समारोह 23 फरवरी को स्टीवेन्सन स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान करेंगे। समारोह की शुरुआत 10.45 बजे मुख्य अतिथि के आगमन से होगी, जिसमें वंदे मातरम, दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण और शपथ ग्रहण समारोह शामिल है। इस अवसर पर चांसलर ट्राफी का अनावरण, स्मारिका विमोचन और 800 मीटर दौड़ (पुरुष एवं महिला वर्ग) का आयोजन भी किया जाएगा। विज. `ताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# मांगलिक और नए कार्यो की शुरुआत न करें आठ दिनों में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** फाल्गुन मास की शुकल पक्ष की अष्टमी से होलिका दहन तक 8 दिन बहुत महत्वपूर्ण हैं और इन्ही 8 दिनों को पवित्र दिनों के रूप में माना जाता है। यह धार्मिक दृष्टि से संवे. दनशील समय है परन्तु जिसमें शुभ कार्यो को करना वर्जित माना गया है। इस अवधि में पूजा-पाठ और भक्ति का विषेश महत्व होता है जबकि मांगलिक कार्यो और नये कार्यो की शुरुआत टालने की सलाह दी जाती है। नैनीताल के समीपवर्ती गांव गेठिया निवासी पंडित प्रकाश चंद्र जोशी की मानें तो धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक के दिनों में पूजा-पाठ तथा जप-तप और भगवान की आराधना का विशेष महत्व होता है वहीं विवाह समेत गृह प्रवेश या नए कार्यो की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्यो को टालने की सलाह दी जाती है। जोशी ने बताया कि शास्त्रों और लोक परंपराओं में इस अवधि को आत्मचिंतन और भक्ति के लिए उपयुक्त समय माना गया है जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शुभ फ ल की प्राप्ति हो सके। पंडित जोशी के मुताबिक इस वर्ष होलाष्टक 24 फरवरी मंगलवार से शुरू होकर 4 मार्च बुधवार तक रहेगा। 27 फरवरी दिन शुक्रवार को आंवला एकादशी या रंग भरी एकादशी व्रत मनाया जाएगा। इस दिन भद्रा काल प्रात: 11.32 बजे से रात्रि 10.33 तक रहेगा, अत: रंग ध्वजारोहण, चीर बंधन प्रात: 11.32 तक करना चाहिए। यह अवधि फाल्गुन महीने की शुकल पक्ष की अष्टमी से होलिका दहन तक मानी जाती है। इसके अगले दिन यानी 4 मार्च को होली का पर्व पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। होलाष्टक हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और धार्मिक रूप से संवेदनशील समय माना जाता है।




महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप

# भारत 'ए' ने जीता खिताब

● **तेजल हसबनीस ने 51, राधा यादव ने 36 रनों की शानदार पारी की बदौलत बांग्लादेश 'ए' को 46 रनों से हराया**

**बैंकॉक, वार्ता।** तेजल हसबनीस (नाबाद 51), कप्तान राधा यादव (36) के बाद प्रेमा रावत (तीन विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को बांग्लादेश ए टीम को 46 रनों से हराकर महिला एशिया कप राइजिग स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ए महिला टीम को साइमा ठाकोर ने तीसरे ओवर में इश्मा तंजीम (तीन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शमीमा सुल्ताना और सरमिन सुल्ताना की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में प्रेमा रावत ने शमीमा सुल्ताना 15 गेंदों में (20) रन को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

सरमिन सुल्ताना (18) को राधा यादव ने आउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। लता मंडल (एक), सादिया अख्तर (10), कप्तान फाहिमा खातून (14) और फरजाना ईस्मिन (छह) रन बनाकर आउट हुई। 18वें ओवर में तनुजा कंवर ने संजीदा अख्तर मेघला (पांच) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई।20वें ओवर की पहली गेंद पर तनुजा कंवर ने शोरिफा खातून (नौ) को आउट कर बांग्लादेश की टीम को 88 रन के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला और खिताब 46 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत ए महिला टीम के लिए प्रेमा रावत ने 12 रन देकर चार विकेट लिए। सोनिया मेंधिया और तनुजा कंवर को दो-दो विकेट मिले।

राधा यादव, साइमा ठाकोर और मिन्नु मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर भारत ए महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। दिनेश वृंदा 17 गेंदों में (19), नंदिनी कश्यप (आठ), मिन्नु मनी (शून्य) और अनुष्का शर्मा (आठ) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय तेजल हसबनीस और कप्तान राधा यादव की जोड़ी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 17वें ओवर में फाहिमा खातून ने राधा यादव को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। राधा यादव 30 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। इसी ओवर की छठी गेंद पर फाहिमा खातून ने तनुजा कंवर (एक) का भी शिकार कर लिया। उन्होंने 19वें ओवर में प्रेमा रावत (चार) को भी आउट किया। हालांकि इस दौरान तेजल हसबनीस एक छोर थामे रन बनाती रही। भारत ए महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 134 रनों का स्कोर खड़ा किया। तेजल हसबनीस ने 34 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 51 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश ए महिला टीम के लिए फाहिमा खातून ने चार विकेट लिए। फातिमा जहान और फरजाना ईस्मिन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूपी ब्रिज स्टार्स ने बीसीएल सीजन-2 के लिए शिखर धवन को रिटेन किया

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** भारत के पूर्व ओपनर शिखर धवन को यूपी ब्रिज स्टार्स ने बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) के सीज़न 2 के लिए एक मार्की प्लेयर के तौर पर रिटेन किया है, फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की। धवन, जो पहले एडिशन में सबसे बड़े आकर्षण में से एक थे, एक बार फिर टूर्नामेंट में खास तौर पर दिखाई देंगे, और अपने इंटरनेशनल अनुभव और स्टार अपील को यूपी-बेस्ड फेंच. इजी में लाएंगे। यह घोषणा धवन के लिए एक बड़े पर्सनल माइलस्टोन के साथ हुई, जिन्होंने अपने लॉन्ग टाइम पार्टनर से एक छोटे से समारोह में शादी की, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार शामिल हुए।

### कार्तिक ने जीती नई दिल्ली मैराथन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई के कार्तिक करकेरा ने रविवार सुबह कॉग्निजेंट नई दिल्ली मैराथन के 11वें एडिशन में पूरे रास्ते धूम मचाई और यह प्रतिष्ठित ताज अपने नाम किया। जब दुनिया सो रही थी, तब 42.2 किलोमीटर की दौड़ दो घंटे और तेरह मिनट (02:13:10) की शानदार टाइमिग में पूरी करते हुए, करकेरा ने इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाइंग मार्क को आराम से पार कर लिया। पेशे से डॉक्टर, 28 साल के करकेरा को आखिरकार पोडियम पर टॉप पोजीशन हासिल करने के लिए गोपी थोनाकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) की कड़ी कोशिश को रोकना पड़ा। तीनों के बीच ज़बरदस्त मुकाबले में उन्होंने कुछ ही पलों के अंदर फिनिश लाइन पार की, जो सितम्बर में एशियन गेम्स में पुरुषों के लिए ज़रूरी 2:15:04 से काफी कम था। हालांकि, टॉप महिलाएं अपने पुरुष साथियों के शानदार रन की बराबरी नहीं कर पाईं, और 2:31:52 के मार्क से काफी पीछे रह गईं।

### युवा गोल्फर 72 द लीग में अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीजीटीआई के 72 द लीग का पहला एडिशन शनिवार को नई दिल्ली में बड़े धूमधाम से लॉन्च किया गया, जिसमें भारतीय गोल्फ की अगली पीढ़ी एक बिल्कुल नए फॉर्मेट की चुनौती को अपनाने के लिए उत्सुक है। उभरते हुए टैलेंट शौर्य भट्टाचार्य और कार्तिक के साथ-साथ अनुभवी हनी बैसोया, मनु गंडास, अजितेश व विराज के साथ, इस इवेंट में कई तरह के प्रोफेशनल्स एक साथ आए और 72 द लीग का पहला सीजन ऑफिशियली शुरू हुआ। लीग के आखिरी विज. ताओं को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण आईसीसी के चेयरमैन ने पीजीटीआई के प्रेसिडेंट कपिल देव की मौजूदगी में किया। 72 द लीग ट्रॉफी को इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर आर्टिस्ट व डिज़ाइनर विभोर ने डिज़ाइन किया है, जो अपने इनोवेटिव पब्लिक आर्ट इंस्टॉलेशन और डिज़ाइन के क्षेत्र में योगदान के लिए जाने जाते हैं।

## कार्लोस ने जीता कतर ओपन का खिताब

● **कार्लोस अल्काराज ने फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2 6-1 से हराकर कतर ओपन का खिताब अपने नाम किया**

**दोहा, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शनिवार को एटीपी 500 इवेंट में एक और शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ़ 50 मिनट में वापसी कर रहे फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन 2026 का खिताब अपने नाम किया।

अल्काराज की कतर में यह जीत ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनने के सिर्फ़ 20 दिन बाद आई है। एटीपी टूर ने अल्काराज के हवाले से कहा कि मैं इस साल और ज्यादा की भूख लेकर आया था, जो 2025 में दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हार गए थे। मुझे लगता है कि हर टूर्नामेंट के बाद, हमें बस नए लक्ष्य तय करने होते हैं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर और कोर्ट के बाहर जो कुछ भी किया है, उससे बहुत खुश और गर्वित हूं। उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत बहुत अच्छी रही। यह आसान नहीं था। मुझे अपनी टीम के साथ मेंटली मज़बूत रहना था।

मैं बस बढ़िया टेनिस खेल रहा हूं, और मैं इस हफ़्ते को लेकर बहुत खुश हूं। यह ट्रॉफ़ी मेरे लिए बहुत मायने रखती है। इस जीत ने अल्काराज की नौवीं एटीपी 500 ट्रॉफ़ी बनाई, जिससे वह 2009 में इस कैटेगरी की शुरुआत के बाद से चौथे सबसे ज्यादा टैली के लिए पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 एंडी मरे के बराबर आ गए। 2024 में टोक्यो में टाइटल जीतने के बाद अपने पहले



टूर-लेवल फ़ाइनल में पहुंचने के साथ, फिल्स एटीपी लाइव रैंकिग में सात पायदान ऊपर चढ़कर 33वें नंबर पर आ गए, जबकि वह अपनी वापसी जारी रखे हुए हैं। दुनिया के पूर्व नंबर 14 खिलाड़ी अब दुबई में एटीपी 500 में हिस्सा लेंगे, जहां उनका रीमैच जिरी लेहे. का से होगा, जिन्हें इस फांसीसी खिलाड़ी ने दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हराया था। दोहा में यह मुक़ाबला 2025 में अल्काराज द्वारा फ्रांसीसी खिलाड़ी पर लगातार दो क्ले कोर्ट जीत के बाद उनका पहला मुक़ाबला था, और हार्ड कोर्ट पर उनका पहला मुक़ाबला भी लगभग उसी तरह हुआ।

## अंडरडॉग जिम्बाब्वे का मैच वेस्टइंडीज की पावर हिटिंग से

● **जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है**

**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े स्टेडियम में ज़िम्बाब्वे और वेस्ट इंडीज के बीच टी 20 विश्व कप का सुपर 8 मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे चर्चित मैचों में से एक बन गया है, जो अंडरडॉग मोमेंटम बनाम पावर-हिटिंग के दबदबे की कहानी पर बना है। ज़िम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है, जिसमें उन्होंने डिसिप्लिन्ड टीम क्रिकेट और मजबूत टैक्टिकल अवेयरनेस दिखाई है। टीम की बैटिंग ने




इंडिविजुअल धमाकेदार इनिंग्स के बजाय लगातार पार्टनरशिप पर ज्यादा भरोसा किया है। ब्रायन बेनेट सबसे अच्छे परफॉर्मर्स में से एक रहे हैं, जिन्होंने टॉप ऑर्डर में लगातार 120 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ अच्छी शुरुआत दी है। उनके साथ, तदिवानाशे मारुमानी ने शुरुआती मोमेंटम बनाए रखने में सपोर्टिंग रोल निभाया है। मिडिल ऑर्डर में, कैप्टन सिकंदर रज़ा टीम की बैकबोन रहे हैं, उन्होंने कीमती रन दिए हैं और अपनी ऑलराउंड काबिलियत से कंट्रोल भी दिया है। ज़िम्बाब्वे का बॉलिग अटैक भी शानदार रहा है।


## चिन्नास्वामी में आईपीएल मैच अभी तय नहीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने भले ही बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच कराने की मंज़ूरी दे दी हो, लेकिन यह अभी तय नहीं हुआ है। इसमें शामिल तीन पार्टियों - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच कुछ बातचीत चल रही है। केएससीए के एक बड़े अधिकारी ने इस बारे में साफ जानकारी न होने का इशारा करते हुए कहा कि आपको आरसीबी से बात करनी होगी।

केएससीए को आईपीएल मैच होस्ट करने के लिए सरकार से परमिशन मिल गई है। हालांकि, किए जाने वाले और पूरे किए जाने वाले सभी काम चल रहे हैं और तय समय के मुताबिक पूरे हो जाएंगे। हाल ही में हुबली को रणजी ट्रॉफी के लिए वेन्यू के तौर पर अनाउंस करते हुए, केएससीए ने कहा था कि अभी, एक्सपर्ट कमिटी और दूसरी कानूनी अथॉरिटीज की रिकमेंडेशन के हिंसाब से बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और सेफ्टी बढ़ाने का काम चल रहा है। कई दर्शक गेट और एक्सेस पॉइंट को अभी तोड़ा और चौड़ा किया जा रहा है, साथ ही दूसरे जरूरी सुधार के काम भी किए जा रहे हैं। केएससीए द्वारा किए जा रहे कामों के महीने के आखिर तक पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, यह समझा जाता है कि 4 जून, 2025 की दुखद घटनाओं के बाद, फ्रेंचाइजी मैचों को होस्ट करने के लिए कंडीशनल अप्रूवल के बजाय बिना शर्त क्लीयरेंस मांग रही है। फेंचाइजी ने रायपुर में एक रेकी की है और छत्तीसगढ़ की राजधानी में शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गेम कराने का ऑप्शन देख रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी नहीं किया है, क्योंकि असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतज़ार है।

## जो खेले-वो खिले : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**कहा : भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में बढ़ा रहे है देश का गौरव**



● **कहा : कनाड़ा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी, टीम के कप्तान का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। श्री मोदी ने आज अपने मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' में आज कहा कि मैं अक्सर कहता हूं ''जो खेले-वो खिले''। खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे और मुझे पक्का विश्वास है कि मैच देखते हुए कई बार आंखें किसी खास खिलाड़ी पर टिक जाती होंगी। जर्सी किसी और देश की होती है लेकिन नाम सुनकर लगता है कि अरे, ए तो अपने देश का है। तब दिल के किसी कोने में एक हल्की सी खुशी आती है। क्योंकि वो खिलाड़ी भारतीय मूल का होता है और वो उस देश के लिए खेल रहा होता है जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं, पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर, श्रेयस मोवा जैसे कई नाम हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बड़ा रहे हैं। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम के लिए भी खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, दिल्ली के मिलिद कुमार, ए सब अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में आज कई चेहरे हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों में खेल चुके हैं। जतिदर सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय, आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट की मजबूत कड़ी हैं। न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी अपनी जगह बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं। वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं। और अपनी कर्मभूमि यानि जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।


## शेफर्ड जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी कर सकते हैं : सैमी




**मुंबई, वार्ता।** रोमारियो शेफर्ड, जो पिछले एक हफ्ते से बाहर हैं, उनके पास सोमवार को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ वेस्ट इंडीज के पहले सुपर आठ गेम में खेलने का मौका है। ग्रुप स्टेज में मुंबई में भारत बनाम अमेरिका मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच का फिर से इस्तेमाल किया जाएगा।

31 साल के शेफर्ड, वेस्ट इंडीज की बैटिग लाइन-अप को बहुत पावर देते हैं, जिसका कुछ हिस्सा उन्होंने शनिवार को ट्रेनिग में दिखाया। घुटने से लेकर पिडली तक स्ट्रैपिग के साथ, वह अभी भी वानखेड़े स्टेडियम की छत के ऊपर से बॉल मार रहे थे। टीम के साथी, जो नेट्स के ठीक पीछे बैठकर देख रहे थे, जहां वह बैटिग कर रहे थे, उनके हिट के बाद उनका ज़ोरदार स्वागत किया, जिससे शेफर्ड ने शैडो बैटिग की, जो शॉट जमीन से ऊपर निकल गया - लॉन्ग-ऑन के ऊपर से एक फंट-फुट स्वैट। वेस्ट इंडीज के कोच डैरेन सैमी ने कहा कि उन्होंने कल अच्छी प्रैक्टिस की। ष्काफी अच्छी बॉलिग की, आप जानते हैं, बॉल को बहुत, बहुत क्लीन हिट किया। हमारे लिए अच्छी बात यह है कि हर कोई सिलेक्शन के लिए अवेलेबल है। सुपर आठ में जाना, यही तो आप चाहते हैं। इसलिए मुझे यह जानकर खुशी हुई और यह जानकर भी खुशी हुई कि मेरे सभी सैनिक जंग के लिए तैयार हैं। शेफर्ड रविवार को भी नेट्स पर सबसे पहले पहुंचने वालों में से थे, उन्होंने अपने रेगुलर रन-अप पर बिना किसी परेशानी के बॉलिग की। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले स्कॉटलैंड के खिलाफ हैट्रिक समेत पांच विकेट लिए थे, लेकिन 11 फरवरी के बाद से नहीं खेले।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट में हराया



● **भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस प्वाइंट हासिल किया**

**होबार्ट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अपना लगातार मैच जीता, भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस पॉइंट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल से पीछे होने के बाद ज़बरदस्त वापसी करते हुए इस कॉम्पिटिशन का अपना पहला पॉइंट गंवा दिया और भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ कर लिया। फिर उन्होंने हिम्मत बनाए रखी और शूटआउट जीतकर बोनस पॉइंट हासिल किया।

भारत एक दिन पहले वाली टीम से अलग लग रही थी क्योंकि उन्होंने शुरुआती क्वार्टर में वापसी की। उन्होंने बेहतर मौके बनाए और 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से आगे निकल गए, अमित रोहिद. ास ने रनर्स के पास से बॉल को दूर ले जाकर बाएं कोने में ज़ोरदार शॉट मारा।

इसके बाद टीमों ने दूसरे क्वार्टर में कंट्रोल के लिए बहुत मेहनत की और भारत ने ब्रेक तक अपनी 1-0 की मामूली बढ़त बनाए रखी। तस्मानियाई फैंस को तीसरे क्वार्टर में रोमांचक रनिग हॉकी देखने को मिली, जिसमें भारत ने अभी भी बेहतर क्वालिटी की सर्कल एंट्री बनाईं।

## जेसिका पेगुला ने स्वितोलिना को हराया

**दुबई, वार्ता।** जेसिका पेगुला के लगातार अच्छे प्रदर्शन का आखिरकार उन्हें इनाम मिला। लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, उन्होंने शनिवार को एलिना स्वितोलिना को 1 घंटे 12 मिनट में 6-2, 6-4 से हराकर 2026 दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप जीती।

यह उनका 10वां डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स क्राउन था। दो दिन पहले, पेगुला ने एक सेट और एक ब्रेक से उबरकर सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराया था, और पक्का इरादा किया था कि एक और शानदार हफ्ता हाथ से नहीं जाने देंगी। इस बार, उन्होंने इसे पूरा किया। उनका 10वां टाइटल डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर उनका चौथा टाइटल है, क्योंकि वह दुबई क्राउन जीतने वाली सिर्फ़ तीसरी अमेरिकन बन गईं, इससे पहले लिडसे डेवनपोर्ट और तीन बार की चैंपियन वीनस



● **लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद जेसिका ने स्वितोलिना को 1 : 12 मिनट में 6-2, 6-4, से हराया**

विलियम्स भी दुबई क्राउन जीत चुकी हैं। ऐसा करके, उन्होंने 2023 डब्ल्यूटीए फ़ाइनल के बाद, अपने करियर में सिर्फ़ दूसरी बार एक ही इवेंट में चार टॉप 20 जीत हासिल कीं। इस हफ्ते की जीत में राउंड ऑफ़ 16 में इवा जो. विक, क्वार्टर फ़ाइनल में क्लारा टॉसन, सेमीफ़ाइनल में अनिसिमा. ेवा और आखिर में शनिवार के फ़ाइनल में स्वितोलिना पर जीत शामिल है। स्वितोलिना के साथ नौ मुकाबलों में पेगुला की यह छठी जीत थी, लेकिन टॉप 10 में रैंक वाली दोनों खिलाड़ियों के साथ यह उनकी पहली जीत थी। शुरुआती गेम से ही यह साफ़ था कि मैच पेगुला के हाथ में था। उसने पहले दो पॉइंट गंवाए लेकिन अगले 10 पॉइंट जीते, पहले गेम में स्वितोलिना की सर्विस तोड़ी और दो गेम बाद फिर से सर्विस तोड़कर 3-0 की बढ़त बना ली। स्वितोलिना ने 3-1 के ब्रेक से कुछ देर के लिए राहत महसूस की, लेकिन पेगुला ने तुरंत 4-1 से वापसी की। यह एक ज़बरदस्त बढ़त थी जो काफी हद तक उसके फोरहैंड पर बनी थी, जिसका सबूत उसके लेटेस्ट ब्रेक को बुक करने के लिए फोरहैंड विनर्स से मिला। स्वितोलिना ने एक सेट पॉइंट बचाया और 5-2 से होल्ड किया, उसके बाद पेगुला ने अगला गेम शुरू करने के लिए एक बैकहैंड विनर मिलाया और 34 मिनट में पहला सेट जीतने के लिए लव पर होल्ड किया। पेगुला ने दूसरे सेट में स्वितोलिना को मोमेंटम नहीं बनाने दिया। यूक्रेन की खिलाड़ी ने 2-1 से लव होल्ड किया, फिर पेगुला ने अपने लव होल्ड से जवाब दिया।

### एसएसपी नवनीत सिंह ने कोतवाली सिविल लाइन में किया मंगलौर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

# शराब की तलाश में हुई दोस्ती व पैसों के लालच में कर दी हत्या

## आरोपी गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल पत्थर व खून से सनी मृतक की जैकेट भी टीम ने की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/मंगलौर।** सीआईयू रुड़की व मंगलौर कोतवाली पुलिस ने 17 फरवरी को पुराने पीर के पास मंगलौर नहर पटरी हुए ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तारकर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर व खून से सनी मृतक की जैकेट भी बरामद करली है ।एसएसपी हरिद्वार ने इस ब्लाइंड मर्डरकैसे की गुत्थी सुलझाने वाली पुलिस टीम को 5000 का नगद इनाम देने की घोषणा की है।

एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह ने कोतवाली सिविल लाइन पर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए जानकारी कि 17 फरवरी को नहर पटरी मार्ग मंगलौर पीर के पास एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शव के सिर पर गहरे घाव तथा पत्थर से कुचले जाने के निशान पाए गए। मृतक की पहचान घोसीपुरा मंगलौर निवासी प्रदीप के रूप में हुई।



मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर कोतवाली मंगलौर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह के निर्देशन में कोतवाली मंगलौर व सीआईयू रुड़की की संयुक्त टीम गठित की गई। फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड द्वारा घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए। आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि घटना वाले दिन सुबह मृतक एक अज्ञात युवक के साथ मोटरसाइकिल से घटनास्थल की ओर जाता देखा गया था। संदिग्ध की तलाश करते हुए पुलिस टीम ने देवबंद तिराहे के पास हुलिए से मिलते-जुलते एक युवक को हिरासत में लिया।

> ❖कप्तान ने जल्द खुलासा करने पर सीआईयू रुड़की व मंगलौर पुलिस टीम को दिया पांच हजार का नकद इनाम

एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि पूछताछ में हिरासत में लिए गए विनायक त्यागी पुत्र विजेंद्र त्यागी निवासी बरला थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर, हाल पता ग्राम सराय ज्वालापुर, कोतवाली ज्वालापुर जिला हरिद्वार, ने हत्या की वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि वह सराय ज्वालापुर में किराये के मकान में रहता है। 17 फरवरी को वह अपने घर मुजफ्फरनगर जाने के लिए रुड़की में प्रतीक्षा कर रहा था। इसी दौरान शराब पीने की इच्छा होने पर वह बस अड्डे के पास स्थित देशी शराब के ठेके पर पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात प्रदीप से हुई। ठेका बंद होने के कारण दोनों ने रामपुर चुंगी से शराब खरीदी और नहर पटरी से मंगलौर की ओर पीर के पास बाग में बैठकर शराब पीने लगे। बातचीत के दौरान आरोपी को ज्ञात हुआ कि प्रदीप के पास नगदी है। पैसों के लालच में आरोपी ने नशे की हालत में पहले प्रदीप का गला दबाकर उसे गिराया और फिर पास पड़े पत्थर से सिर पर वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह मृतक की जेब से 20 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। पुलिस कप्तान ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना स्थल से कुछ दूरी पर छिपाए गए खून से सने कपड़े (जैकेट), हत्या में प्रयुक्त पत्थर तथा लूटी गई 20 हजार रुपये की नगदी बरामद कर ली है। पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, सतर्क जांच एवं टीम वर्क के चलते ब्लाइंड मर्डर का जल्द खुलासा करने पर एसएसपी नवनीत सिंह ने पुलिस टीम को 5000 का नगद इनाम देने की घोषणा की गई। हत्या का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह, उप निरीक्षक मनोज गैरोला, उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट, उप निरीक्षक अशोक सिरसवाल, सहायक उप निरीक्षक श्यामबाबू, हेड कांस्टेबल माजिद खान, हेड कांस्टेबल अमित शर्मा व सीआईयू रुड़की से उपनिरीक्षक संजय पुनिया, सहायक उप निरीक्षक अश्वनी यादव, हेड कांस्टेबल मनमोहन भंडारी, कांस्टेबल महिपाल तोमर, कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल अजय काला एवं कांस्टेबल उबैद ने अहम किरदार निभाया।

## कोहरे से ट्रक पलटा, चालक ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर कस्बे से कुछ ही आगे रेलवे अंडरपास के निकट रविवार सुबह घने कोहरे के चलते प्लास्टिक दाने की बोरियों से भरा ट्रक पलट गया। वहीं ट्रक चालक का कहना है कि उसने ट्रक पलटता देख वह खिड़की से नीचे कूद गया था।

कस्बे से कुछ आगे झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर रविवार सुबह लगभग 7 बजे रेलवे अंडरपास के निकट एक ट्रक पलट गया। ट्रक ड्राइवर मोनू सिंह निवासी एटा उत्तर प्रदेश का कहना है कि रविवार सुबह घना कोहरा पड़ रहा था। उस समय ट्रक की स्पीड भी 40 से नीचे ही थी ।रेलवे अंडरपास के निकट सड़क बीच लोहे का बड़ा सा पोल खड़ा होने पर ट्रक का अगला पहिया उसमें लग गया। ट्रक का पहिया पोल में लगते ही पहीया फट गया ।पहिया फटते ही ट्रक वहीं पर पलट गया ।ट्रक पलटते देख वह खिड़की से नीचे कूद गया ।वह फरीदाबाद से ट्रक में प्लास्टिक दाने की बोरियां भरकर भगवानपुर स्थित फैक्ट्री में ले जा रहा था। ट्रक ड्राइवर के कोई चोट नहीं आई है।

## संत निरंकारियों ने गंगा घाटों पर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 22 फरवरी 2026 प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इसी श्रंखला मे रूडकी ब्रांच मे भी यह अभियान रविदास घाट,लक्ष्मी नारायण घाट,नगर निगम,से लेकर समस्त घाटो एवं सडको,पार्को की सफाई की गई ।जिसमे भगवानपुर और नन्हेडा अनन्तपुर के भी सेवादार महात्माओ ने भी उत्साह पूर्वक योगदान दिया।

मसूरी जोन के जोनल इन्चार्ज हरभजन सिंह एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की रामचंद्र सेठ एवं नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने अपना अपना सहयोग दे कर सभी सेवादार भाई-बहनो का उत्साह बढाया। इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का सूत्रपात किया था। यह पुनीत पहल जल संरक्षण को किसी एक दिवस या अभियान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-भाव के रूप में अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है, जहाँ स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव हो सके। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत, संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की सुदृढ़ चेतना का विस्तार कर सके। सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है



## घर को निकली विवाहिता लापता, तालाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता शनिवार शाम उस समय लापता हो गई जब वह अपने ससुराल से मायके जाने को कहकर घर से गई थी ।महिला के ससुराल वालों ने थाने में तहरीर देकर उक्त का पता लगाने के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता शनिवार को अपने ससुराल वालों को घर से यह कह कर गई थी कि वह अपने मायके जा रही है। देर शाम को ससुराल वालों द्वारा उक्त महिला के मायके में फोन कर पता किया गया तो महिला अपने मायके नहीं पहुंच पाई। महिला के ससुराल वालों तथा मायके वालों द्वारा मिलकर जान पहचान व रिश्तेदारियों में पता किया गया लेकिन कोई पता नहीं लग पाया। महिला के ससुराल वालों द्वारा थाने में तहरीर देकर महिला का पता लगाने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है महिला का पता लगाने के लिए पुलिस टीम गठित कर उक्त का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आईआईटी मनोरंजन क्लब में हिंदू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोलानीपुरम स्थित आईआईटी के मनोरंजन क्लब में आयोजित विश्वकर्मा बस्ती के विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमी लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में महंत लोकेशदास महाराज ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा की भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं जीवन मूल्यों पर आधारित संस्कृति है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने समाज में आपसी सहयोग, नैतिकता और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से अपनी परंपराओं और संस्कारों को अपनाने का आह्वान करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।



## पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 03 वारण्टी गिरफ्तार किये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा मा0 न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक चंद्रमोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर वारंटियों की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 03 वारंटियों 1.दीपक कुमार दाहलियान पुत्र दयाराम निवासी ग्राम भंगेड़ी थाना को0 रूड़की जिला हरिद्वार 2. मुकेश कुमार पुत्र लक्ष्मण निवासी खंजरपुर थाना को0रूड़की जिला हरिद्वार 3. संदीप कृष्णा पुत्र आमोद कृष्णा निवासी फर्म रजिस्टर्ड स्थित 162/4 सोलानीपुरम को0 रुड़की जिला हरिद्वार को इनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में अ0उप0 निरीक्षक, कांस्टेबल अनिल शर्मा, कांस्टेबल रणवीर, का0 इतेंद्र ध्यान शामिल रहे।

## विवाहिता ने जहर खाया, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक ३५ वर्षीय महिला द्वारा रविवार सुबह गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को पता लगते ही उन्होंने महिला को कस्बे में स्थित डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा गृह क्लेश से तंग आकर कोई जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की गई ।महिला के परिजनों को पता लगते ही महिला के परिजनों द्वारा उसे कस्बे में स्थित डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला के जहरीला पदार्थ खाने का पता लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिला व उसके परिजनों से संपर्क किया गया। इस संबंध में अभी किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत माटी कला बोर्ड प्रशिक्षण केंद्र, रामनगर में आयोजित 25 दिवसीय माटी कला शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति एवं किसान आयोग के उपाध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर शोभाराम प्रजापति ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से माटी उत्पादों का निर्माण और उनकी बेहतर मार्केटिंग से कारीगरों की आय में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। किसान आयोग के उपाध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने कहा कि पारंपरिक माटी कला हमारी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आधुनिक स्वरूप देकर बाजार से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपील की कि वे सीखे गए कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।



## एचआरडीए ने अवैध निर्माण किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एचआरडीए और पुलिस टीम ने कस्बे में एक रास्ते पर अतिक्रमण कर किए जा रहे भवन निर्माण को सील कर दिया। इस दौरान अवैध निर्माण करने वालों में अफरातफरी मची रही।

जानकारी के अनुसार बताया गया कि एक व्यक्ति ने सार्वजनिक रास्ते को दबाने और अवैध रूप से छज्जा निकाल कर भवन निर्माण की शिकायत प्राधिकरण से की थी। इसके बाद एचआरडीए के जेई प्रभात सिंह के नेतृत्व में टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने नियमों के उल्लंघन और अतिक्रमण की पुष्टि होने पर तत्काल भवन को सील कर दिया। इस दौरान कई लोग काम रोककर वहां से भाग खड़े हुए।

### कलियर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

## सैकड़ों के खंगाले कागजात, 11 पर लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुलार के निर्देश पर कलियर पुलिस ने सघन सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब 200 किरायेदारों, घरेलू सहायकों, रेडी-ठेली संचालकों और बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।जांच के दौरान सत्यापन न कराने पर एक मकान स्वामी का चालान किया गया। वहीं नियमों का उल्लंघन करने पर दस रेडी-ठेली संचालकों के नगद चालान भी किए गए। रविवार को पुलिस की अलग अलग टीमो ने पिरान कलियर क्षेत्र के झुग्गी-झोपड़ियों, होटलों, ढाबों और किराये पर रह रहे लोगों की गहन जांच-पड़ताल की।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने सभी मकान मालिकों से अपने किरायेदारों, घरेलू सहायकों एवं बाहरी व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराने की अपील की।पुलिस ने आमजन से सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक पोस्ट और फर्जी विज्ञापनों से सतर्क रहने का आह्वान भी किया।उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेगा।इस दौरान एसएसआई सुनील पंत, एसआई उपेंद्र सिंह, एसआई विशाखा असवाल, एएसआई राम अवतार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## बकायेदारों व बिजली चोरों के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान : एसडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** ऊर्जा निगम के एसडीओ गुलशन बुलानी का कहना है कि बड़े बिजली बकायादारों व बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विभाग ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। विधुत उपभोक्ता द्वारा मीटर उखाड़ने के बाद उपभोक्ता के घर पर बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे। उन्होंने बिजली बकायादारों को कार्रवाई से बचने के लिए शीघ्र ही बकाया बिल जमा करने की बात कही।

रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसडीओ गुलशन बुलानी ने बताया कि लंढौरा उपखंड के अंतर्गत आने वाले बिजली उपभोगताओं पर नौ करोड़ से अधिक का बकाया चल रहा है। उन्होंने बताया कि केवल लंढौरा कस्बे में ही 80 लाख रुपये से अधिक का बकाया चल रहा है। 150 से अधिक ऐसे उपभोगता है जिनमे हर एक पर 25 हजार रुपये से अधिक का बिल बकाया चल रहा है। कुछ दिनों से कस्बे में 25 हजार से ऊपर वाले बकायदारों के खिलाफ मीटर उखड़ने की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक करीब सौ बकायदारों के मीटर उतारे जा चुके है। कार्रवाई के तहत 15 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। कनेक्शन काट कर मीटर उतारने के बावजूद भी अधिकतर लोग बकाया बिल जमा नहीं कर रहे। एसडीओ का कहना है कि जो लोग मीटर उतारने के बाद बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं। शीघ्र ही उन लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ बिजली चोरी की कार्रवाई कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। एसडीओ का कहना है कि 25 हजार बकाया वालो के बाद 20 या 15 हजार बकायदारों के खिलाफ मीटर उखाड़ने की कार्रवाई कराई जाएगी। एसडीओ का कहना है कि बकायेदार जल्द बकाया जमा करा कर कार्रवाई से बच सकते है। इस मौके पर जेई विनोद कुमार, गौरव पुंडीर, हैदर अली, नदीम आलम, राव गालिब, वसीम, सलीम, सुमित, नरेश, रामवीर, विजय आदि बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नेपाल में बैठक

भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए चीन और पाकिस्तान नेपाल की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। गत सोमवार को चीन-पाकिस्तान के अधिकारियों की एक सीक्रेट बैठक नेपाल की राजधानी काठमांडू के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले रिहायशी इलाके बालूवाटार में हो चुकी है। बताया जा रहा है कि तकरीबन पौने दो घंटे चली इस बैठक में चीन की ओर से भारत को अस्थिर करने के लिए अरुणाचल प्रदेश का जिक्र किया गया और 20 फरवरी को मनाए जाने वाले अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर माहौल खराब करने की बात की थी। इसके लिए बाकायदा चीन ने 23 नेपाली नागरिकों का चयन किया। इन 23 नेपाली लोगों में वे लोग शामिल थे, जो चीन के अलग-अलग हिस्सों में दो वर्षों के दौरान यात्रा करके आए थे। इस योजना को रूप देने का मकसद चीन और पाकिस्तान की बड़ी साजिश जोकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तवांग को अपना हिस्सा बताने का नेरेटिव सेट करने की साजिश थी। यह अच्छी बात है कि उनकी यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी और फ्लॉप होकर रह गई, लेकिन इससे साफ हो गया है कि भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन तो विशेष रूप से मुखर हैं ही, नेपाल भी भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करता दिखाई दे रहा है। यूं भी यह कोई पहला मौका नहीं है कि भारत को लेकर काठमांडू में भारत-चीन के अधिकारियों ने बातचीत की है। ऐसी बैठकें पूर्व में भी कई बार काठमांडू में हो चुकी हैं। इनमें कई बैठकें तो ऐसी भी हुईं, जिसमे दूतावास के कार्यक्रमों के बहाने पाक की आईएसआई से अधिकारी भी नेपाल पहुंचे हैं। 16 फरवरी को हुई मीटिंग में भी पाकिस्तान के डिफेंस अटैची समेत दूतावास के तीन प्रमुख अधिकारी भी शामिल थे। केंद्रीय खुफिया एजेंसी की मानें, तो इस पूरी योजना के पीछे चीन के चेंगदू स्थित पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के पश्चिमी थिएटर कमान के कुछ अधिकारी भी शामिल थे। इस सच्चाई से तो हर कोई वाकिफ है कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर समय-समय पर चीन भारत को असहज करता रहता है। वह दुस्साहस तो यहां तक कर जाता है कि अरुणाचल प्रदेश को अपना कहने का दावा तक ठोकता रहता है। जबकि भारत की तरफ से न जाने कितनी बार यह स्पष्ट कहा जा चुका है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है और दुनिया की कोई ताकत इससे उसको अलग नहीं कर सकती, लेकिन चीन है कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और पाक के साथ मिलकर घिनौनी हरकतें कर रहा है। बेहद चिंता का विषय यह है कि इन दोनों के बीच नेपाल भी कहीं न कहीं भारत विरोधी रुख अपना दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद



देशभर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं, बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं, पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी, बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है, जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा।

**-मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# मुफ्त रेवड़ी आवंटनः फिक्रमंद अदालत बेफिक्र सरकार






**तनवीर जाफरी**

हमारे देश की राजनीति में नेताओं की श्सत्ता लोलुपताश से देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। केंद्र सरकार से लेकर अनेक राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ऐसी ऐसी योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज देश के ऐसे कई राज्य जोकि भारी कर्ज और बजट घाटे में होने के बावजूद चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, मुफ्त रसोई गैस आदि बांट रहे हैं। कहीं बैंक कर्ज मुआफ कर दिया जाता है। यहां तक कि अब तो कुछ राज्यों में चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं के खातों में नकद धनरा. शि भी हस्तानांतरित की जा रही है। मतदाताओं को श्मुफ्त रेवड़ी श बांटने की इस कवायद का दूरगामी प्रभाव यह होता है कि इससे सरकारों के पास विकास कार्यों हेतु व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पैसे नहीं बच पाते। परन्तु यह निखट्टू लोगों की राजनीति में सक्रियता का ही परिणाम है कि इन सत्तालोलुप लोगों को केवल मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में करने व सत्ता में बने रहने के लिए राज्यों का भारी कर्ज में डूबना भी मंजूर है और राज्य का बजट घाटे में जाना भी स्वीकार है परन्तु सत्ता की इसी तरह की गैर जिम्मेदाराना योजनाओं पर देश की उच्च अदालतें कई बार अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायलय की एक बेंच द्वारा की गई ऐसी ही एक ताजातरीन तल्ख टिप्पणी गत 19 फरवरी को एक बार फिर सामने आई जो गैर जिम्मेदार सत्ताधीशों के लिए आंखें खोलने वाली हैं। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा यह टिप्पणी उस समय की गई जब तमिलनाडु सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान सर्वोच्च न्यायलय ने मुख्य रूप से यह कहा कि -कई राज्य पहले से ही भारी कर्ज और बजट घाटे में हैं, फिर भी चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन , रसोई गैस, कैश ट्रांसफर जैसी मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। इससे विकास और बुनियादी ढांचे के लिए पैसे नहीं बचते। अगर सरकारें लोगों को सुबह से शाम तक सब कुछ मुफ्त देती रहेंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? इससे काम करने की आदत खत्म हो जाएगी और लोग आलसी बन जाएंगे। गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त सुविधाएं देना गलत है। यह एक तरह की तुष्टीकरण नीति है, जो राष्ट्र निर्माण में बाधा डालती है। इतना ही नहीं बल्कि माननीय अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि आप षकिस तरह का कल्चर बना रहे हैं? अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचेगा अगर यह सिलसिला जारी रहाश। साथ ही सर्वोच्च न्यायलय ने राज्य सरकारों को रोजगार सृजन पर फोकस करने की सलाह दी, न कि सिर्फ मुफ्त चीजें बांटने पर।

यह सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियां थीं, जो फ्री बीज कल्चर पर कोर्ट की बढ़ती चिंता को दिखाती हैं। पूर्व में भी मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर न्यायालय अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी हैं। 2022-2024 के दौरान भी अदालत ने श्मुफ्त की रेवड़ी श बांटने को चुनावी लालच देने से जोड़ते हुए कहा था कि यह लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए नुकसानदेह है। अदालत ने यह भी बार-बार कहा कि कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए तो ठीक हैं, लेकिन अनुचित मुफ्त वादे विकास को रोकते हैं। गोया सर्वोच्च न्यायालय ष्मुफ्त रेवड़ीष कल्चर को न केवल आर्थिक बोझ बता चुका है बल्कि इसे काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के खिलाफ भी माना है। यह आलोचना समय-समय पर दोहराई जाती रही है, खासतौर पर तब जबकि राज्य सरकारें चुनावों से पहले ऐसी योजनाएं घोषित करती हैं। केवल अदालतें ही नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2022 में रेवड़ी कल्चर को खतरनाक बता चुके हैं।

यही मुफ्त रेवड़ी कल्चर गत अक्टूबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान तो अनैतिकता की अपनी सारी हदें पार कर गया। याद रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शेड्यूल 6 अक्टूबर 2025 को घोषित हुआ था और उसी दिन चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई थी परन्तु चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए बिहार की नितीश सरकार ने अक्टूबर-नवंबर 2025 में कई बार महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर कर दिए। बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव घोषित होने के बाद भी महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाने पर काफी विवाद भी हुआ था परन्तु चुनाव पर इसका असर यह हुआ नीतीश कुमार की अगुवाई में एन डी ए ने बिहार के 2025 के विधान सभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। कई विश्लेषकों ने दावा किया कि महिला मतदाताओं के खातों में 10-10 हजार रूपए डायरेक्ट ट्रांसफर करने के कारण महिलाओं की मतदान दर बढ़ी क्योंकि महिलाओं को इसका सीधे फायदा मिला परन्तु विपक्षी दलों ने इसे चुनावी रिश्वत या वोट खरीदने की कोशिश करार दिया था। कुछ सांसदों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि यह चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसी रेवड़ी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें चुनाव को रद्द करने और नए चुनाव कराने की मांग की गई। और इसे संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (भ्रष्ट आचरण) का उल्लंघन बताया। इसी तरह भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन योजना चलाई जा रही है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम 2013 के तहत संचालित होती है। यह योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी, लेकिन अब इसे स्थाई रूप से विस्तारित कर दिया गया है। सरकारी दावों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों यानी दिसम्बर 2028 तक के लिए सरकार ने लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने का फैसला किया है। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है। आलोचकों का कहना है कि इस योजना से भी जहां लोगों में मुफ्तखोरी की संस्कृति बढ़ेगी वहीं इस मुफ्त रेवड़ी का लाभ सत्ता को मिलेगा। बड़ा आश्चर्य है कि आज इस मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर अदालतें तो फिक्रमंद हैं जबकि सरकार पूरी तरह बेफिक्र है ?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल का कहर!



**विनीत नारायण**

पिछले हफ्ते तक इंग्लैंड के युवराज रहे प्रिंस एंडर्रूज की गिरफ्तारी ने एपस्टीन फाइल्स में उल्लेखित विश्व की मशहूर हस्तियों और राजनेताओं के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। ए एक ऐसा जिन्न है जो फैलता ही जा रहा है। हर रोज नए-नए नाम और उनके काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि अमरीका के न्यायिक विभाग ने इन फाइल्स के सामने आने के बाद इनमें शामिल मशहूर हस्तियों से न तो कोई पूछताछ की और न ही उनके कखलाफ कोई केस दर्ज किए। क्योंकि उस पर अपने ही सत्ताधीशों का दबाव था। ए फाइलें भी 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई हैं क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ए विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढडों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं।

आश्चर्य की बात है कि भारत का अधिकतर मीडिया ही नहीं बल्कि अमरीका का भी मुख्य धारा का मीडिया एपस्टीन फाइल्स को लेकर सामने आ रही दिल दहलाने वाली सूचनाओं को उस तत्परता से प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर रहा जैसा किया जाना चाहिए। लगता है कि पैसे और ताकत के दबाव पर इन सूचनाओं को दबाने का काम जारी है। पर सोशल मीडिया अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। जिन्हें एपस्टीन फाइल्स के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, वे सोशल मीडिया पर जाकर 'Epstein Files' कीवर्ड को खोजेंगे तो उनकी आंखे फटी की फटी रह जाएंगी। यह फाइल्स इतनी भयावह हैं कि अगर इससे जुड़े ताकतवर लोगों पर कानूनी करवाई होना शुरू हो जाए तो अमरीका की राजसत्ता और आर्थिक सत्ता धराशाही हो जाएगी और यही स्थिति अन्य देशों में भी हो सकती है।

आज अमरीका के हर बड़े शहर में लाखों नागरिक अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ सड़कों पर भारी प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि इन संदिग्ध फाइल्स में उपलब्ध वीडियो फुटेज में डोनाल्ड ट्रम्प जैसी तमाम बड़ी हस्तियां, छोटी बच्चियों के साथ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बच्चियों के यौन शोषण के मामले में उनके विरुद्ध अभी तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। पर लाख टके का सवाल यह है कि जिस नरपिशाच को बच्चियों के साथ पाशविक यौनाचार के मामले में सजा मिल चुकी थी उससे यह बड़ी हस्तियां क्यों लगातार मिलती-जुलती रहीं?

आइए जान लें कि जेफरी एडवर्ड एपस्टीन कौन था? वो एक अमेरिकी फाइनेंशियर धन प्रबंधक और सेक्स क्रिमिनल था। वो न्यूयॉर्क में जन्मा, पढ़ाई में अच्छा था, एक प्राइवेट स्कूल में टीचर रहा, फिर वॉल स्ट्रीट पर 'बियर स्टर्न्स' जैसे बड़े बैंक में काम किया। बाद में उसने अपनी खुद की फर्म बनाई, जहां वो अरबपतियों के पैसे मैनेज करता था।वो बहुत अमीर हो गया और दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से उसकी दोस्ती थी, जैसे पूर्व अमे. रिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, बिल गेट्स, कई सेलिब्रिटी, वैज्ञानिक और बिजनेसमैन। उसके पास 'लोलिता एक्सप्रेस' नाम का प्राइवेट जेटथा। न्यूयॉर्क व फ्लोरिडा में उसके महल जैसे घर और कैरिबियन में एक प्राइवेटद्वीप भी था जहां वो शानदार दावतें देता था, जिनमें दुनिया भर की मशहूर हस्तियां शिरकत करती थीं। एपस्टीन पर बच्चियों और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग बलात्कार दुष्कर्म का नेटवर्क चलाने के गंभीर आरोप थे। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जांच शुरू की तो एक 14 साल की लड़की ने बताया कि एपस्टीन ने उसे उसके घर में 'सेक्सुअल मसाज' के बहाने शोषण किया। दर्जनों (कुछ रिपोर्ट्स में 100 से ज्यादा) नाबालिग लड़कियों ने कहा कि एपस्टीन उन्हें पैसे देकर 'मसाज' के लिए बुलाता था, फिर सेक्सुअल एक्टिविटी करता था। उसकी पार्टनर मैक्सवेल पर आरोप था कि वो एपस्टीन को लड़कियांमुहैया कराती थी।

मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराया गया और उसे 20 साल की सजा हुई और वो अभी जेल में है। उधर 2008 में एक डील हुई जिसमें एपस्टीन ने अपना दोष स्वीकार किया और वो गिरफ्तार कर लिया गया। पर वो सिर्फ 13 महीने ही जेल में रहा। लेकिन 2019 में एपस्टीन को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर सेक्स ट्रैफिकिंग केफेडरल आरोप लगे। लेकिन फिर जेल में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उसने जेल में आत्महत्या कर ली। परंतु उसकी मौत संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई। क्योंकि उस पर 24 घंटे निगरानी करने के लिए जेल में जो कैमरे लगे थे वो खराब हो गए थे, ऐसा बताया गया। इतना ही नहीं उस पर चौकसी से हर वक्त निगाह रखने के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड भी, बताया गया कि सो गए थे। अमरीकी प्रशासन के ए स्पष्टीकरण एपस्टीन की मौत के कारणों को संदेहास्पद बना देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घट चुकी है बर्फबारी, खिसक गए हैं ग्लैशियर



**पवन सिंह**

अभी भी वक्त है, चेत जाइए और हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अन्यथा न पीने को पानी मिलेगा और न खाने को अनाज। हिमालय घूमने और पिकनिक और स्प्रिचुअल टूरिज्म का प्वांइट नहीं है। हिमालय प्राकृतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील जोन है और इसके साथ पिकनिक मनाने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुंह उठाकर यमुनोत्री, गंगोत्री। तक की भेंड़ चाल पीढ़ियों को तबाह कर देगी। हिमालय का इको सिस्टम लगातार बिगड़ रहा है और इसका खामियाजा यह हो रहा है कि बर्फबारी में जबरदस्त कमी आई है। ग्लेशियर लगातार खतरनाक रफ्तार से पिघल रहे हैं। यह वह खतरा है जिसे अनदेखा किया जा रहा है और वैज्ञानिकों व पर्यावरणविदों की आवाज नक्कारखाने में तूती जैसी है। सम्पूर्ण हिमालयन रेंज में बीते कुछ सालों से बर्फबारी में लगातार गिरावट आ रही है, यह सबसे खतरनाक बात है। वर्ष, 2025-26 की सर्दियों में बर्फबारी विगत 23 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। CIMOD यानी अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के अनुसार 3 हजार से 6 हजार मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्र में श्स्नो ड्रॉटश यानी कि बर्फ की कमी पैदा हो गई है।।यह संकेत अच्छे नहीं हैं। अगर ग्लैशियर नहीं रहे तो नदियां भी नहीं रहेंगी।

दुनिया की सभी बड़ी सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित हुई और अंततः उन्हीं नदियों के साथ सारी सभ्यताएं मोक्ष को प्राप्त हुईं। विश्व की तमाम नदियां अपने साथ जीवन और उस जीवन को जीने लायक संसाधन लाईं और जलवायु परिवर्तन व अन्य आर्थिक व सामाजिक कारणों से वही सभ्यताएं नदियों द्वारा विक. सित किए गए भू-भाग में ही जमींदोज हो गईं। एक बार फिर से हम सब उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हिमालय के ग्लैशियरों के साथ स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर हमने जो भौंडापन आरंभ किया है, इसके नतीजे हमें विनाश तक ले जाएंगे। गंगोत्री-यमुनोत्री के ग्लैशियरों सहित संपूर्ण हिमालियन रेंज के ग्लैशियरों का तेजी से पिघलना व पीछे खिसकते जाना खतरनाक संकेत हैं। अगर समय रहते हमने हिमालय रेंज को प्रकति के हवाले नहीं किया तो भारत की जीवन दायिनी नदियां एक दिन हमें इतिहास बना देंगी। यह सच जितनी जल्दी समझ आ जाए उतना अच्छा है। दुनिया की अनेक मानव सभ्यताएं जैसे सिंधु घाटी सभ्यता, नील नदी घाटी सभ्यता, पीली नदी घाटी सभ्यता, मेसोपोटामिया नदी घाटी सभ्यता और वैदिक सभ्यताएं। इन सबको नदियों ने जन्म दिया और फिर नदियों ने ही खत्म कर दिया। भारत में नदियों ने जैसे-सरस्वती, नर्मदा, ताप्ती, गंगा आदि ने अपने-अपने भू-भाग में मानवीय सभ्यताओं का विकास किया लेकिन भारत की अधिकांश बड़ी नदियों के अस्तित्व पर अब खतरा मंडराने लगा है। हिमालियन रेंज अनेक ग्लैशियरों का घर है इसमें से सियाचिन ग्लेशियर पृथ्वी पर दूसरा सबसे बड़ा गैर-ध्रुवीय ग्लेशियर है। भारत के 90 प्रतिशत ग्लेशियर लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड में हैं और कुछ अरुणाचल प्रदेश में भी हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सूचीबद्ध भारतीय हिमालयन क्षेत्र के 9575 ग्लेशियरों में से केवल 25 ग्लैशियरों का ही ग्राउंड डेटा उपलब्ध है। दुनिया भर में करीब 1 लाख 98 हजार ग्लेशियर हैं और इनमें से लगभग साढ़े 9 हजार केवल हमारे देश में हैं। मानवीय हस्तक्षेप और ग्लोबल वार्मिंग से भारत की दो बड़ी नदियों गंगा व यमुना का अस्तित्व खतरे में है। मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल के प्रोफेसर विश्वंभर प्रसाद सती और सुरजीत बनर्जी विगत 32 सालों पर इन ग्लैशियरों पर अध्ययन कर रहे हैं। इन दोनों ही वैज्ञानिकों का मानना है कि हिमालय तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यहां बर्फ की मोटी परत कमजोर हो रही है और बर्फ के टुकड़ों का विखंडन एक गंभीर चिंता का विषय हैं।

गंगोत्री, यमुनोत्री, मिलम और पिंडारी जैसे ग्लेशियर लगातार कमजोर होते जा हैं। यहां ग्लेशियर पीछे तो हट ही रहे हैं, इसके साथ ही इनकी मोटाई भी कम हो रही है। मोटी बर्फ का क्षेत्र 10,768 वर्ग किलोमीटर से घटकर अब केवल 3,258.6 वर्ग किलोमीटर रह गया, जो एक खतरनाक कमी को दर्शाता है। दुर्भाग्यवश हम ऐसे देश में हैं जहां पर्यावरण और विज्ञान पर बात करना या तो मूर्खता है या अपराध। अशिक्षित और पर्यावरण के प्रति घोर असंवेदनशील नेतृत्व ने इन दोनों ही नदियों के भविष्य को ही दांव पर लगा दिया है। यह हिमशिखर और ग्लैशियर केवल नदियों को ही जीवित नहीं रखें हुए हैं बल्कि सूर्य की अतिरिक्त गर्मी या उसकी ऊष्मा को वापस अंतरिक्ष में भेजकर सम्पूर्ण पृथ्वी और महासागरों की रक्षा भी कर रहे हैं लेकिन हमने पागलपन और जाहि. लियत की हदें पार करते हुए हिमालय के इस पूरे इलाके को स्प्रीचुवल टूरिज्म की मूर्खताओं में धकेल दिया है। इस देश की 99: जनता को पर्यावरण से वैसे भी कोई लेना देना नहीं है।। गर्मियां आ रही हैं और लोग भेड़ों की तरह मुंह उठाकर हिमालय में मोक्ष पाने और सेल्फी लेने। दर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लिखने के लिए चल पड़ेंगे, जबकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा के पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है तथा गर्मियों में जब तापमान अधिक रहता है तो प्रवाह तेज रहता है और सर्दियों में तापमान घटने के साथ ही प्रवाह भी कम हो जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड CPCB की बायोलॉजिकल हेल्थ ऑफ रिवर गंगा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि औसत तापमान में लगभग एक डिग्री तक की वृद्धि से ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ी है। अध्ययन से पता चला है कि अब हिमालई ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा वर्ष 1975 से वर्ष 2000 तक ग्लेशियरों के पिघलने की मात्रा का दोगुना है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भले ही आने वाले दशकों में दुनिया ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर अंकुश लगा ले, लेकिन दुनिया के शेष ग्लेशियरों का एक तिहाई से अधिक हिस्सा वर्ष 2100 से पहले पिघल जाएगा। हिमालियन ग्लैशियर 2 हजार किलोमीटर तक फैले हैं और करीब 600 बिलियन टन बर्फ को सहेजे हुए हैं। यह सभी हिमालयन ग्लेशियर करीब 800 मिलियन लोगों के लिए सिंचाई, जलविद्युत और पीने के पानी के स्रोत हैं। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने वाले करीब 750 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन का आधार हैं। हिमालय स्थित गंगोत्री ग्लेशियर इस क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्लेशियर है और गंगा नदी का जन्मदाता है। यह ग्लैशियर कमजोर हो रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार वर्ष, 1900 के बाद से पूरे विश्व के ग्लैशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसका सबसे बड़ा कारण हस्तक्षेप है। अगर यही हाल रहा तो वर्ष, 2040 की गर्मियों तक आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ देखने को नहीं मिलेगी। वैश्विक समुद्री स्तर 0.13 इंच की दर से बढ़ रहा है इसकी वजह से कम ऊंचाई पर बसे द्वीपों और तटीय शहरों के डूबने का खतरा उत्पन्न हो गया है। फिलहाल जो हालात हैं उसके अनुसार गंगा नदी पर आने वाले 50 सालों में विलुप्त हो जाने का खतरा मंडरा रहा है ओर इसका परिणाम यह होगा कि करीब 45 करोड़ से अधिक लोग मारे जाएंगे। यह चेतावनी राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण के वैज्ञानिक और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान और प्रोद्योगिकी केंद्र के संस्थापक प्रो। बीडी त्रिपाठी ने दी है। त्रिपाठी ने प्रदूषण की वजह से 50 साल में गंगा के विलुप्त होने का खतरा बताया है। अगर आप वाकई चाहते हैं कि आप के बाद की पीढ़ी भी नदियां देख पाए। प्यासी और भूखी न मरें तो हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अगर जरूरी न हो तो अपने हिस्से का हिमालय बचा लें। अपने हिस्से की प्लास्टिक बोतलें, अपना मल-मूत्र, अपने हिस्से की कार्बन से हिमालय को बचा लीजिए। लाखों लोग जाते हैं यह कह कर बेशर्म मत बनिए, आप अपने को रोकिए तो लाखों में से एक आपकी अपनी संख्या कम होगी। हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**झारखंड। नगर निगम चुनाव की पूर्व संध्या पर रांची में मतदान की तैयारियों के बीच मतपेटियां और चुनाव सामग्री ले जाते मतदानकर्मी।**

## क्लाउनफिश की धारियां उनकी सामाजिक स्थिति को बताती हैः अध्ययन

**टोक्यो।** मछलियों को लेकर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि क्लाउनफिश सामाजिक हैसियत को दिखाने, खतरों से बचने और संचार के लिए अपने रंगों के पैटर्न और आकार का उपयोग करती हैं। जापान की ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ओआईएसटी) द्वारा किए गए इस अध्ययन की मुख्य लेखिका डॉ. लॉरी मिचेल बताती हैं कि हमने पहले दिखाया है कि एनीमोनफिश (क्लाउनफिश की ही एक प्रजाति) एक-दूसरे को पहचानने के लिए धारियों को गिनती हैं। इसलिए, हम जानते हैं कि क्लाउनफिश की विशेषता वाली ये सफेद ऊर्ध्वाधर धारियां संचार के लिए आवश्यक हैं।

## ईरान और आईएईए के बीच परमाणु समझौते पर चर्चा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने स्थाई परमाणु समझौते तक पहुं. चने के लिए सार्थक सहभागिता और बातचीत पर जोर दिया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इस सप्ताह की दूसरी फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने ईरान-अमे. रिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा की। आईआरएनए के मुताबिक, बुधवार को अपनी पिछली फोन कॉल में अराघची और ग्रॉसी ने जिनेवा में ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता के परिणामों की समीक्षा की और बातचीत के ढांचे का मसौदा तैयार करने और कार्यप्रणाली विकसित करने पर चर्चा की।

# रीमा दास को मिला क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन पुरस्कार

## भारत की मशहूर लेखिका अरुंधती, मीरा समेत कई ने किया बर्लिन फिल्म महोत्सव का विरोध

**बर्लिन।** प्रशंसित फिल्म निर्माता रीमा दास ने अपनी फिल्म 'नॉट ए हीरो' के लिए 'बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026' में 'क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन' पुरस्कार जीता है। पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था। इसमें जूरी ने फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा है।

असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में बनी इस फिल्म को पिछले सप्ताह प्रतियोगिता के 'जेनरेशन के प्लस' खंड में प्रदर्शित किया गया था। चिल्ड्रन जूरी 'जेनरेशन के प्लस' के सदस्यों में वाल्टर मोरित्ज अरंड्स, गुस्ताव अर्न्ज, थाबानी डाबुलमान्जी, रोजा सोफी क्रास्जनाहोरकाई, वेरा मार्श, एमिर एफे ओजेरन और अल्मा सोफिया विलानेवा बुलेमर शामिल थे। रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता



**■ रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है**

है। वहां के वातावरण में अपनी ताकत और साहस की नई परिभाषा ढूंढता है। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रीमा दास की यह लगातार तीसरी फिल्म थी, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार यह फिल्म फेस्टिवल न सिर्फ भारतीय फिल्मकार रीमादास की फिल्म को पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है, बल्कि भारत की मानवाधिकार कार्यकर्ता और मशहूर लेखिका अरुंधति राय समेत कई कलाक. ार-फिल्मकारों के समारोह का बहिष्कार करने की वजह से भी चर्चा में है। समारोह को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब जूरी अध्यक्ष और दिग्गज फिल्मकार विम वेंडर्स ने महोत्सव की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिल्मकारों को 'राजनी. ति से दूर रहना चाहिए'। जब उनसे गाजा संघर्ष और उसमें जर्मनी की भूमिका पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्में दुनिया बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक तरीके से नहीं। भारत की मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय ने विम वेंडर्स के इस बयान के विरोध में समारोह से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने विम वेंडर्स की टिप्पणी को हैरान करने वाला बताया। श्रीमती रॉय ने कहा कि जब मानवता के खिलाफ अपराध हो रहे हों, तब यह कहना कि कला को राजनीतिक नहीं होना चाहिए, यह बातचीत बंद करने का तरीका है। उन्हें अपनी 1989 की फिल्म 'इन ह्विवच एनी गिव्स इट दोज वंस' की स्क्रीनिंग के लिए वहां जाना था। समारोह का बहिष्कार करने वालों में श्रीमती रॉय के अलावा प्रमुख लोगों में फिलिस्तीनी फिल्मकार अकीम कवासमी और ईरानी-जर्मन कलाकार मैरी लोहानी भी शामिल हैं। इन्होंने समारोह के चुनिंदा मानवाधिकार स्टैंड के विरोध में अपनी भागीदारी वापस ले ली। समारोह पर आरोप लगा कि वह 'चुनिंदा मानवाधिकार' का पालन कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड के लिए हॉस्पिटल बोट भेजने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड में 'हॉस्पिटल बोट' भेज रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि लुइजियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर हम ग्रीनलैंड में एक बड़ा हॉस्पिटल बोट भेजने जा रहे हैं, ताकि वहां के उन कई बीमार लोगों की देखभाल की जा सके जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है। यह रवाना हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस पोस्ट के साथ हॉस्पिटल बोट की प्रतीकात्मक तस्वीर साझा की है, जिस पर अमेरिकी झंडा लगा हुआ है।

### चीन की रेलवे ने 258 मिलियन पैसेंजर ट्रिप हैंडल किए

**बीजिंग।** चीन में इस वर्ष 40 दिनों तक चलने वाले 'वसंत महोत्सव' यात्रा में अब तक 25.8 करोड़ यात्रियों ने रेल से यात्रा की है। राष्ट्रीय रेलवे ऑपरेटर ने रविवार को बताया कि यात्रा की यह अवधि अपना आधा पड़ाव पार कर चुकी है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 2026 के वसंत महोत्सव यात्रा सीजन के 20वें दिन यानी 21 फरवरी को करीब एक करोड़ 72 लाख यात्रियों ने सफर किया। ऑपरेटर को उम्मीद है कि रविवार को भी यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा बनी रहेगी।

### लीबिया के तटीय इलाके में सात प्रवासियों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली के पूर्व स्थित तटीय शहर कसर अल-अख्यार के एक समुद्र तट पर कम से कम सात प्रवासियों की मौत हो गई है। जांच अधिकारियों के अनुसार, समुद्र की अशांत स्थिति के कारण संभावित लापता व्यक्तियों की संख्या का अभी ठीक-ठीक पता नही चला है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार इस घटना की जानकारी दी। रिपोर्ट में कसर अल-अख्यार पुलिस स्टेशन के एक न्यायिक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एक महिला और एक बच्चे समेत इन सात प्रवासियों के शव समुद्री लहरों के साथ बहकर तट पर आ गए थे।

### सर्बिया के वकीलों और जजों ने नए कानूनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया

**बेलग्रेड।** सर्बिया में वकीलों और जजों ने मौजूदा और नए कानूनों में बदलाव के खिलाफ बेलग्रेड में एक विरोध-प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह आजादी पर प्रतिबंध लगाता है। वकीलों और जजों का यह शांतिपूर्ण 'मार्च फॉर जस्टिस' शनिवार को सर्बियाई कर्मचारी भवन से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़कों से होते हुए संगठित अपराध अभियोजन कार्यालय (जेटीओके) के मुख्यालय तक गया।

# पाक की अफगान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

## सभी मृतक एक परिवार के, पाक बोलाः टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मधाती हमलों का बदला लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था।

पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (आईएचआरएफ) के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरा. ेप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमे. रिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था।

समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया एयरस्ट्राइक से कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। 16 फरवरी को पाकिस्तान के बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई थी। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया था। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुता. बिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। इस्लामाबाद में 6 फरवरी को हुए आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई थी। अक्टूबर में सीमा पर हुई झड़पों में दोनों तरफ के सैनिकों और नागरिकों की मौत के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं।



**■ हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराएः पाक**

### अफगान ने पाक के हवाई हमलों का जवाब देने की दी चेतावनी

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के आक्रामकता वाले कृत्य का सही समय पर नपा-तुला और उचित जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान के इस हमले में बीस से अधिक अफगानी नागरिक मारे गए हैं। इससे पहले आज सुबह अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मंत्रालय के जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में मदरसों और आवासीय भवनों सहित कई नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप, महिलाओं और बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक हताहत हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने अफगानिस्तान की संप्रभुता के इस खुले उल्लंघन की निंदा करते हुए इसे आपराधिक कृत्य बताया है। मंत्रालय ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून, अच्छे पड़ोसी के सिद्धांतों और इस्लामी मूल्यों का घोर उल्लंघन करार दिया है।

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका

**कैनावेरल।** नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है। इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी। नासा चीफ इसाकमैन ने कहा कि मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं।

यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे। इसाकमैन ने कहा कि विशाल. काय एसएलएस रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान को तकनीकी समस्याओं की जांच करने और आवश्यक मरम्मत करने के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में स्थित वाहन असेंबली बिल्डिंग में वापस लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में पूरी जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि लगभग 10 दिनों तक चलने वाले बहुप्रतीक्षित आर्टेमिस-2 मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के उपग्रह की परिक्रमा करने वाले थे। यह अमे. रिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, यह लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक अपने पहले मानवयुक्त मिशन को पूरा करना है। चीन का मानवरहित चांगश्ई 7 मिशन 2026 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज के लिए लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

**■ टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च केप**

# पूरे पश्चिमी एशिया पर इजरायल का नैतिक अधिकारः अमेरिकी राजदूत

**काहिरा/रियाद।** अरब लीग, मिस्र और सऊदी अरब ने शनिवार को इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि इज़रायल को पूरे पश्चिमी एशिया पर दावा करने का अधिकार है।

अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल-गैत ने एक बयान में कहा कि हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान उस समय भावनाओं को भड़काने और धार्मिक तथा राष्ट्रीय संवेदनाओं को उकसाने का काम करते हैं, जब देश गाजा में संघर्षविराम को लागू करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं और 'शांति की दिशा में गंभीर राजनी. तिक प्रक्रिया शुरू करने के अवसर को भुनाने' का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इन टिप्पणियों पर 'आश्चर्य' व्यक्त करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का 'खुला उल्लंघन' बताया। मंत्रालय ने अपने बयान में दोहराया कि इज़राइल का कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों या किसी अन्य अरब भूमि पर 'कोई संप्रभुता अधिकार नहीं' है और पश्चिमी तट को हड़पने या उसे गाजा पट्टी से अलग करने के किसी भी प्रयास को 'सिरे से खारिज' किया। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने भी हकाबी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे बयान खतरनाक मिसाल कायम करते हैं और क्षेत्र के देशों तथा अमेरिका के बीच संबंधों के प्रति उपेक्षा को दर्शाते हैं।

**■ हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं: अहमद**


## इजरायल पर अमेरिकी राजदूत के बयान पर भड़के इस्लामी देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान रविवार को उन 13 अन्य देशों के साथ शामिल हो गया, जिन्होंने इजरायल में अमेरिकी राजदूत के बयान की निंदा की है। मामले में अमेरिकी राजदूत ने बाइबिल के उस विचार से सहमति जताई थी, जिसमेंइजरायल को प्रमुख अरब इलाकों पर नियंत्रण करने का अधिकार बताया गया था। अमे. रिकी राजदूत माइक हकाबी ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में यह बात कही। फॉक्स न्यूज के पूर्व एंकर टकर कार्लसन ने उनसे पूछा था कि क्या बाइबिल के अनुसार इराक की यूफ्रेट्स नदी और मिस्र की नील नदी के बीच का इलाकाइजरायल का है। इस पर हकाबी ने जवाब दिया कि अगर वे (इजरायल) यह सब ले लें, तो यह ठीक रहेगा।

# ईरान ने ईयू के सदस्य देशों की सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित किया

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने के 'अवैध और अनुचित' फैसले के जवाब में उठाया गया है। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत है। इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है। इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। यूरोपीय संघ की परिषद ने पिछले महीने विदेश मंत्रियों के बीच हुए एक राजनीतिक समझौते के बाद गुरुवार को औपचारिक रूप से आईआरजीसी को आतंकी सूची में शामिल कर लिया था। इस सूची में शामिल होने के बाद यूरोपीय संघ के आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में घोषित संगठन के धन, अन्य वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधनों को 'फ्रीज' करना शामिल है। यूरोपीय संघ का यह कदम हाल के दिनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहां अमेरिका अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है और ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमलों की बार-बार चेतावनी दे रहा है।



**■ यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत**

# ईरान के विश्वविद्यालयों में छात्रों ने किए विरोध प्रदर्शन

## छात्रों ने रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शन में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

**तेहरान।** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर 'तानाशाह मुर्दाबाद' के नारे लगाए। रिपोर्ट में 'यूनाइटेड स्टूडेंट्स' टेलीग्राम चैनल के हवाले से कहा गया कि मशहद के फ़िरदौसी विश्वविद्यालय, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किए। साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी और शरीफ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनकारियों ने यह नारा भी लगाया कि हम अपने साथियों के खून की कसम खाते हैं, हम अंत तक डटे रहेंगे। इस बीच, छात्र समाचार पत्र 'खाजे नसीर न्यूज़लेटर' के अनुसार, तेहरान स्थित खाजे नसीर विश्वविद्यालय के सैयद खंदान परिसर में रविवार सुबह सुरक्षा कड़ी कर दी गई। छात्र उन लोगों की याद में 40वें दिन का स्मरण कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे थे, जो हालिया प्रदर्शनों में मारे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, परिसर में प्रवेश केवल एक द्वार से सीमित कर दिया गया और सुरक्षा बलों के समन्वय से कई बसीज सदस्य कैंपस में दाखिल हुए। न्यूज़लेटर ने दावा किया कि बसीज एजेंट छात्रों की पहचान करने, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक या कानूनी मामले तैयार करने और प्रस्तावित सभा को हिसा की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, नए सेमेस्टर की शुरुआत पर शनिवार को भी कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए, जिनमें से कुछ स्थानों पर उनकी झड़पें सरकार समर्थक समूहों से हुईं। ये प्रदर्शन उन लोगों की याद में होने वाले पारंपरिक 40वें दिन के शोक समारोहों के साथ हुए, जो पिछले महीने के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। बताया गया है कि ये घटनाएं 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद देश में सबसे भीषण आंतरिक अशांति में शामिल हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कथित तौर पर शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में मार्च करते छात्र ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को 'हत्यारा नेता' बताते हुए नारे लगा रहे हैं और अपदस्थ शाह के निर्वासित पुत्र रेजा पहलवी को नया शासक बनाने की मांग कर रहे हैं।



# निक जोनास 'जुमांजी-3' मे फिर से करेंगे काम

**वॉशिंगटन।** हॉलीवुड गायक-अभिनेता निक जोनास 'जुमांजी' के अगले भाग में फिर से काम करेंगे। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि वह ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के अगले भाग में जेफरसन 'सीप्लेन' मैकडोनो की अपनी भूमिका को फिर से अभिनीत करेंगे। फिल्म 11 दिसम्बर, 2026 को विश्व स्तर पर रिलीज होगी। निक जोनास ने सोशल मीडिया पर एक्शन-एडवेंचर सीरीज में अपनी वापसी की घोषणा की। उन्होंने लिखा कि हम वापस आ रहे हैं। जुमांजी राउंड 3 में। उन्होंने पायलट अवतार में वापस आने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उनकी अभिनेत्री पत्नी प्रियंका चोपड़ा ने उन्हें प्रोत्साहित किया। नई फिल्म 'जुमांजी 3' का प्रोडक्शन नवम्बर 2025 में लॉस एंजिल्स में शुरू हुआ और अभी इसकी शूटिंग चल रही है। जोनास पहली बार फैंचाइजी के रिवाइवल में सीप्लेन के रूप में दिखाई दिए थे और तब से वे इसका एक अहम हिस्सा बन गए हैं। वे सह अभिनेता ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन, जैक ब्लैक, केविन हार्ट और कैरेन गिलन के साथ फिर से जुड़ेंगे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108